# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2022

# साइबर अपराध से आजादी पर कार्यशाला

डोहरिया बाजार (एसएनबी)। चिलुआताल थाना के मजनू चौकी अर्न्तगत ग्राम सभा काजीपुर में आजादी के 75वें वर्ष पर आजादी का अमृत महोत्सव के अर्न्तगत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें साइबर अपराध पर विस्तृत रूप से चर्चा एवं जन जागरण करते हुये उससे बचाव के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुये पुर्ण जानकारी दी गयी इस दौरान साइबर थाना प्रभारी छविनाथ सिंह द्वारा मुख्य अतिथि एसपी ट्रैफिक सहित आये अतिथियो को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एसपी ट्रैफिक महेन्द्र पाल सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर किया गया। उप निरीक्षक उपेन्द्र कुमार सिंह ने साइबर अपराध पर प्रकाश डालते हुये वताया कि साइबर अपराधियो के झांसे में आकर अपनी ओटीपी व अन्य जानकारी साझा ना करें। अंजान विडियो काल को कभी फलो ना करें, अंजान काल पर कोई भी जानकारी साझा ना करें कार्यक्रम को लखनउ से आये कलाकार इन्द्रपाल, रीमा यादव एण्ड पार्टी द्वारा साइबर अपराध पर नुक्कड नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया साथ ही कलाकारो द्वारा आये हुये लोगो को साइबर अपराध हो जाने पर तत्काल 1990 नम्वर डायल कर तत्काल सहायता प्राप्त करने का सुझाव दिया गया एसपी ट्रैफिक ने अज्ञात चोर से सावधान रहने पर जोर दिया साइवर अपराध से वचने के लिये समाज को शिक्षित एवं शिक्षा पर जोर दिया।

उक्त अवसर पर चिलुआताल थाना प्रभारी विनोद अगिहोत्री ,मजनू चौकी प्रभारी गुरुप्रसाद अपने दल वल के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम सीओ कैम्पियरगंज अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एवं एसपी टैफिक महेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

# बड़हलगंज में खनन करने वाली चार गाड़ियां सीज

बड़हलगंज (एसएनबी)। वडहलगंज कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में रात हो रहे अवैध मिट्टी खनन करते हुए पुलिस ने छापेमारी लिया। मौके पर कागजात मांगे जाने पर चालक कागजता नहीं दिखा सके जिसके आधार पर मिट्टी लदी गाड़ियों को थाने पर



अवैध खनन में सीज गाड़ियां।

कर चार ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर सीज कर दिया।

कोतवाल मधुपनाथ मिश्र ने वताया कि क्षेत्र के वेलसड़ा गांव में वुधवार की रात में अवैध मिट्टी खनन करने की जानकारी मिली जहां पुलिस टीम ने छापेमारी कर चार ट्रैक्टर ट्राली पकड़कर लाकर सीज कर दिया। कोतवाल ने वताया कि क्षेत्र में किसी को भी अवैध वालू मिट्टी का खनन करने का कोई आदेश नहीं है। अगर कहीं भी कोई अवैध खनन करते पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# चोरी के मामले में तीन वनकर्मियों के खिलाफ केस

खोराबार (एसएनबी)। खोराबार इलाके में तिरकोनिया रेंज के जंगल में लकड़ी काटकर बेचने के मामले में वन विभाग के उच्च अधिकारी के निर्देश पर तीनकोनिया रेंज के रेंजर रामसूरत यादव की तहरीर पर बुधवार को खोराबार थानें में तीन वन कर्मीयों के खिलाफ धारा 379, वन अधिनियम 26, 41 व 42 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया हैं।

**कुसम्ही जंगल के रामगढ़ के कम्पार्ट न0 7 का मामाला**

**जंगल में गिरे पेड़ को काटकर चोरी करने के मामले में दर्ज हुआ केस**

जानकारी के अनुसार रेंजर रामसुरत यादव ने खोराबार थानें पर तहरीर देकर बताया हैं कि 5 जून 2022 को करीब 4 बजे तीनकोनिया रेंज के रामगढ़ वीट के कक्ष संख्या 7 में लाट सख्या 217,2021 में गिरे हुए 12 सागौन के पेड़ों को आरोपियों द्धारा खुले स्थान से चोरी करके और बोटा बनाकर उठा ले गये ।पेड़ बरसात के मौसम में हुए जलजमाव से गिर गये थें।

रेंजर की तहरीर पर खोराबार पुलिस रामसमुझ वर्मा स्केलर वन निगम एवं ठेकेदार , विजय पुत्र भीम सिंह ठेकेदार व विनोद पुत्र रामानंद श्रमिक निवासी गण इंदूपुर थाना गौरीबाजार जिला देवरिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है ।

# गंभीर धाराओ में युवक पर केस दर्ज

खोराबार (एसएनबी)। खोरावार थाने के एक गांव की अनुसूचित जाति की किशोरी से घर में घुसकर छेडखानी करने , मारने पीटने एवं धमकी देने के आरोप में गांव के एक युवक के खिलाफ किशोरी की माँ की तहरीर पर वुधवार को धारा 354, 504, 506 आई पी सी व 7/8 पाक्सो एक्ट तहत खोरावार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है ।

जानकारी के अनुसार मंगलवार शायंकाल 7 वजें किशोरी के माता पिता गांव में किसी काम से गयें थे। उसी दौरान गांव का युवक किशोरी के घर में घुस गया। उस समय किशोरी घर में अकेली थी। युवक उसके साथ छेडखानी करने लगा । शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी युवक किशोरी को मारापीट कर जान मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। माता पिता जव घर आयें तो किशोरी ने आपवीती वताई। पीड़िता की माँ के तहरीर पर पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज करके जाँच पड़ताल कर रही है ।

# सूबे के 69 डिप्टी एसपी इधर से उधर

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लखनऊ।

डीजीपी मुख्यालय ने डिप्टी एसपी रैंक के 69 अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया। इनमें से 29 अधिकारियों को निरीक्षक से डिप्टी एसपी के पद पर प्रोन्नत होने के बाद नई जगह तैनाती दी गयी है। डीजीपी मुख्यालय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक निरीक्षक से डिप्टी एसपी बने अधिकारियों में अयोध्या में तैनात अनिल कुमार सचान को कानपुर स्थित साइबर क्राइम थाना में डिप्टी एसपी के पद पर तैनात किया गया है। इसी तरह सहकारिता प्रकोष्ठ में तैनात मीनाक्षी शर्मा को मेरठ का मंडलाधिकारी, रीता शुक्ला को मेरठ पीएसी में सहायक सेनानायक, अभिसूचना में तैनात महेश त्यागी को सीबीसीआईडी बरेली सेक्टर में डिप्टी एसपी, सुरक्षा मुख्यालय में तैनात विजय कुमार सिंह को वहीं पर डिप्टी एसपी, एलआईयू अलीगढ़ में तैनात नीलम शर्मा को साइबर क्राइम थाना में डिप्टी एसपी, ईओडब्ल्यू मुख्यालय में तैनात परवेज आलम को पीएसी मुरादाबाद में सहायक सेनानायक और रायबरेली अभिसूचना में तैनात संजीव कुमार को कुशीनगर एयरपोर्ट पर चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर बनाया गया है।

**29 निरीक्षकों को डिप्टी एसपी बनने के बाद मिली तैनाती**

**कानपुर समेत तीन एयरपोर्ट में चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर तैनात**

इसी तरह अभिसूचना मुख्यालय में तैनात मंजू शुक्ला को वहीं पर डिप्टी एसपी बनाया गया है। मिर्जापुर में तैनात राजेश कुमार राय को चंदौली में सीओ बनाया गया है। पीटीएस मेरठ में तैनात सुनील शर्मा को सीबीसीआईडी मेरठ, सुल्तानपुर में तैनात नरसिंह नारायण शर्मा को पीएसी प्रयागराज, हाथरस में तैनात मनोज कुमार शर्मा को हाथरस भेजा गया है। इसी तरह सुनील कुमार राय को महराजगंज से रेलवे बलिया, अविनाश चंद्र सिन्हा को भदोही से क्राइम ब्रांच वाराणसी में सीओ, सीबीसीआईडी मुख्यालय में तैनात कमल सिंह चौहान को वहीं पर डिप्टी एसपी, आलोक सक्सेना को जालौन में ही डिप्टी एसपी, मुरादाबाद में तैनात प्रभा सिंह को नौवीं वाहिनी पीएसी में सहायक सेनानायक, सतीश कुमार सिन्हा को खाद्य प्रकोष्ठ में ही डिप्टी एसपी, शैलेंद्र कुमार शर्मा को फिरोजाबाद में ही डिप्टी एसपी, प्रमोद कुमार झा को सीबीसीआईडी मुख्यालय में ही डिप्टी एसपी, सुधा चौधरी को लखनऊ में सहायक पुलिस आयुक्त एलआईयू, डॉ. विजय लक्ष्मी पांडेय को ईओडब्ल्यू मुख्यालय से पीटीसी गोरखपुर, अल्पना घोष को भर्ती बोर्ड से साइबर क्राइम थाना लखनऊ, दिनेश कुमार को ईओडब्ल्यू से संभल में सीओ, सुनीता सिंह को सीबीसीआईडी से रेलवे प्रयागराज, संजय कुमार सिंह को भर्ती बोर्ड से प्रयागराज, राजकुमार सिंह यादव को सतर्कता अधिष्ठान से चतुर्थ वाहिनी पीएसी प्रयागराज और सुशील कुमार सिंह को एटीएस मुख्यालय में ही डिप्टी एसपी बनाया गया है।

**40 डिप्टी एसपी का हुआ तबादला** :- इसके अलावा जिन डिप्टी एसपी का तबादला किया गया है, उनमें शिव स्वरूप को पावर कारपोरेशन से 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर, संगीता सिंह को मंडलाधिकारी सहारनपुर से एसीओ मेरठ, गिरीश कुमार सिंह को डीजीपी मुख्यालय से आगरा, शिवनारायण को पीटीसी सीतापुर से 30वीं वाहिनी पीएसी गोण्डा, ज्योत्सना मिश्रा को मंडलाधिकारी मिर्जापुर से एलआईयू प्रयागराज, देव नारायण यादव को 26वीं वाहिनी गोरखपुर से 42वीं वाहिनी प्रयागराज, फूलचंद्र राम को कुशीनगर से 20वीं वाहिनी आजमगढ़, शेषमणि पाठक को चंदौली से भर्ती बोर्ड, कृष्णकांत शुक्ला को अंबेडकरनगर से एडीजी पीएसी का स्टाफ आफिसर, दिनेश कुमार सिंह को आगरा से 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, अतुल अंजान त्रिपाठी को प्रतापगढ़ से वाराणसी ग्रामीण, वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव को जालौन से मंडलाधिकारी गोरखपुर, गोपाल सिंह को संभल से 15वीं वाहिनी आगरा, रणविजय सिंह को जौनपुर से 8वीं वाहिनी बरेली, ओजस्वी चावला को मिर्जापुर से बदायूं, अखिलेश राजन को हमीरपुर से ईओडब्ल्यू मुख्यालय, सुरेश कुमार को बुलंदशहर से 47वीं वाहिनी गाजियाबाद, जगबीर सिंह चौहान को बलिया से 41वीं वाहिनी गाजियाबाद, राजकुमार सिंह द्वितीय को मऊ से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त, संजीव कुमार दीक्षित को मेरठ से एसटीएफ, विमल कुमार सिंह को गोरखपुर से एसटीएफ, गुरमीत सिंह को अमेठी से पीटीसी सीतापुर, जगदीश कालीरमन को वाराणसी ग्रामीण से आरटीसी चुनार, इंदु सिद्धार्थ को अलीगढ़ से बिजनौर, राजीव प्रताप सिंह को मऊ से सीएम सिक्योरिटी, धीरेंद्र कुमार उपाध्याय को महराजगंज से डीजीपी मुख्यालय में डिप्टी एसपी कानून-व्यवस्था, जितेंद्र कुमार रस्तोगी को बुलंदशहर से 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर, आलोक कुमार अग्रहरि को मुरादाबाद से सीबीसीआईडी मुख्यालय, संतोष कुमार द्वितीय को जालौन से साइबर क्राइम थाना आगरा, शाहिदा नसरीन को जालौन से साइबर क्राइम थाना गोण्डा, अनुज मिश्रा को बागपत से कानपुर एयरपोर्ट का चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर, सियाराम को बांदा से बरेली एयरपोर्ट का चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर, मोहम्मद रिजवान को सहारनपुर से सहकारिता प्रकोष्ठ मुख्यालय, राजेंद्र कुमार सिंह द्वितीय को मंडलाधिकारी गोरखपुर से 32वीं वाहिनी लखनऊ, शैलजा मिश्रा को सतर्कता अधिष्ठान से मुरादाबाद, अतुल कुमार यादव को एटीएस से साइबर क्राइम थाना प्रयागराज, समीक्षा यादव को सहकारिता प्रकोष्ठ से ईओडब्ल्यू मेरठ, मोनिका यादव को वीमेन पावर लाइन से 38वीं वाहिनी अलीगढ़, मिथलेश कुमार तिवारी को भर्ती बोर्ड से एसडीआरएफ और एहसानउल्ला खान को एसडीआरएफ से भर्ती बोर्ड भेजा गया है।

# कैमरा लगवाने से अपराधियों का हौसला होगा पस्त

जगदीशपुर (एसएनबी)। खोरावार थाना क्षेत्र के जगदीशपुर कस्वे में व्यापारियों के साथ जगदीशपुर पुलिस ने मीटिंग किया।

मीटिग में व्यापारियों से अपील किया गया कि आप लोग अपने दुकान पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरा लगवाएं जिससे कोई जालसाजी या कोई अपराध न कर पाये । यदि कोई अपराध करता है तो वदमाशों को आसानी से पकड़ने में मदद मिलेगी। चौकी प्रभारी आशुतोष राय ने वताया कि मोवाइल पर वैंक के लोग कभी ओटीपी नहीं मांगते है यदि कोई जालसाज ओटीपी पूछता है तो वताइए मत नहीं तो आपका वैंक अकाउंट खाली हो सकता है। यदि किसी व्यापारियों के साथ साइवर क्राइम हो रहा तो आप लोग तत्काल पुलिस को सूचना दें।

**चौकी प्रभारी ने व्यापारियों के साथ किया मीटिंग**

मीटिंग में भाजपा नेता राजेंद्र पांडेय, टिंकू जयसवाल, नीलेश जायसवाल, अभय वर्मा, प्रमोद जायसवाल, शिवानन्द जायसवाल, गौरव यादव प्रधान जगदीशपुर, फिरोज खान प्रधान चनकापुर, सुधीर पासवान,प्रधान प्रतिनिधि कैथवलिया, प्रिंस मल, हरेन्द्र शुक्ला, अमित जायसवाल, भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राहुल जायसवाल, नीलेश जायसवाल, दीपक जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# स्वर्ण व्यापारी पर हमले के 2 आरोपित अरेस्ट

**कोतवाली के इस्माइलपुर में हुई घटना, दर्ज है हत्या की कोशिश का केस**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (8 June):** कोतवाली एरिया के इस्मालपुर में कूड़ा फेंकने से मना करने पर स्वर्ण व्यापारी ओमप्रकाश कुशवाहा और उनके परिवार पर हमला करने के दो आरोपी को बुधवार को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया. बदमाशों ने लाठी-डंडे, चाकू व लोहे की रॉड से हमला कर महिलाओं समेत पांच लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था. अभी तीन लोग जिला अस्पताल में भर्ती हैं. पकड़े गए आरोपियों की पहचान हीरालाल कुशवाहा और रिंकू उर्फ अमर के रूप में हुई हैं.

## कूड़े को लेकर हुआ विवाद

जानकारी के मुताबिक, ओमप्रकाश कुशवाहा की अलीनगर में सोने-चांदी की दुकान है. इस्मालपुर स्थित मकान में परिवार के साथ रहते हैं. व्यापारी के घर के सामने ही हीरा कुशवाहा का परिवार रहता है. आरोप है कि रोजाना ही हीरा के घरवाले व्यापारी के घर के सामने कूड़ा फेंक देते हैं. गली सकरी होने की वजह से परेशानी होती है. दुर्गंध उठती है. सोमवार सुबह जब हीरा पक्ष के लोगों ने व्यापारी के घर के सामने कूड़ा फेंका तो ओमप्रकाश की पत्नी ने आपत्ति जताई. इसपर बदमाश अराजक हो गए और गालीगलौज करने लगे. मना करने पर ईंट, लाठी-डंडा व चाकू से लैस होकर हमला कर दिया था. इस घटना में स्वर्ण व्यापारी ओमप्रकाश, उनकी बेटी साक्षी कुशवाहा, अभिमन्यु कुशवाहा, दीपक, रामू कुशवाहा घायल हो गए. साक्षी कुशवाहा, अभिमन्यु कुशवाहा और दीपक को गंभीर चोटें आई हैं. इन सबको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस तहरीर के आधार पर हत्या की कोशिश, मारपीट, धमकी देने सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया था. बुधवार को दो आरोपियों को जेल भेजा.

> **जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों को अरेस्ट कर बुधवार को जेल भिजवा दिया गया. अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है.**
>
> **कल्याण सिंह सागर,**
> इंस्पेक्टर, कोतवाली

# अब सिविल डिफेंस भी करेगा ट्रैफिक रूल से अवेयर

**गोरखपुराइट्स को ट्रैफिक सेंस बताने के लिए सड़को पर उतरी सिविल डिफेंस की महिलाएं**

IMPACT

gorakhpur@inext.co.in

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



**GORAKHPUR (8 June):** गोरखपुराइट्स को ट्रैफिक सेंस सिखाने के लिए अब सिविल डिफेंस की टीम भी सड़कों पर उतर आई हैं. कुछ लोग मान भी जा रहे हैं तो वहीं कुछ लोगों से बहस भी हो रही है, लेकिन इसके बाद भी वह जी-जान से लोगों को ट्रैफिक रूल सिखाने में लग गई हैं. गुरुवार को गणेश चौराहे पर सिविल डिफेंस की सेक्टर वार्डन रागिनी सिंह जायसवाल टीम के साथ लोगों को अवेयर करती नजर आईं.

### लगातार करेंगी अवेयर

गोरखपुर के ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने और गोरखपुराइट्स को ट्रैफिक सेंस सिखाने के लिए महिलाएं आगे आ रही हैं. ट्रैफिक सिग्नल पर आपको यलो कलर के ड्रेस पहनी हुई महिलाएं मिल जाएंगी, जो आपको न सिर्फ ट्रैफिक रूल रेगुलेशन के बारे में जानकारी देंगी. बल्कि सिगनल के यलो, रेड, ग्रीन लाइट के मायने भी समझाएंगी. पुरुष, महिला और टीनेजर्स के लिए खासतौर पर अवेयरनेस कैंपेन स्टार्ट किया गया है.

### ट्रैफिक सेंस में मिलेगी मदद

सिविल डिफेंस कोतवाली प्रभाग व यातायात पुलिस गोरखपुर के संयुक्त सहयोग से ट्रैफिक पुलिस को काफी मदद मिलेगी. गुरुवार को कोतवाली प्रखंड की महिला वार्डनों ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर शहर के मुख्य चौराहों पर लोगों को अवेयर किया. इस मौके पर उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह, सहायक उपनियंत्रक बनवारी लाल, डिवीजनल वार्डेन कोतवाली विकास जालान, स्टाफ अफसर मनौव्वर सुल्ताना, पोस्ट वार्डेन अमर नाथ जायसवाल, सेक्टर वार्डेन आरजू खान, समृद्धि चौरसिया, हुमैरा खातून, प्रीति शर्मा, तंजीला, माहेजबी, खुशी शर्मा, रीतिका मिश्रा, दिव्या गुप्ता, शालिनी वर्मा सहित यातयात पुलिस के ट्रैफिक इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर शामिल रहे.

# 29 पीपीएस समेत 69 डीएसपी का तबादला

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। डीजीपी डॉ. डीएस चौहान ने बुधवार को प्रांतीय पुलिस सेवा के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) स्तर के 69 अफसरों का तबादला कर दिया। इसमें इंस्पेक्टर से डीएसपी पद पर हाल ही में प्रोन्नत हुए 29 अफसर भी शामिल हैं।

एडीजी प्रशासन पीसी मीना की तरफ से जारी आदेश के अनुसार पॉवर कार्पोरेशन लखनऊ में तैनात डीएसपी शिव स्वरूप को सहायक सेनानायक 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर, मंडलाधिकारी सहारनपुर संगीता सिंह को डीएसपी भ्रष्टाचार निवारण संगठन मेरठ, डीएसपी डीजीपी मुख्यालय लखनऊ गिरीश कुमार सिंह को डीएसपी आगरा, डीएसपी पीटीसी सीतापुर शिव नारायण को सहायक सेनानायक 30वीं वाहिनी पीएसी गोण्डा, मंडलाधिकारी मिर्जापुर ज्योत्सना मिश्रा को डीएसपी एलआईयू प्रयागराज, डीएसपी चंदौली शेणमणि पाठक को डीएसपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ, डीएसपी अंबेडकरनगर कृष्णकांत शुक्ल को डीएसपी/स्टाफ आफिसर एडीजी पीएसी लखनऊ, डीएसपी प्रतापगढ़ अतुल अंजान को डीएसपी ग्रामीण वाराणसी बनाया गया है।

वहीं डीएसपी ग्रामीण वाराणसी जगदीश रमन काली को डीएसपी आरटीसी चुनार मिर्जापुर, डीएसपी अलीगढ़ इंदु सिद्धार्थ को डीएसपी बिजनौर, डीएसपी मऊ राजीव प्रताप सिंह को डीएसपी मुख्यमंत्री सुरक्षा लखनऊ, डीएसपी महराजगंज धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय को डीएसपी कानून-व्यवस्था डीजीपी मुख्यालय लखऊ, डीएसपी बुलंदशहर जितेन्द्र कुमार रस्तोगी को सहायक सेनानायक 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर, डीएसपी जालौन संतोष द्वितीय को डीएसपी साइबर क्राइम थाना आगरा, डीएसपी जालौन स्थानांतरित किया गया है।

# अपहृत किशोरी का एक माह बाद भी पता नहीं

गगहा। गगहा क्षेत्र के एक गांव से अपहृत नाबालिग छात्रा का एक माह बाद भी पता नहीं चल सका है। पीड़ित परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए डीआईजी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है। आरोप है कि आरोपितों की गिरफ्तारी न होने से वे मुकदमे में सुलह का दबाव बना रहे हैं।

16 वर्षीय छात्रा हाटा बाजार के इंटर कॉलेज में 30 अप्रैल को प्रैक्टिकल परीक्षा देने गई थी। जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू की। खोजबीन के बाद भी पता नहीं चलने पर उन्होंने गोला क्षेत्र के सकरदेइया गांव के चार लोगों पर बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

# महिला पर दलित उत्पीड़न का केस

हरपुर बुदहट। हरपुर बुदहट क्षेत्र के अतरौला में पांच जून को बच्चों के विवाद में ईंट-पत्थर से हमला करने वाली मारपीट की आरोपित महिला के खिलाफ पुलिस ने मारपीट एवं एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

सोनबरसा बाबू चौकी अंतर्गत अतरौला निवासिनी पीड़ित महिला प्रभावती देवी पत्नी हरेंद्र का लड़का दरवाजे पर खेल रहा था कि पड़ोस की इंदु पत्नी प्रमोद के लड़के से उसका विवाद हो गया। आरोप है इससपर इंदु ने प्रभावती देवी को ईंट से मारकर घायल कर दिया। उपचार के बाद प्रभावती देवी ने इंदु के खिलाफ थाने में तहरीर दिया। इसपर पुलिस ने एससएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## अवैध खनन में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडर सीज

**बड़हलगंज।** बड़हलगंज क्षेत्र के बेलसड़ा गांव में बुधवार की भोर में मुर्गी पालन केन्द्र के पास अवैध खनन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन ट्रैक्टर-ट्राली और एक लोडर को बरामद कर थाने ले गई। पुलिस ने सभी वाहनों को सीज कर दिया है।



गीडा थाना परिसर में बुधवार को योगाभ्यास करते पुलिसकर्मी।

# पुलिसकर्मियों ने निरोग रहने का सीखा गुर

पिपरौली। गीडा थाना परिसर में बुधवार को थानेदार सहित पुलिसकर्मीयो ने योग कर निरोग रहने का गुर सीखें। योग चिकित्सक मिथिलेश कुमार व ज्योति सिंह ने पुलिसकर्मीयो को प्रणायाम, सिघासन, अनलोम-विलोम सहित अन्य योगाभ्यास को बताया। योगाभ्यास में थानेदार राहुल सिंह, पिपरौली चौकी इंचार्ज बैजनाथ बिंद, मुंशी दीपक यादव, एसआई जितेंद्र कुमार आदि पुलिसकर्मी रहे।

# साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

चिलुआताल। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत बुधवार की शाम को चिलुआताल क्षेत्र के काजीपुर गांव में साइबर अपराध से बचाव को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह ने साइबर अपराध की जानकारी देते हुए बचाव के प्रति जागरूक किया ।

# युवक पर हमला करने वालों पर मुकदमा दर्ज

सहजनवा। बांसगांव क्षेत्र के घईसरा गांव से सहजनवा क्षेत्र के भीटी रावत में मंगलवार रात बारात गई थी। आर्केस्ट्रा में गाने को लेकर घईसरा निवासी सतीश व बारात में गए गौरीबाजार निवासी इंदल से विवाद हो गया। जहां सतीश को बरातियों ने पीट दिया। घायल के भाई मनीष की तहरीर पर पुलिस ने इंदल और पांच के खिलाफ केस दर्ज किया।

# व्यापारी के परिवार पर हमला करने के दो आरोपित दबोचे

गोरखपुर, निज संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के इस्मालपुर में कूड़ा फेंकने से मना करने पर स्वर्ण व्यापारी ओमप्रकाश कुशवाहा और उनके परिवार पर हमला करने के दो आरोपी को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों ने लाठी-डंडे, चाकू व लोहे की रॉड से हमला कर महिलाओं समेत पांच लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। अभी तीन लोग जिला अस्पताल में भर्ती हैं। आरोपियों की पहचान हीरालाल और हिंकु उर्फ अमर के रूप में हुई हैं।

ओमप्रकाश कुशवाहा की अलीनगर में सोने-चांदी की दुकान है। इस्मालपुर स्थित मकान में परिवार के साथ रहते हैं। व्यापारी के घर के सामने ही हीरा कुशवाहा का परिवार रहता है। आरोप है कि रोजाना ही हीरा के घरवाले व्यापारी के घर के सामने कूड़ा फेंक देते हैं। गली सकरी होने की वजह से परेशानी होती है। दुर्गंध उठती है। सोमवार सुबह जब हीरा पक्ष के लोगों ने व्यापारी के घर के सामने कूड़ा फेंका तो ओमप्रकाश की पत्नी ने आपत्ति जताई। मना करने पर ईंट, लाठी-डंडा व चाकू से लैस होकर हमला कर दिया था। इस घटना में स्वर्ण व्यापारी ओमप्रकाश, उनकी बेटी साक्षी कुशवाहा, अभिमन्यु कुशवाहा, दीपक, रामू कुशवाहा घायल हो गए। इसमें से साक्षी कुशवाहा, अभिमन्यु कुशवाहा और दीपक को गंभीर चोटें आई हैं। इन सबको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन एवं गरीब कल्याण मेला

# आज पहुंचेंगे मुख्यमंत्री योगी, कल आएंगे नड्डा

## दौरा

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आएंगे। अपने इस दौरे में मुख्यमंत्री भाजपा के गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय के लोकार्पण और सात जिलों में भाजपा के नव निर्मित जिला कार्यालय के लोकार्पण एवं गरीब कल्याण मेले (सम्मेलन) की तैयारियों का जाएजा लेंगे। शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं मुख्यमंत्री योगी पार्टी के नव निर्मित कार्यालयों का लोकार्पण करेंगे। शुक्रवार की शाम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री लखनऊ लौट जाएंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को 4.30 बजे सर्किट हाउस स्थित हेलीपैड पर उतरेंगे। वहीं से सड़क मार्ग से रानीडीहा में बने भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के लोकार्पण समारोह एवं गरीब कल्याण मेले की तैयारियों का जाएजा लेने के लिए रवाना हो जाएंगे। तैयारियों का निरीक्षण कर गोरखनाथ मंदिर लौटेंगे। माना जा रहा है कि यहां गोरक्षपीठाधीश्वर कक्ष में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर सकते हैं। शुक्रवार की सुबह सीएम योगी आदित्यनाथ जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनेंगे। उसके बाद सुबह 11 बजे भाजपा कार्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जनसभा को भी संबोधित करेंगे।





# पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ रामचरितमानस पाठ

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। भाजपा के नए क्षेत्रीय कार्यालय के शुभारंभ के उपलक्ष्य में मंगलवार से शुरू हुए अखंड रामचरितमानस पाठ का बुधवार को समापन हो गया। पूर्णाहुति के साथ आरती हुई, जिससे कार्यालय भवन परिसर भक्ति गीतों से सराबोर हो गया। 10 जून को भाजपा के नवनिर्मित क्षेत्रीय कार्यालय का भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह लोकार्पण कर गरीब कल्याण मेले को संबोधित करेंगे।

बुधवार को रामचरितमानस पाठ के समापन पर क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह एवं राज्यसभा सांसद शिव प्रताप शुक्ला ने यजमान के रूप में पूजन अर्चन की प्रक्रिया पूरी की। सभी भाजपा नेता आरती और हवन में शामिल हुए। इस दौरान पुष्पदत्त जैन, चिरंजीव चौरसिया, युधिष्ठिर सिंह, राजेश गुप्ता, विधायक प्रदीप शुक्ला, डॉ. सत्येंद्र सिन्हा, विश्वजिताशु सिंह आशु, देवेंद्र पाल, रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## सांसदनिधि से बनी सीसी रोड का हुआ लोकार्पण

भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के 100 मीटर सीसी रोड का लोकार्पण बुधवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने किया। 100 मीटर सीसी रोड एवं कवर नाली निर्माण के लिए सांसद रवि किशन ने अपनी निधि से 26.42 लाख दिए थे। लोकार्पण समारोह में महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, विधायक सहजनवां प्रदीप शुक्ला समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थ रखने के जुर्म में सजा

गोरखपुर। नशीला पदार्थ रखने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश कमालुद्दीन ने गुलरिहा थानाक्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज निकट शिव मंदिर पोखरे के पास रहने वाले अभिषेक भारती को नौ माह के कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राजू गुप्ता का कहना था कि वरिष्ठ उप निरीक्षक रामप्रवेश सिंह अपने हमराहियों के साथ चेकिंग करते हुए श्रीराम चौराहे पर पहुंचे। शताब्दीपुरम रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा जिसे पुलिस वालों ने रोका तो वह भागने लगा। पूछताछ में उसने अपना नाम अभिषेक भारती बताया और तलाशी के दौरान उसके पास से नशीली गोलियां बरामद हुई।

**बदलाव** | अंग्रेजी दफ्तर की सभी शाखाएं पर्यटन भवन में की गई हैं शिफ्ट, उखाड़ी गईं अलमारियां, समेट लिए गए दफ्तर से कुर्सी और मेज

# इतिहास बन जाएगा 118 साल पुराना अंग्रेजी दफ्तर

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। अंग्रेजों के जमाने का तकरीबन 118 साल पुराना अंग्रेजी दफ्तर भवन महीने-दो महीने में इतिहास बन जाएगा। अंग्रेजी दफ्तर में चल रहीं विभिन्न शाखाएं पर्यटन भवन में शिफ्ट कर दी गई हैं। इस ज्वाइंट बिल्डिंग से प्रशासनिक होर्डिंग-बैनर हटवाए जाने लगे हैं। अलमारियां उखाड़ ली गईं।

चकबंदी अफसरों के कार्यालय ई-डिस्ट्रिक भवन में शिफ्ट किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अंग्रेजी दफ्तर भवन ढहाने के बाद नए चार मंजिले भवन का निर्माण होगा जिसमें सभी प्रशासनिक शाखाएं



कलक्ट्रेट भवन के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू।

और एसएसपी कार्यालय है तकरीबन 200 साल पहले अग्रेजों के जमाने में बना था। इसी संयक्त भवन में पलिस

अस्तित्व शीघ्र ही खत्म हो जाएगा और यह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा। अंग्रेजों के जमाने के इस

## आरटीओ भवन में शिफ्ट होगा पुलिस कार्यालय

संयुक्त भवन के आधे हिस्से मसलन प्रशासनिक कार्यालयों को शिफ्ट किए जाने की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद इस हिस्से को ध्वस्त कर डीएम कार्यालय का निर्माण होगा। इसी के साथ एसएसपी कार्यालय और विभिन्न शाखाएं को भी ध्वस्त कराकर चार मंजिला नए एसएसपी कार्यालय भवन का निर्माण कराया जाएगा।

प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीएम कार्यालय से दक्षिणी तरफ स्थित भवन में चलने वाली विभिन्न

## 37.14 करोड़ से बनेगा नया एसएसपी दफ्तर

नया एसएसपी कार्यालय भवन 3714.89 लाख रुपये की लागत से बनवाया जाएगा। यह अत्याधुनिक भवन भी चार मंजिला होगा। भूमि तल पर पार्किंग की व्यवस्था होगी तथा तीन मंजिलों में पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाएं और अफसरों के कार्यालय बनेंगे। यह नया पुलिस कार्यालय भवन 7524.350 वर्गमीटर में बनेगा।

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि चकबंदी अधिकारियों के न्यायालयों और कार्यालयों को ई-डिस्टिक भवन



# दो दिन के दौरे पर आज गोरखपुर आएंगे योगी

गोरखपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ दो दिन के दौरे पर गुरुवार को गोरखपुर आएंगे। इस दौरान योगी भाजपा के गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय और सात जिलों में नव निर्मित जिला कार्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसमें भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी रहेंगे। P 03

# टूटने लगा 117 साल पुराना कलेक्ट्रेट भवन

## बस स्टेशन के निकट क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय भवन में स्थानांतरित होगा कलेक्ट्रेट कार्यालय

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** कलेक्ट्रेट का 117 साल पुराना भवन टूटने लगा है। जिलाधिकारी कार्यालय एवं सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय के बीच से अंग्रेजी दफ्तर यानी बड़े हाल तक जाने वाले रास्ते के ऊपर लगा टीन शेड बुधवार को ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासनिक विभाग धीरे-धीरे कार्यालय शिफ्ट करने में जुटा है। कलेक्ट्रेट कार्यालय रेलवे बस स्टेशन के पास क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय भवन में स्थानांतरित किया जा रहा है।

कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण 1903 में शुरू हुआ था और 1910 में इसे पूरा किया गया था। 1940 से लेकर अबतक इस कार्यालय में करीब 66 जिलाधिकारी बैठ चुके हैं। पीडब्ल्यूडी ने इस कलेक्ट्रेट भवन की कीमत 86 लाख रुपये आंकी है और इसे तोड़ने पर करीब 20 लाख रुपये का खर्च आएगा।

ध्वस्तीकरण से पहले मिलने वाली इस रकम को बट्टा खाते में रखा जाएगा। ब्रिटिश काल के दौरान कलेक्ट्रेट में सभी काम अंग्रेजी में होते थे। अधिकारी से लेकर अधिकतर कर्मचारी तक अंग्रेज ही होते थे, जिसके चलते इसे आम लोग अंग्रेजी दफ्तर कहते थे। कार्यालय का सबसे बड़ा हाल आज भी अंग्रेजी दफ्तर के रूप में ही जाना जाता है।



जिलाधिकारी कार्यालय को शिफ्ट करने की तैयारी पूरे जोर शोर से शुरू हो गई है। कलेक्ट्रेट परिसर में तोड़ा गया शेड ● जागरण

**65 करोड़ से बनेगा एकीकृत भवन:** ध्वस्तीकरण के बाद इसी स्थान पर एकीकृत भवन बनाया जाएगा। सभी सुविधाओं से युक्त इस भवन में जिलाधिकारी के साथ एसएसपी का कार्यालय भी होगा। नए भवन के पहले तल पर जिलाधिकारी एवं एसएसपी का कार्यालय होगा। दूसरे तल पर जिलाधिकारी का कोर्ट होगा। भूकंपरोधी तकनीक से बनने वाले इस भवन में 100 से अधिक वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था होगी। तीसरे तल पर मालखाना होगा। राजस्व का रिकार्ड भी यहीं रखा जाएगा। भवन में बैरक, पुस्तकालय, भूमि अध्याप्ति अधिकारी का कमरा, स्ट्रांग रूम, न्यायिक रिकार्ड रूम, स्टेशनरी रूम एवं किचन की भी व्यवस्था होगी। हर तल पर पहुंचने के लिए लिफ्ट भी लगाई जाएगी।

● धीरे-धीरे अस्थायी कार्यालय में पहुंचाए जा रहे कलेक्ट्रेट के सामान

"कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय भवन में सामान व दस्तावेज पहुंचाए जा रहे हैं। अधिकारियों, कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था हो चुकी है और कोर्ट रूम भी तैयार हैं। एडीएम वित्त एवं राजस्व, सीआरओ एवं एआरओ के कोर्ट अभी पुरानी जगह ही रहेंगे।

**पुरुषोत्तम दास गुप्ता**, अपर जिलाधिकारी प्रशासन

### पुरानी जगह रहेंगे एडीएम वित्त, सीआरओ एवं एआरओ के कोर्ट

कलेक्ट्रेट भवन के साथ ही एडीएम वित्त एवं राजस्व, मुख्य राजस्व अधिकारी एवं सहायक अभिलेख अधिकारी (एआरओ) का कार्यालय भी टूटना था, लेकिन लोगों की सुविधा के लिए इन तीनों अधिकारियों के कोर्ट को फिलहाल पुरानी जगह ही रहने देने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त सभी कार्यालय शिफ्ट हो जाएंगे। इन्हें बाद में स्थानांतरित किया जाएगा।

# आरोपित का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त

जासं, गोरखपुर: फर्जी व कूटरचित दस्तावेज के आधार पर मकान व जमीन कब्जा करने के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश शशि भूषण कुमार शांडिल ने रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के भरवलिया निवासी आरोपित शैलेश दूबे का जमानत प्रार्थना पत्र अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार मिश्र व राम प्रकाश सिंह का कहना था कि वादिनी नीरा राय रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के भरवलिया बुजुर्ग की निवासी है। उसके पति ने भरवलिया बुजुर्ग में फुलवां उर्फ फूला से 14 डिसमिल जमीन खरीदी थी। वादिनी के पति की मृत्यु के बाद वादिनी और उसके बच्चे का नाम दर्ज चला आ रहा है। वादिनी के घर में पूजा पाठ करने वाले स्व. सत्यनारायण दूबे के लड़के आरोपित शैलेश दूबे के मन में लालच आ गया। उसने वादिनी के बैनामाशुदा जमीन मय मकान के बाबत एक फर्जी व कूटरचित वसीयतनामा और मृत्यु प्रमाण पत्र फुलवां उर्फ फूला के नाम से बनवा लिया और कब्जा करने की फिराक में लग गया। आरोपित ने विभिन्न विभागों और उच्चाधिकारियों के समक्ष फुलवा उर्फ फूला का वसीयत और मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया और उसे असली होने का दावा किया। इसकी जानकारी होने पर वादिनी ने कूटरचित दस्तावेजों के संबंध में जन सूचना अधिकार अधिनियम के जरिए सूचना मांगी और इसकी शिकायत पुलिस से की। उसके बाद से आरोपित और उसके लड़के ध्रुव, प्रहलाद तथा आरोपित का सहयोगी देवदत दूबे वादिनी को गाली गुप्ता और जान से मारने की धमकी देने लगे।

## पैमाइश के दौरान विवाद प्रधान पर हमले का प्रयास

मुंडेरा बाजार, चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम गौनर में कुछ लोगों ने ग्राम प्रधान पर हमले का प्रयास किया है। हमलावर गांव में चकबंदी के दौरान की जा रही पैमाइश का विरोध कर रहे थे। ग्राम प्रधान कैलाश निषाद ने थाने में तहरीर देकर कहा कि गौनर के टोला विशुनपुरा में चकबंदी के लिए पैमाइश चल रही है। बुधवार को राजस्व की टीम अपना कार्य रही थी। इस दौरान कुछ लोग पैमाइश का विरोध कर रहे थे। उन्होंने ग्राम प्रधान पर फावड़े से हमला किया, लेकिन वह बाल-बाल बच गए।

# पेड़ काटने के मामले में ठीकेदार सहित तीन पर मुकदमा

## तिनकोनिया रेंज से सागौन के 12 पेड़ काटने का प्रकरण, रेंजर की तहरीर में लकड़ी चोरी का आरोप

जासं, गोरखपुर : अवैध रूप से सागौन के 12 पेड़ काटने के मामले में खोराबार पुलिस ने ठीकेदार सहित तीन व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। तिनकोनिया के रेंजर रामसूरत ने उनके विरुद्ध तहरीर देकर लापरवाही, अनदेखी व लकड़ी चोरी करने का आरोप लगाया था।

रेंजर रामसूरत यादव ने खोराबार थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते पांच जून को रामगढ़ बीट के कंपार्टमेंट नंबर सात से सागौन के 12 गिरे पेड़ को तस्कर बोटा बना उठा ले गए। जलजमाव से गिरे यह पेड़ खुले स्थान पर थे। कर्मियों की लापरवाही के चलते तस्कर पेड़ों को उठा ले गए थे। पुलिस ने वन निगम के स्केलर रामसमुझ वर्मा, ठीकेदार विजय पुत्र भीम सिंह, देवरिया के गौरी बाजार थाने के इंदूपुर निवासी श्रमिक विनोद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## सर्राफ व स्वजन पर हमला करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : सर्राफ व उनके स्वजन पर हमला करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान हीरालाल कुशवाहा व अमर के रूप में हुई हैं। अभी तीन आरोपित फरार हैं।

सर्राफा व्यापारी ओमप्रकाश कुशवाहा की अलीनगर में सर्राफा दुकान है। वह इस्माइलपुर स्थित मकान में परिवार के साथ रहते हैं। उनके घर के सामने ही हीरा कुशवाहा का परिवार रहता है। आरोप है कि रोजाना हीरा के घरवाले व्यापारी के घर के सामने कूड़ा फेंक देते हैं। गली संकरी होने के चलते आने-जाने में कठिनाई होती है। दुर्गंध अलग से झेलनी पड़ती है। सोमवार की सुबह हीरा पक्ष के लोगों ने कूड़ा फेंका तो ओमप्रकाश की पत्नी ने आपत्ति जताई। इस पर हीरा पक्ष के लोग मारपीट पर आमादा हो गए। उन्होंने ओमप्रकाश व स्वजन पर लाठी-डंडा व चाकू से हमला कर दिया। इससे ओमप्रकाश, उनकी बेटी साक्षी कुशवाहा, अभिमन्यु कुशवाहा, दीपक, रामू कुशवाहा घायल हो गए। इसमें साक्षी, अभिमन्यु व दीपक को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या की कोशिश, मारपीट, धमकी देने सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बुधवार को पुलिस ने हीरालाल व अमर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कल्याण सिंह सागर का कहना है कि दो आरोपितों को गिरफ्तार करके जेला गया है। तीन आरोपितों की तलाश की जा रही है।

**बरात से लौट रहे युवक पर हमला, मुकदमा दर्ज :** सहजनवां, बरात से लौट रहे एक युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोप में सहजनवां थाना पुलिस ने एक नामजद सहित पांच पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित सतीश पुत्र बिहारी बांसगांव थाने के घईसारा गांव के रहने वाले हैं। पीड़ित के भाई मनीष ने सहजनवां थाने में तहरीर देकर बताया कि बांसगांव थाना क्षेत्र के घईसरा गांव से एक युवक की बरात सहजनवां थाना क्षेत्र टीकू पट्टी बन्नीबारी भीटी रावत गांव में गई थी। आर्केस्ट्रा को लेकर उनके भाई सतीश व बरात गए इंदल के बीच विवाद हो गया। गांव वालों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। सतीश इसके बाद घर के लिए निकले थे। इस दौरान थाना क्षेत्र के इंडियन आयल पेट्रोल पंप के पास पीछा करते बोलेरो सवार युवकों ने सतीश की दो पहिया रोककर उसे लाठी-डंडा व चाकू से मारा पीटा। आरोपितों उसका मोबाइल व रुपये भी लूट लिया। सतीश का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि देवरिया जिले के गौरी बाजार थाने के कालावन निवासी इंदल सहित पांच व्यक्तियों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया।

# जागरूक रहें, तभी मिलेगी साइबर अपराध से मुक्ति

जासं, चिलुआताल : आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर बुधवार को चिलुआताल के काजीपुर ग्रामसभा में 'साइबर अपराध से आजादी' नामक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। लोगों को नाटक व भाषण के जरिये जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि जागरूक रहने पर ही साइबर अपराध से मुक्ति मिल सकती है।

कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिये बताया कि अनजान लिंक व साइट कभी नहीं खोलें। उससे होने वाले नुकसान के विषय में बताया। इस दौरान एसपी ट्रैफिक डा.एमपी सिंह ने साइबर अपराध से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक किया।



साइबर थाने के उप निरीक्षक उपेंद्र सिंह ने हेल्पलाइन नंबर 1930 सहित विभिन्न सावधानियों के विषय में बताया।

इस अवसर पर सीओ कैंपियरगंज अजय सिंह, साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक भईया छविनाथ सिंह, प्रभारी निरीक्षक चिलुआताल विनोद अग्निहोत्री मौजूद रहें।

# नशीला पदार्थ रखने के आरोपित को नौ माह कारावास व अर्थदंड

**जासं गोरखपुर :** नशीला पदार्थ रखने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश कमालुद्दीन ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज निकट शिव मंदिर पोखरा निवासी अभिषेक भारती को नौ माह के कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड नहीं देने पर अभियुक्त को 15 दिन कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राजू गुप्ता का कहना था कि वरिष्ठ उप निरीक्षक रामप्रवेश सिंह अपने हमराहियों के साथ चेकिंग करते हुए श्रीराम चौराहे पर पहुंचे। शताब्दीपुरम रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति देखकर पुलिसकर्मी ने रोका तो वह तेजी से भागना चाहा। शक होने पर पुलिस वालों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। उसने अपना नाम अभिषेक भारती बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से नशीली गोलियां बरामद हुईं।

**घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी :** खोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर किशोरी से एक युवक ने छेड़खानी व मारपीट की है। मंगलवार रात किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध छेड़खानी, धमकी देने, पाक्सो एक्ट व अनसूचित जाति व जनजाति के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी की मां ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मंगलवार की शाम को वह व पति किसी काम से बाहर गए थे। उसी दौरान गांव का युवक घर में घुसकर छेड़खानी करने लगा। पुलिस ने मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दो दिवसीय दौरे पर आज गोरखपुर आएंगे सीएम

जासं, गोरखपुर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार की शाम गोरखपुर आएंगे। शुक्रवार को वह राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
● फाइल फोटो

मुख्यमंत्री शाम करीब 4.30 बजे गोरखपुर पहुंचेंगे। सबसे पहले वह रानीडीहा में निर्मित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के लोकार्पण की तैयारियां देखेंगे फिर गोरखनाथ मंदिर पहुंचेंगे। शुक्रवार की सुबह जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनेंगे। सुबह 11 बजे भाजपा कार्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

# पुलिस कर्मियों ने किया योगासन

पिपरौली : गीडा थाना परिसर में बुधवार को थानेदार सहित पुलिस कर्मियों ने योग कर निरोग रहने का गुर सीखा। योग चिकित्सक मिथिलेश कुमार व ज्योति सिंह ने पुलिस के जवानों को प्राणायाम, सिंहासन, अनुलोम विलोम सहित अन्य योगाभ्यास कराकर शरीर को स्वस्थ रखने के गुर बताए। इस दौरान योग चिकित्सक ने बताया योगा करने से शरीर तो निरोग रहता ही है। साथ बुद्धि का विकास भी होता है। इसलिए जीवन में सभी को योगाभ्यास करना जरूरी है। योगाभ्यास के दौरान थानेदार राहुल कुमार सिंह, पिपरौली चौकी इंचार्ज बैजनाथ बिंद, मुंशी दीपक यादव, जितेंद्र कुमार, निर्मल, धनन्जय सिंह आदि मौजूद

# तोड़ी जाने लगी 117 साल पुरानी कलेक्ट्रेट की इमारत

## पर्यटन विभाग होगा नया ठिकाना, जल्द शुरू होगा नई इमारत का निर्माण

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कलेक्ट्रेट की 117 साल पुरानी इमारत तोड़ी जाने लगी है। संयुक्त कार्यालय जाने वाले रास्ते के ऊपर लगा टीन शेड बुधवार को तोड़ दिया गया। प्रशासनिक विभाग, इस कार्यालय को धीरे-धीरे शिफ्ट करने में जुटा है।

सबसे आखिरी में अपर जिलाधिकारी (एडीएम) वित्त एवं राजस्व, मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ) और सहायक अखिलेख अधिकारी (एआरओ) का कार्यालय टूटेगा। पहले ये तीनों कार्यालय भी कलेक्ट्रेट की मुख्य इमारत के साथ ही तोड़े जाने थे, मगर फरियादियों को ज्यादा दिक्कत न हो इसलिए इन्हें बाद में तोड़ने का निर्णय किया गया है। आने वाले कुछ दिनों में कलेक्ट्रेट पूरी तरह पर्यटन विभाग में शिफ्ट कर जाएगा। करीब तीन साल तक पर्यटन विभाग ही कलेक्ट्रेट का नया ठिकाना होगा।

कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण 1903 में शुरू हुआ था और 1910 में इसे पूरा किया गया था। इसे तोड़ने पर करीब 20 लाख रुपये का खर्च आएगा। इसका टेंडर हो चुका है। एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने बताया कि कलेक्ट्रेट कार्यालय को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय भवन में सामान व दस्तावेज पहुंचाए जा रहे हैं। एडीएम वित्त एवं राजस्व, सीआरओ एवं एआरओ के कोर्ट अभी पुरानी जगह ही रहेंगे। प्रशासनिक अफसरों की ही तरह पुलिस अधिकारी भी अपनी नई जगह तलाश रहे हैं।



संयुक्त कार्यालय जाने वाले रास्ते के ऊपर लगा टीन शेड तोड़ा गया। अमर उजाला

### 65 करोड़ से बनेगा कलेक्ट्रेट का नया एकीकृत भवन

**एडीएम** प्रशासन ने बताया कि कलेक्ट्रेट की पुरानी इमारत के ध्वस्तीकरण के बाद इसी स्थान पर 65 करोड़ की लागत से नया एकीकृत भवन बनाया जाएगा। सभी सुविधाओं से युक्त इस भवन में डीएम के साथ एसएसपी का कार्यालय भी होगा। नए भवन के पहले तल पर इन दोनों अफसरों के कार्यालय होंगे। दूसरे तल पर डीएम का कोर्ट होगा। 300 से अधिक चार पहिया व दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था होगी। कलेक्ट्रेट आने वाले दिव्यांग फरियादियों के लिए भी सुविधाएं होंगी। महिला कर्मियों व फरियादियों के लिए बच्चों को दूध पिलाने के लिए भी एक अलग कक्ष होगा।

**सामंजस्य** पॉक्सो एक्ट के मेडिकल में होने वाली देरी पर हुई कार्यशाला

# साथ बैठे डॉक्टर-पुलिस, साझा कीं परेशानियां

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** पॉक्सो एक्ट के मेडिकल परीक्षण में आ रही देरी को लेकर डॉक्टरों के साथ पुलिस ने वार्ता की। जिला महिला अस्पताल में आयोजित कार्यशाला में दोनों ने एक दूसरे को आने वाली समस्याएं बताईं, ताकि उसका निपटारा हो सके।

पुलिस और डॉक्टर ने इस गंभीर मामले पर साथ मिलकर काम करने का आश्वासन दिया, ताकि पीड़िता को मेडिकल के लिए इंतजार न करना पड़े और त्वरित न्याय मिल सके। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा के आदेश पर बुधवार को महिला चिकित्सालय स्थित हौसला ट्रेनिंग सेंटर में कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों और डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। अमर उजाला

एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में महिला अस्पताल की डॉक्टरों को पॉक्सो एक्ट में मेडिकल परीक्षण में आने वाली बारीकियों से अवगत कराते हुए उसे दूर करने का तरीका बताया गया।

कार्यशाला में वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय सिंह द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबंधित विभिन्न नए प्राविधानों/नियमों के संबंध में डॉक्टरों को जानकारी दी गई।

बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष वंदना सिंह ने विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस दौरान महिला अस्पताल की डॉ. नीना त्रिपाठी, एएचटीयू प्रभारी इंस्पेक्टर जय नारायण शुक्ल समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

# स्वर्ण व्यापारी के परिवार पर हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

## कोतवाली के इस्माइलपुर में हुई थी घटना, दर्ज है हत्या की कोशिश का केस

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** कोतवाली इलाके के इस्माइलपुर में कूड़ा फेंकने से मना करने पर स्वर्ण व्यापारी ओमप्रकाश कुशवाहा और उनके परिवार पर हमला करने के दो आरोपियों को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

बदमाशों ने लाठी-डंडे, चाकू व लोहे की रॉड से हमला कर महिलाओं समेत पांच लोगों को घायल कर दिया था। अभी तीन लोग जिला अस्पताल में भर्ती हैं।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान हीरालाल कुशवाहा और रिंकू

> जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेजवा दिया गया। अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है। - **कल्याण सिंह सागर**, इंस्पेक्टर, कोतवाली

कुशवाहा उर्फ अमर के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, ओमप्रकाश कुशवाहा की अलीनगर में सोने-चांदी की दुकान है। इस्माइलपुर स्थित मकान में परिवार के साथ रहते हैं। व्यापारी के घर के सामने ही हीरा कुशवाहा का परिवार रहता है।

आरोप है कि रोजाना ही हीरा के घरवाले व्यापारी के घर के सामने कूड़ा फेंक देते हैं। गली संकरी होने की वजह से परेशानी होती है। लोग आ-जा नहीं सकते थे। कूड़े के ऊपर से होकर जाना-आना पड़ता है। शिकायत करने पर विवाद की स्थिति बन जाती थी।

गत सोमवार सुबह इसी बात को लेकर हमला किया गया था। इस घटना में स्वर्ण व्यापारी ओमप्रकाश, उनकी बेटी साक्षी कुशवाहा, अभिमन्यु कुशवाहा, दीपक, रामू कुशवाहा घायल हो गए थे। साक्षी, अभिमन्यु और दीपक को गंभीर चोटें आई हैं।

# ईंट से हमला करने की आरोपी महिला पर केस

**हरपुर बुदहट।** बच्चों के खेलने के विवाद में पांच जून को ईंट से हमला करने की आरोपी महिला पर मारपीट, एससी-एसटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया।

जानकारी के मुताबिक, इलाके की अतरौला निवासी प्रभावती पत्नी हरेंद्र ने तहरीर में लिखा है कि उनका लड़का दरवाजे पर खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोस की इंदु पत्नी प्रमोद के लड़के से उसका विवाद हो गया। बच्चों के विवाद में इंदु ने प्रभावती को ईंट से मारकर घायल कर दिया था। घटना के दौरान अफरातफरी मची रही। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार देर रात केस दर्ज कर किया। ब्यूरो

# नशीला पदार्थ रखने पर नौ महीने की सजा

अमर उजाला ब्यूरो

**अर्थदंड न देने पर 15 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा**

गोरखपुर। नशीला पदार्थ रखने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश कमालुद्दीन ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज निकट शिव मंदिर पोखरे के पास रहने वाले अभिषेक भारती को नौ माह के कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर 15 दिन कारावास अलग से भुगतना होगा।

जानकारी के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राजू गुप्ता का कहना था कि वरिष्ठ उप निरीक्षक राप्रवेश सिंह हमराहियों के साथ चेकिंग करते हुए श्रीराम चौराहे पर पहुंचे। शताब्दीपुरम रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा जिसे पुलिस ने रोका तो वह अपनी गति तेज कर भागना चाहा। शक होने पर उसे श्रीराम चौराहे से सौ मीटर आगे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अभिषेक भारती बताया और तलाशी के दौरान उसके पास से नशीली गोलियां बरामद हुईं।

## अवैध खनन में चार गाड़ियां सीज

**चिल्लूपार।** बड़हलगंज पुलिस ने क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन के आरोप में चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर सीज कर दिया। इंस्पेक्टर मधुप नाथ मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के बेलसड़ा गांव में बुधवार को खनन में लिप्त वाहन थाने लाए गए थे। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ब्यूरो

# अपराध छोड़ चला रहे ऑटो, बेच रहे कपड़ा

## पुलिस का खौफ : कई हिस्ट्रीशीटरों ने खेती-किसानी को बना लिया पेशा, निगरानी सख्त

शिवम सिंह

**गोरखपुर।** अपराध की दुनिया से तौबा कर हिस्ट्रीशीटर अब थानों में शपथपत्र देने लगे हैं। कुछ अपराध न करने की दुहाई दे रहे तो कई ने प्रदेश छोड़कर दूसरे राज्य में रोजगार तलाश लिया है। कुछ खेती-किसानी में लग गए हैं।

जानकारी के मुताबिक पुलिस ने बदमाशों पर निगरानी बढ़ाई है। अब हर रविवार को दुराचारी सभा कर हिस्ट्रीशीटरों को थाने बुलाया जा रहा है।

इससे खौफ और बढ़ गया है। कल तक जो खुद अपराध करते थे, वह अब नए बदमाशों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने लगे हैं।

**130 सक्रिय हिस्ट्रीशीटर जेल भेजे गए :** जिले में कुल 1505 हिस्ट्रीशीटर हैं। इनमें से 135 निष्क्रिय हैं।

कुछ उम्र के उस पड़ाव पर हैं कि वे अपराध नहीं कर सकते तो कइयों ने अपराध से तौबा कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 1370 हिस्ट्रीशीटर अब भी सक्रिय हैं, इनमें से 130 को पुलिस जेल भेज चुकी है।

**केस एक**

गगहा थाने का हिस्ट्रीशीटर सुदामा यादव अपराध ही नहीं प्रदेश छोड़ चुका है। परिवार ने शपथपत्र देकर बताया कि वह दिल्ली में रहकर कपड़ा बेचने का काम करता है। अपराध से लंबे समय से दूरी बना चुका है। इतना ही नहीं, पुलिस के बुलाने पर परिवार वाले और दिल्ली से गांव आने पर खुद पुलिस के पास पहुंच कर बता देता है कि अपराध से अब कोई वास्ता नहीं है।

**केस तीन**

चौरीचौरा थाने का हिस्ट्रीशीटर श्रवण भी अपराध छोड़कर पांच साल पहले ही लुधियाना चला गया। वहां कपड़ा फैक्ट्री में काम करता है। परिवार वाले पुलिस को शपथ पत्र देकर बता चुके हैं कि वह अपराध नहीं करता। लुधियाना की फैक्ट्री में काम करते हुए फोटो भी परिवार को भेजा था, ताकि पुलिस को दिखाया जा सके कि अपराध से कोसों दूर हैं।

### चौरीचौरा में सर्वाधिक 102 हिस्ट्रीशीटर

जिले के चौरीचौरा थाने में सर्वाधिक 102 हिस्ट्रीशीटर हैं। इनमें से 12 निष्क्रिय हैं। कोतवाली थाने में 46, राजघाट में 49, तिवारीपुर में 47, कैंट में 28, खोराबार में 58, रामगढ़ताल में 20, गोरखनाथ में 62, शाहपुर में 47, कैंपियरगंज में 53, पीपीगंज में 62, सहजनवां में 38, गीडा में 47, चिलुआताल में 63, झंगहा में 82, पिपराइच में 81, गुलरिहा में 46, बांसगांव में 73, गगहा में 79, बेलीपार में 51, गोला में 51, बड़हलगंज में 88, उरुवा बाजार में 40, बेलघाट में 28, खजनी में 75, सिकरीगंज में 48 और हरपुर बुदहट में 39 हिस्ट्रीशीटर हैं।

**केस दो**

रामगढ़ताल थाने का हिस्ट्रीशीटर राकेश उर्फ रक्कू अपराध छोड़कर अब ऑटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। इसकी भी पुलिस ने नियमित निगरानी की और शपथ पत्र में लिखी बातें सही पाई गईं। पुलिस ने पाया कि यह अब दूसरों को समझाता है कि अपराध न करें।

### ये होते हैं हिस्ट्रीशीटर

बदमाश के आपराधिक इतिहास की फाइल को ही हिस्ट्रीशीट कहते हैं। अपराध की गंभीरता को देखते हुए बदमाशों की निगरानी के लिए हिस्ट्रीशीट खोली जाती है। बदमाश लगातार अपराध कर रहा हो तो निगरानी के लिए यह व्यवस्था होती है। बदमाश को पहले एक्टिव लिस्ट पर लाया जाता है, फिर उसकी निगरानी हिस्ट्रीशीट के माध्यम से होती है। इसके लिए थाने पर फ्लाई सीट रजिस्टर होता है। इसमें हिस्ट्रीशीटरों की इंट्री होती है। हर हिस्ट्रीशीटर की निगरानी के लिए एक-एक सिपाही की ड्यूटी लगती है। नियमों के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर को सप्ताह में एक बार थाने या चौकी पर आकर हाजिरी भी देनी होती है। अपराध की गंभीरता के हिसाब से हिस्ट्रीशीट खोली जाती है। मसलन, लूट, हत्या या डकैती जैसे जघन्य अपराध में दो ही केस पर हिस्ट्रीशीट खोली जा सकती है।



हिस्ट्रीशीटरों की लगातार निगरानी कराई जा रही है। इसका असर भी सामने आया है। कई हिस्ट्रीशीटर अपराध छोड़कर खेती या फिर दूसरे काम में लग गए हैं। अपराध में लिप्त हिस्ट्रीशीटरों को जेल भेजने की कार्रवाई जारी है जमानत पर बाहर आकर अपराध करने वालों के साथ ही जमानतदारों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। - **डॉ. विपिन ताडा,** एसएसपी

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. 09/06/22

# फर्जी दरोगा गिरफ्तार

रुद्रपुर (एसएनबी)। बुधवार को रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने रुद्रपुर क्षेत्र में एक फर्जी दरोगा को ग्रामीणों की सूचना पर हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुट गयी है। फर्जी दरोगा के पीछे एक मास्टर माइण्ड दरोगा का हाथ बताया जा रहा है, जो अभी फरार चल रहा है। फरार दरोगा पुलिस में भर्ती के नाम पर लाखों रूपये लेकर अपने साथ फर्जी दरोगा को वर्दी पहनाकर वसूली करवाता था। उक्त फर्जी दरोगा एक स्टार लगाया था। बुधवार को वह अपने गांव वर्दी पहनकर सफेद रंग की इनोवा से पहुंचा तो ग्रामीणों को उस पर शक हुआ, जिसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस फर्जी दरोगा को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिये थाने लायी। पुलिस की पूछताछ में वह अपना नाम रामनगीना प्रसाद पुत्र स्व. बनवारी प्रसाद निवासी ग्राम परसा जंगल कोतवाली रुद्रपुर बताया है। फर्जी दरोगा बनें रामनगीना के अनुसार वह देवरिया में कबाड़ बेचने का कार्य करता था। जहां उसकी भेंट एक दरोगा से हुई। जहां मेलजोल के दौरान उसने पुलिस में नौकरी दिलाने का भरोसा देकर उससे 80 हजार रुपया ऐंठ लिया। कुछ दिन बाद नौकरी लग गयी की बात कहकर उसे वर्दी दिलवा दिया। जिस पर सिंगल स्टार लगा था। उक्त मास्टर माइण्ड दरोगा हेड बनकर इससे वाहन चेकिंग करवाता था और वसूली करवाता था। पकड़े गये फर्जी दरोगा ने उक्त व्यक्ति का नाम व पता मदनपुर थानाक्षेत्र का बताया। फर्जी दरोगा ने बताया कि उसी ने एक प्राईवेट इनोवा गाड़ी किराये पर दिलवाया था, जिससे वह चलता था। बुधवार को फर्जी दरोगा अपने गांव परसा जंगल आया, जहां ग्रामीणों ने वर्दी देखकर उस पर शक किया और पुलिस को सूचना दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि. 09/03/22

# न्यायालय के आदेश पर मकान सीज

लार (एसएनबी)। न्यायालय के आदेश के बावजूद पत्नी को गुजारा भत्ता नहीं देने पर एक पति पर बड़ी कार्रवाई हुई है। पारिवारिक न्यायालय के आदेश पर थाना क्षेत्र के एक महिला के पति के मकान को लार पुलिस ने बुधवार को सीज कर दिया। इसके पहले इसी मामले में न्यायालय के आदेश पर 24 फरवरी को कुर्क करने की कार्रवाई हुई थी। लार थाना क्षेत्र के बरई टोला गांव के एक पति को अपने पत्नी को भरण पोषण राशि नहीं देना महंगा पड़ गया। बुधवार को कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने घर को सीज कर दिया है। जानकारी के मुताबिक बरई टोला निवासी रामू चौरसिया पुत्र जगत नारायण चौरसिया अपने पत्नी से अलग रह रहा है। अपनी पत्नी को भरण पोषण के लिए पैसे रुपय नहीं दे रहा था। उस पर भरण पोषण राशि का अस्सी हजार रुपये बकाया था। रामू चौरसिया वांछित मामले में फरार चल रहा है। इस कारण न्यायालय ने कई बार नोटिस जारी किया, लेकिन वह उसका जबाब नहीं दिया। इस पर न्यायालय ने घर को पहले कुर्क कर वसूली करने का आदेश दिया। जिस पर लार पुलिस ने 24 फरवरी 2022 को रामू चौरसिया के घर को कुर्क कर सारा सामान थाने उठा लाई थी। वहीं बुधवार को कोर्ट के आदेश पर लार पुलिस ने रामू चौरसिया पुत्र जगत नारायण चौरसिया निवासी बरई टोला लार के मकान को सीज कर दिया है। उक्त संबंध में प्रभारी निरक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बुधवार को अभियुक्त के घर को सीज करने की कार्रवाई की गई है।

**पारिवारिक न्यायालय के आदेश पर 24 फरवरी को हुई थी कुर्की की कार्रवाई**

## मनबढ़ युवक ने मारपीट कर दो लोग को किया घायल

लार । लार कस्बा के एक वार्ड में कुछ मनबढ़ युवकों ने दो युवकों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट में घायल युवकों का सीएचसी लार पर उपचार कराया गया। मारपीट में घायल युवकों दीपांशु शर्मा पुत्र सत्येंद्र शर्मा व सोनू शर्मा पुत्र विश्वनाथन शर्मा निवासी बौली वार्ड लार का आरोप है कि कम्प्यूटर क्लास से वापस घर आने के दौरान रामजानकी मार्ग पर बौली वार्ड के सामने कोहरा गांव के लगभग आधा दर्जन मनबढ़ व दबंग युवकों ने मिलकर हम दोनों लोगों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि० 09/06/22

# जिला पंचायत सदस्य पर दुष्कर्म का मुकदमा

गौरीबाजार(एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक जिला पंचायत सदस्य पर गौरीबाजार पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। आवास के दिलाने के प्रलोभन के नाम एक लड़की से दुष्कर्म किया गया था।पुलिस मामले की जाँच में जुटी है।

क्षेत्र के एक गाँव निवासी एक लड़की ने पुलिस को दिए गए तहरीर के माध्यम से बताया कि उसके बहन की शादी जिला पंचायत सदस्य के गाँव हुई है। उसकी बहन विधवा है। उसकी माली हालत बहुत खराब है। उसको आवास दिलाने के लिए जब पीड़िता जिला पंचायत सदस्य के पास गई तो वह आवास दिलाने को राजी हो गए। पीड़िता ने बताया कि आवास दिलाने के नाम पर वह मंगलवार को उसको बुलाये और एक गाँव के आंगनबाड़ी केंद्र पर ले जाकर रात में उसके साथ दुष्कर्म किये। पीड़िता ने बुधवार को थाने पहुँचकर आपबीती बताया और लिखित तहरीर दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष विपिन मलिक ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य सुनील निषाद पर धारा 376 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया जा रहा है।

# चोरी कर भाग रहे युवक धराया

लार। लार थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा एक व्यक्ति के घर में चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी कर भाग रहे एक चोर को परिजनों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है लेकिन पूछताछ में पुलिस हिरासत में लिए गए युवक के बारे में कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। लार थाना क्षेत्र के भटवा पांडेय टोला डोल छपरा निवासी लाल बहादुर कुशवाहा पुत्र स्व मुखी भगत ने लाल पुलिस को चोरी की तहरीर दिया है। उनका आरोप है कि गांव के ही कुछ युवक मंगलवार की देर रात घर में घुसकर 10 हजार रुपए नगदी सहित तीन सेट सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए। लेकिन भागने के दौरान एक युवक को हम लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। लाल बहादुर कुशवाहा का कहना है कि गांव के कुछ मनबढ़ युवक हैं जो आए दिन किसी न किसी के घर चोरी किया करते हैं। इन युवकों ने मेरे घर में चोरी कर भाग रहे थे। लेकिन तभी हमारी पत्नी की नींद खुल गई और व शोर मचाने लगी। तभी भागने के दौरान हम लोगों ने मिलकर एक चोर को पकड़ लिया और डायल 112 पर सूचना दिया। पुलिस को हम लोगों ने चोर को सौंप दिया। उक्त संबंध में प्रभारी निरीक्षक लार नवीन कुमार सिंह ने बताया कि एक युवक को लोगों ने पकड़ कर दिया है। चोरी करते हुए भागने के दौरान युवक को परिजनों द्वारा पकड़ने की बात गलत है। शिकायतकर्ता व पकड़े गए युवक के बारे में छानबीन की जा रही है। जानकारी के मुताबिक दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर आपस में विवाद चलता है। पकड़े गए युवक से पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

# शांतिभंग में दो लोगों का चालान

तरकुलवा। पुलिस ने स्थानीय थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में अपने पड़ोसियों से झगड़ रहे दो लोगों को शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि विनोद खरवार पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम मछैला व रोहित राजभर पुत्र रवींद्र राजभर के खिलाफ 151 के तहत कर्रवाई कर उनको एसडीएम कोर्ट में चालान किया गया है।

# 12 लोगों के खिलाफ बलवा व मारपीट का केस

**तरकुलवा (एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के बघड़ा महुआरी गांव में हुए मारपीट के एक मामले में तरकुलवा पुलिस ने पीड़ित राकेश राय की तहरीर पर गांव के 12 लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने बाबूलाल निषाद, बाबूराम निषाद, वीरेंद्र निषाद, आकाश निषाद, प्रमोद निषाद, हरिश्चंद्र, बिमली देवी, उर्मिला देवी, पार्वती देवी, मेवालाल निषाद, ऋषिकेश व घुन निवासीगण बघड़ा महुआरी थाना तरकुलवा के खिलाफ धारा 147, 149, 323, 452 व 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान हिं. 25/5/22

# एसपी ने जांची पुलिस की मुस्तैदी

देवरिया। पुलिस अधीक्षक मंगलवार की रात में पुलिस की मुस्तैदी जांचने के लिए जिले में निकले। उन्होंने यूपी बिहार बार्डर पर पहुंच कर पीकेट और चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों से पूछताछ किया। खुखुन्दू, बनकटा और खामपार थाने भी पहंचे व ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा मंगलवार की देर रात को आवास से निकले। वह करीब 1:30 बजे खुखुन्दू थाने पहुंचे। जहां पर कार्यालय में मुंशी रणविजय और गेट पर संतरी ड्यूटी पर तैनात था। एसपी ने मुंशी से थाने में पुलिस कर्मियों का रजिस्टर चेक किया।

हिन्दुस्तान दि. 09/06/22

# पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पर हमले में दो लोगों को 10 वर्ष की कैद

देवरिया, विधि संवाददाता। देवरिया में एक पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पर जानलेवा हमले के मामले में अपर जिला जज की अदालत ने दो आरोपियों को 10 वर्ष सजा सुनाई है। दोनों पर 5 हजार अर्थदंड भी लगाया गया है।

सहायक अभियोजन अधिकारी फौजदारी मनीष सिंह के अनुसार 19 अगस्त 2013 को भाटपार रानी थाना क्षेत्र के भरौली निवासी मदन मोहन पीजी कॉलेज भाटपाररानी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जितेंद्र यादव रतसिया मोड़ पर पहुंचे थे। उनके मोबाइल पर भाटपार रानी थाना क्षेत्र के ही बोलाईपुर निवासी प्रमोद यादव का फोन आया की आप कहां हैं। जितेंद्र ने बताया कि वह रतसिया मोड़ पर है। उसके तत्काल बाद ही भाटपाररानी के ही सोहनपार

- वर्ष 2013 में भाटपाररानी क्षेत्र में हुई थी घटना
- अपर जिला जज की अदालत ने सुनाई सजा

निवासी विशाल यादव पुत्र रामाधार यादव के साथ प्रमोद रतसिया मोड़ पर पहुंचा। दोनों पिस्टल निकालकर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। पिस्टल की गोली जितेंद्र के सीने के बगल में व बाह में लगी। जितेंद्र का दवा इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में हुआ। घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट भाटपाररानी थाने में दर्ज हुई थी। सुनवाई के बाद अपर जिला जज रजनीश कुमार की अदालत ने प्रमोद व विशाल यादव को जानलेवा हमले का दोषी करार दिया।

हिन्दुस्तान दि. 09/06/22

# पति व सास सहित छह पर दहेज उत्पीड़न का केस

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र माहीगंज गांव के खरोह टोला के रहने वाले पति व सास सहित छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज की है। शिकायत प्रकोष्ठ में प्रार्थना पत्र पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज की है।

क्षेत्र के इमिलिहां गांव की रहने वाली मन्नू यादव पुत्री रामनगीना यादव ने पुलिस को दी गई प्रार्थना में कही है कि माहीगंज गांव के खरोह टोला रहने वाले दर्शन यादव पुत्र स्व.छांगुर यादव के साथ 2015 में उसके पिता ने शादी की थी। उसने कहा है कि जब पति के साथ वह विदा होकर गई तो ससुराल में उसके पति हीरोहोण्डा मोटर सायकिल और सोने की माला दहेज में न मिलने से नाराज थे और बोलते नहीं थे। साथ ही मारते पीटते और उत्पीड़न करते थे। विवाहिता ने आरोप लगाया है कि ससुराल में उसकी सास तेतरा देवी, देवर कपिल यादव व विजय यादव एवं देवरानी निशा यादव व अन्नू देवी भी मेरे पति को मोटर सायकिल व माला के लिए उकसाते थे और मिलकर मारते पीटते थे। एक साल बाद मारपीट कर ससुराल से भगा भी दिए थे। जिसके बाद मेरे पिता, भाई और रिश्तेदार लोग समझाए तो मेरे पति मुझे मुम्बई ले गए। वहां भी मुझे मारते पीटते और दूसरी शादी करने की धमकी देते थे। 25 मार्च की सुबह को उसे ससुराल से भगा दिए।

### जिले के रुद्रपुर के परसा जंगल का रहने वाला है रामनगीना

# वसूली करने वाला फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**कामयाबी**

- भौकाल बनाने के लिए किराये पर ली थी इनोवा कार
- पुलिस की वर्दी पहनकर वाहन चालकों रुपये वसूलता था

**रुद्रपुर, हिन्दुस्तान टीम।** वर्दी पहनकर वसूली करने वाला एक फर्जी पुलिसकर्मी बुधवार को देवरिया के रुद्रपुर में पकड़ा गया। उसके पास से एक इनोवा गाड़ी भी बरामद हुई है। भौकाल बनाने के लिए वह किराए की इनोवा से घूमता था। रुद्रपुर पुलिस गिरफ्तार युवक और उसकी पत्नी से पूछताछ कर रही है।

रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के परसा जंगल गांव का रहने वाला रामनगीना प्रसाद (35) पुत्र बनवारी लाल कक्षा आठ पास है। वह जिला मुख्यालय के साकेत नगर में किराए के मकान में रहता है। पिछले कुछ माह से वह पुलिस की वर्दी पहनकर जिले में घूम रहा था। वर्दी पर यूपी पुलिस लिखा हुआ था और एक स्टार भी लगा था। बुधवार को रामनगीना वर्दी में इनोवा गाड़ी से अपने घर पहुंचा। मुखबिर से इसकी जानकारी मिलते ही रुद्रपुर के इंस्पेक्टर विजय सिंह ने उसके घर पहुंचकर उसे दबोच लिया। पुलिस उसकी पत्नी को भी हिरासत में लेकर रुद्रपुर कोतवाली में पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो रामनगीना ने बताया कि पुलिस विभाग में तैनात एक थ्री स्टार दरोगा ने उसे वर्दी देते हुए वाहन चेकिंग के लिए ड्यूटी लगाई थी। वह वाहन चालकों रुपये वसूलता था। उसका यह धंधा पिछले तीन महीने से चल रहा था। पुलिस ने इनोवा कार और उसके चालक को भी अपने कब्जे में ले लिया है।


दबोचा गया फर्जी पुलिसकर्मी।

> एक युवक पुलिस की वर्दी पहनकर वसूली कर रहा था। उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। वह एक कार से घूमता था। कार को भी चालक समेत कब्जे में ले लिया गया है। दबोचे गए फर्जी पुलिसकर्मी की पत्नी से भी पूछताछ कर जानकारी ली जा रही है।
>
> **जिलाजीत,** क्षेत्राधिकारी, रुद्रपुर

हिन्दुस्तान दि. 09/06/22

# न्यायालय के आदेश पर मकान सीज

## कार्रवाई

लार, हिन्दुस्तान संवाद। न्यायालय के आदेश के बावजूद पत्नी को गुजारा भत्ता नहीं देने पर पति पर बड़ी कार्रवाई हुई है। पारिवारिक न्यायालय के आदेश पर पति के घर को पुलिस ने बुधवार को सीज कर दिया। इसके पहले इसी मामले में न्यायालय के आदेश पर 24 फरवरी को कुर्क करने की कार्रवाई हुई थी।

बरई टोला निवासी रामू चौरसिया पुत्र जगत नारायण चौरसिया अपने पत्नी से अलग रह रहा है। अपनी पत्नी को भरण पोषण के लिए भी रुपए नहीं दे रहा था। उस पर भरण पोषण राशि का अस्सी हजार रुपये बकाया था। रामू चौरसिया वांछित मामले में फरार चल रहा है। इस कारण न्यायालय ने कई बार नोटिस जारी किया, लेकिन वह उसका जबाब नहीं दिया। इस पर न्यायालय ने घर को पहले कुर्क कर वसूली करने का आदेश दिया।

जिस पर लार पुलिस ने 24 फरवरी 2022 को रामू चौरसिया के घर को कुर्क कर सारा सामान थाने उठा लाई थी।

वहीं बुधवार को कोर्ट के आदेश पर लार पुलिस ने रामू चौरसिया पुत्र जगत नारायण चौरसिया निवासी बरई टोला लार के मकान को सीज कर दिया है। उक्त संबंध में प्रभारी निरक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बुधवार को अभियुक्त के घर को सीज करने की कार्रवाई की गई है।

# चाकू के साथ चार को किया गिरफ्तार

देवरिया। जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में चाकू के साथ चार युवकों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

तरकुलवा के थानेदार ने कछैला गांव के पास से एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम विकास राजभर पुत्र मुन्ना राजभर निवासी पथरदेवा थाना तरकुलवा बताया। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। वहीं गौरीबाजार के थानेदार विपिन मलिक ने खरोह चौराहे से 3 व्यक्तियों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में तीनों ने अपना नाम श्रीप्रकाश उर्फ भोला पुत्र सुरेश प्रसाद निवासी बरारी थाना गौरीबाजार, सोनू उर्फ सुनील पुत्र स्व. सुदर्शन प्रसाद निवासी बरारी थाना गौरीबाजार और मुरारी जायसवाल पुत्र गौरीशंकर जायसवाल निवासी कस्बा गौरीबाजार जिला देवरिया बताया।

दै० जागरण 30/06/22

# प्राणघातक हमले के दो आरोपितों को दस वर्ष की कैद

**विधि संवाददाता, देवरिया:** मदन मोहन मालवीय पीजी कालेज भाटपाररानी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पर हुए हमले के मामले में बुधवार को न्यायालय का फैसला आ गया। अपर सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार की अदालत ने दो आरोपितों को दोषी पाए जाने पर दस वर्ष की कैद व पांच हजार रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया है।



अपर शासकीय अधिवक्ता मनीष सिंह ने बताया कि 19 अगस्त 2013 को शाम साढ़े सात बजे भाटपाररानी के रतसिया मोड़ पर मदन मोहन मालवीय पीजी कालेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष जितेंद्र यादव जीतू निवासी भरौली थाना भाटपाररानी पर कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। इस दौरान पिस्टल से फायरिंग की गई, जिसमें जीतू घायल हुए।

भाटपाररानी पुलिस ने आरोपित भाटपाररानी थाना क्षेत्र के ग्राम होलयीपुर के रहने वाले प्रमोद यादव व सोहनपार के रहने वाले विजन यादव के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया। उभय पक्ष के तर्कों व साक्ष्यों के अवलोकन के पश्चात अदालत ने पाया कि दोनों आरोपित प्राणघातक हमले में दोषी हैं।

दैनिक जागरण दि. 09/08/22

# बिहार बार्डर पर पहुंचे एसपी थानों का जाना हाल



खामपार थाने का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा • जागरण

जासं, बंगरा बाजार: एसपी संकल्प शर्मा ने मंगलवार की रात में बनकटा व खामपार थाने का औचक निरीक्षण किया गया। इसके बाद एसपी ने बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र के चेकपोस्ट रामपुर बुजुर्ग, प्रतापपुर, भवानी छापर, भिंगारी बाजार का भी निरीक्षण किया। अचानक एसपी को देख थाने में खलबली मच गई। एसपी ने दोनों थानों का भ्रमण किया। उन्होंने विवेचक से अपराधों की विवेचना करने के तरीकों के बारे में जानकारी मांगी। अपराध से जुड़े दस्तावेजों को देखा। थाना कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, मालखाना का भ्रमण किया।

दैनिक जागरण दि. 03/06/22

# पति ने नहीं दिया भरण-पोषण का खर्च, पुलिस ने किया मकान सील

जागरण संवाददाता, लार: पति के व्यवहार से परेशान महिला ने परिवार न्यायालय में मुकदमा दायर किया। परिवार न्यायालय के आदेश के बावजूद भी पति भरण-पोषण का खर्च नहीं दे रहा है। न्यायालय के सख्त रूख अख्तियार करते ही पुलिस ने बुधवार को फरार चल रहे आरोपित के मकान को सील कर दिया।

बरई टोला की रहने वाली पूनम चौरसिया के पति रामू चौरसिया से मनमुटाव के बाद पति ने उसका देखभाल करना छोड़ दिया।

2018 में पूनम ने भरण-पोषण के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के भरण-पोषण का खर्च देने के लिए पति को आदेशित किया, लेकिन पति न तो न्यायालय में हाजिर हो रहा है और न ही खर्चा दे रहा है।

कुछ माह पहले मकान की कुर्की भी हुई। इसके बाद भी पति के न आने के बाद न्यायालय के आदेश पर वरिष्ठ उप निरीक्षक राम मोहन सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और आरोपित के मकान को सील कर दिया।



मकान सील करते पुलिसकर्मी ● जागरण

दैनिक जागरण दि. 09/06/22

# रुद्रपुर में पकड़ा गया फर्जी दारोगा, पुलिस कर रही पूछताछ

जागरण संवाददाता, रुद्रपुरः परसा जंगल में दबिश देकर रुद्रपुर पुलिस ने बुधवार की दोपहर फर्जी दारोगा को हिरासत में ले लिया। सीओ समेत अन्य अधिकारियों ने भी जालसाज से पूछताछ की। पुलिस अब नेटवर्क को खंगालने में जुटी हुई है।

दोपहर को रुद्रपुर के उप निरीक्षक राधेश्याम चौधरी को सूचना मिली कि परसा जंगल का रहने वाला रामनगीना प्रसाद वर्दी में घूम रहा है। वह दारोगा बनकर वसूली करता है। हरकत में आई पुलिस ने परसा जंगल से रामनगीना प्रसाद को वर्दी में ही हिरासत में ले लिया। साथ ही इनोवा गाड़ी भी बरामद किया। लोगों का कहना है कि यह पहले कबाड़ बेचने का काम करता था। इस बीच उसकी मुलाकात मदनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक से हुई। उसने पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 90 हजार रुपये ले लिया, लेकिन नौकरी नहीं मिली। इस बीच दोनों ने पुलिस वर्दी खरीद कर एक सप्ताह से रुद्रपुर-देवरिया मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसकी



हिरासत में लिया गया आरोपित रामनगीना प्रसाद • जागरण

भनक पुलिस को भी लग गई थी। बताया जा रहा है कि इनोवा किराये पर लिया था। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि आरोपित से पूछताछ की जा रही है। वर्दी के साथ हिरासत में लिया गया है। उसके पास से इनोवा भी बरामद की गई है। उसके एक सहयोगी की तलाश की जा रही है। पूछताछ के बाद ही पूरी कहानी साफ हो सकेगी।

दैनिक जागरण दि० 09/06/22

# 12 लोगों पर बलवा का मुकदमा दर्ज

जासं, तरकुलवा, देवरिया: भूसा रखने को लेकर के बघड़ी महुआरी में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की। जिसके आधार पर पुलिस ने वादी राकेश राय पुत्र बैरिस्टर राय की तहरीर पर 12 लोगों के विरुद्ध बलवा सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया, जिसमें बाबूलाल निषाद, बाबूराम निषाद, विरेंद्र निषाद, आकाश, प्रमोद कुमार निषाद, हरिंद्र, विमली पत्नी बाबूलाल निषाद, उर्मिला पत्नी बाबूराम निषाद, पार्वती पत्नी शिवनंदन, मेवालाल, ऋषिकेश, घुन प्रसाद शामिल हैं।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

दैनिक जागरण दि. 09/06/22

# दो तस्करों को 10 वर्ष का कठोर कारावास

- एक मऊ और दूसरा बिहार के सिवान का है रहने वाला
- 10 जून 1996 को भटनी जीआरपी ने बरामद किया था 129 किग्रा गांजा

जागरण संवाददाता, देवरिया: अपर सत्र न्यायाधीश लोकेश कुमार की अदालत ने बुधवार को गांजा की तस्करी के दो आरोपितों को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोनों को एक-एक लाख रुपये के जुर्माना से दंडित भी किया है।



सहायक शासकीय अधिवक्ता सुजीत कुमार ने बताया कि 10 जून 1996 को भटनी रेलवे प्लेटफार्म पर जीआरपी के तत्कालीन थानाध्यक्ष सुमेश्वर सिंह ने संदेह के आधार पर दो लोगों को पकड़ा था। इनमें से एक आरोपित की पहचान मऊ जनपद के दोहरीघाट क्षेत्र के ग्राम बेला कसैला निवासी राम दरस लोहार पुत्र देवमुनि के रूप में हुई। उसने सेना की वर्दी पहन रखी थी। दूसरे की पहचान सिवान जनपद के गुठनी क्षेत्र के श्रीकलपुर निवासी सुरेंद्र चौरसिया पुत्र जय किशन चौरसिया के रूप में हुई। दोनों के पास से छह अटैचियां मिलीं। थानाध्यक्ष ने तलाशी ली तो राम दरस के पास से 88 किग्रा गांजा व सुरेंद्र चौरसिया के पास से 41 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। दोनों आरोपितों के विरुद्ध नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ। उभयपक्ष के तर्कों व साक्ष्यों के अवलोकन के बाद अदालत ने दोनों की मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्तता पाते हुए। उन्हें 10 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को एक-एक लाख जुर्माने से दंडित करने का फैसला सुनाया।

दैनिक जागरण दि. 09/06/22

# जिला पंचायत सदस्य ने युवती से किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

जासं, गौरीबाजार: क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ मंगलवार की रात दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपित जिला पंचायत सदस्य सुनील निषाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

युवती का आरोप है कि रात करीब 11 बजे बर्दगोनिया गांव निवासी व जिला पंचायत सदस्य सुनिल निषाद ने आवास देने की बात कहकर घर से बाहर बुलाया। उसके बाद निजी चार पहिया वाहन में बैठा कर अपने गांव बर्दगोनिया के मैदान में ले गए, जहां दुष्कर्म किया। उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था। युवती से दुष्कर्म के बाद गाड़ी में बैठाकर अपने घर के बाहर गाड़ी खड़ी कर दी। संगम कन्नौजिया को फोन कर कहा कि युवती को उसके घर पर छोड़ देना। उसके बाद संगम कन्नौजिया चार पहिया वाहन से रात करीब 2.30 बजे युवती के गांव पहुंचे और घर के सामने उतार कर चला गया।

आरोपित का मोबाइल बंद होने से पक्ष नहीं मिल सका। प्रभारी निरीक्षक विपिन मलिक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

दैनिक जागरण दि० 09/06/22

# पिकअप से गोवंश बरामद, तीन हिरासत में

जासं, खुखुंदू: सलेमपुर-देवरिया मार्ग पर मुसैला के पास बुधवार की सुबह पुलिस ने गोवंश को लेकर जा रहे दो पिकअप को पकड़ लिया। साथ ही तीन तस्कर हिरासत में लिए गए हैं। देर शाम तक पुलिस आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी।

थानाध्यक्ष नवीन चौधरी को सूचना मिली की दो पिकअप पर लादकर गोवंश बिहार भेजे जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई और मुसैला के समीप वाहन चेकिंग करने लगी। इस बीच दो पिकअप आते हुए नजर आए। पुलिस ने उन्हें रोक लिया और तलाशी ली। दोनों पिकअप से 13 गोवंश बरामद किए गए।

इस संबंध में सीओ विनय यादव ने बताया कि पशु बरामद कर लिए गए हैं। जांच की जा रही है। जल्द ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

अमर उजाला दि. 09/06/22

# नकली दरोगा को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## लग्जरी कार से आता-जाता था गांव, कोतवाली में पुलिस कर रही पूछताछ

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। झिरुआ पुलिस चौकी क्षेत्र के परसा जंगल गांव के रहने वाले नकली दरोगा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को वह दरोगा की वर्दी पहन कर इनोवा कार से अपने गांव आया था। वह पिछले तीन माह से पुलिस की वर्दी पहन कर गांव आता जाता रहा। गांव वालों पर रौब जमाने को उसने पुलिस की वर्दी पहन ली।



रुद्रपुर कोतवाली में पकड़ा गया नकली दरोगा। संवाद

कोतवाल विजय सिंह ने कहा कि परसा- जंगल गांव के रहने वाले रामनगीना प्रसाद (35) के गांव में दरोगा बनकर आने की शिकायत मिली थी। गांव वालों ने बताया कि वह वर्दी पहन कर गांव वालों पर रौब झाड़ता था। उसने

### गांव वालों पर रौब जमाने के लिए पहन ली थी दरोगा की वर्दी

तीन माह पहले पुलिस में भर्ती होने की खबर फैलाई थी। बुधवार को वह इनोवा कार से दरोगा की वर्दी पहनकर गांव आया। सूचना मिलने पर झिरूआ चौकी फोर्स पहुंचकर जांच करने लगी।

नकली दरोगा से बातचीत में उसकी पोल खुल गई। वह देवरिया में किराए के मकान में रहता है। इनोवा कार का नंबर गाजियाबाद का है। पुलिस को आशंका है कि वह नकली दरोगा बनकर कुछ गलत कार्य कर रहा होगा। पुलिस को मिली सूचना के अनुसार, वह दर्जा आठ पास है। ऐसे में दरोगा बनने की शैक्षिक योग्यता भी उसके पास नहीं है।

पुलिस के हत्थे चढ़ने पर वह सकपकाने लगा। कद काठी से कमजोर युवक ने वर्दी पर एक स्टार लगाया है। पुलिस कार सहित उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कोतवाल ने कहा कि उसके खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर कार्रवाई होगी।

अमर उजाला दि. 09/06/22

# बिहार सीमा से सटे क्षेत्रों की परखी सुरक्षा व्यवस्था

## आधी रात को थानों पर पहुंचे एसपी, मुस्तैदी से ड्यूटी करने की हिदायत

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। एसपी संकल्प शर्मा ने मंगलवार की पूरी रात बिहार सीमा से सटे जनपद के थाना क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था परखी। आधी रात को एसपी ने बिहार सीमा स्थित थानों और चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। एसपी को देख पुलिसकर्मी सकते में आ गए।

उन्होंने सीमा पर तैनात पुलिसकर्मियों से जानकारी ली। इसके बाद थाने पर पहुंचे और थाना प्रभारियों की लोकेशन ली। कार्यालय में मौजूद मुंशी से एसपी ने पूछा कि बिना मुकदमा के कितने को बैठाए हो। मुंशी बगले झांकने लगा।

रात करीब 11 बजे के एसपी सड़क पर निकल पड़े। उन्होंने सबसे पहले खुखुंदू थाना कार्यालय में मौजूद पुलिसकर्मियों से जानकारी ली।

रात में बाजार गश्त का भी निरीक्षण किया। इसके बाद बनकटा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर, रामपुर बुजुर्ग, खामपार के भिंगारी बाजार पहुंचे। उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों से जानकारी ली। एसपी ने रात में पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने की हिदायत दी। कहा कि हर आने-जाने वाले पर नजर रखें।



एसपी ने रात में किया निरीक्षण। संवाद

### एसपी बोले- घटना के लिए जिम्मेदार होंगे थानेदार

उन्होंने ड्यूटी प्वाइंट, नाइट पेट्रोलिंग और बाजार की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकांश पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद मिले। उन्होंने थाना प्रभारियों से रात के समय सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। घटना के लिए थानाध्यक्ष जिम्मेदार होंगे। उन्होंने रात्रि भ्रमण के दौरान कार्यालय, संतरी पहरा, कंप्यूटर कक्ष, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, थाना परिसर का भी निरीक्षण किया।

एक थाने के अपराध रजिस्टर का अवलोकन किया। एसपी ने थानाध्यक्ष को टॉप-10 अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में गश्त करते मिले।

अमर उजाला दि. 09/06/22

# 12 पशुओं के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



तस्करी के लिए ले जा रहे पशुओं को खुखुंदू पुलिस ने पकड़ा। संवाद एजेंसी

संवाद न्यूज एजेंसी

**खुखुंदू।** देवरिया-सलेमपुर मार्ग पर मुसैला चौराहे के पास दो पिकअप में लदी आठ गाय और चार बछड़ों को पुलिस ने बुधवार को मुक्त कराया। तीन तस्कर गिरफ्तार केए गए हैं। पशु देवरिया गोशाला भेजने जाएंगे।

पुलिस को थाना क्षेत्र के देवरिया-सलेमपुर मार्ग पर सुबह देवरिया की तरफ से दो पिकअप पर दुधारू पशुओं को लेकर बिहार जाने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने मुसैला चौराहे के पास नाकेबंदी कर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इसी दौरान दो पिकअप बड़ी तेजी में आती दिखाई पड़ी। उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो चालक गाड़ी लेकर भागना चाहे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पिकअप में 4-4 दुधारू गाय और चार बछड़े लदे मिले। एक पिकअप में चालक समेत दो और एक में केवल चालक मौजूद था। तीनों को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस के पूछताछ में पकड़े गए तस्करों ने गोवध के लिए बिहार ले जाने की बात स्वीकारी है। हालांकि अभी पुलिस जांच की बात कह रही है। एसओ नवीन चौधरी ने बताया कि दो पिकअप में आठ गाय और चार बछड़ों को मुक्त कराया गया है। तीन तस्कर भी पकड़े गए हैं। अभी जांच चल रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

अमर उजाला दि. 03/06/22

# बच्चों की मौत से क्षेत्र में मातम, कैंडल मार्च निकाला

## पैकौली कुटी स्थित पोखरे में मंगलवार को डूबने से तीन बच्चों की हुई थी मौत, शोक में बंद रही दुकानें

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** भलुअनी थाना क्षेत्र के पैकौली कुटी स्थित पोखरे में मंगलवार को डूबने से तीन बच्चों की हुई मौत से पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है। बुधवार की शाम ग्रामीणों ने कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी और गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

पैकौली में पौहार महाराज की कुटी स्थित पोखरे में पीयूष गुप्ता (10), प्रवीण विश्वकर्मा (09) और गुरुदयाल उर्फ दीनदयाल बरनवाल (14) की स्नान करते समय डूबने से मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे क्षेत्र के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के शोक में पैकौली-सुरौली चौराहे की सभी दुकानें दोपहर से बंद रहीं।

इसके बाद शाम पांच बजे लोगों ने पैकौली सेवा समिति पर इकट्ठा होकर संतोषी मंदिर तक कैंडल मार्च निकाला। यहां से तीनों छात्रों के घर जाकर परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान अरविंद शाही, राजन यादव, अजय शाही, इद्रिश अंसारी, राजेंद्र जायसवाल, अजय कुंवर, रमन मोदनवाल, झम्मन सोनकर, रामापति यादव, विजय शंकर यादव, मन्नू जायसवाल, राजू यादव, महंथ, शिवदास यादव, सुरेंद्र चौरसिया, जुगुनु गुप्ता, राजू शाही, संतोष जायसवाल, संदीप चौरसिया, पंकज, मनोज शर्मा, हफीज अंसारी, मनोज शाही, रामाश्रय चौहान, दीना निषाद और इश मोहम्मद आदि लोग मौजूद रहे।




तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत के बाद लोगों ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि। संवाद

**घटना ने पूरे क्षेत्र के लोगों को झकझोर कर रख दिया है**

### सांत्वना देने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

**पैकौली।** सुरौली में तीन छात्रों की मौत के बाद आहत परिवार को सांत्वना देने के लिए भाजपा महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य रजनी पांडेय और अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष राजन सोनकर, भाजपा नेता डॉ. अजीत नारायण मिश्र, सिकंदर चौहान, विपिन मिश्र, राहुल गुप्ता और धर्मेंद्र चौहान आदि पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2022

# किशोरी से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**बांसी।** जटहा बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर सौंप 16 साल की बेटी के साथ गांव के एक युवक पर दुष्कर्म करने आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आरोप है पिछले 7 जून की रात परिवार के लोग एक शादी में व्यस्त थे। इस बीच उनकी 16 वर्षीय लड़की शौचालय गई थी कि गांव का एक युवक धुरूप राय ने उसे गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। लड़की के चिल्लाने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। गांव के लोगों के जुटने पर वह मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष जटहा बाजार ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

में विगत वर्षों के समान कुशीनगर जनपद में सेवा के रूप में मनाया जायेगा।

# गुमशुदगी दर्ज करने की मांग

सेवरही। सेवरही कस्बे के मालवीय नगर निवासी कैलाश निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसकी मंदबुद्धि बहन संध्या उम्र 35 वर्ष बीते 21 मई से लापता है। उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। पीड़ित ने मामले में गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है। कस्बा चौकी प्रभारी राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।

**नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मटिया आलम में महिला को ट्रैक्टर व रोटावेटर से कुचलकर मार डालने का मामला**

# महिला की हत्या में पांच पर केस, तलाश रही पुलिस

**कार्रवाई**

- विवादित खेत जोतने से रोकने पहुंची महिला पर चढ़ाया था ट्रैक्टर
- घटना के बाद आरोपी गांव छोड़ कर फरार, पुलिस दे रही दबिश

नेबुआ नौरंगिया, हिन्दुस्तान संवाद। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मठिया आलम में मंगलवार को भूमि विवाद में ट्रैक्टर से कुचल कर महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर पर पांच लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। घटना के बाद से ही सभी आरोपी फरार हैं।

मठिया आलम गांव के अमवा टोला में मंगलवार को विवादित भूमि की जुताई रोकने पहुंची पूनम देवी के ऊपर पट्टीदार ने रोटावेटर लगा ट्रैक्टर चढ़ा दिया था। जिससे उसकी मौत हो गयी थी। पोस्टमार्टम कराने के बाद थाने पहुंचे मृतका का पति प्रेमलाल ने गांव के पांच लोगों पर बैनामे वाले खेत को जबरदस्ती जोतने और मना करने पर पत्नी के ऊपर टैक्टर चढ़ा कर मार डालने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक अजय, बृजानंद, कमलेश, अमित व रामावती देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

**तड़प रही महिला को छोड़ कर भाग गए थे आरोपी:** ट्रैक्टर व रोटावेटर से कुचलकर गंभीर रूप से घायल हुई पूनम देवी को आरोपियों ने खींच कर बाहर निकाला मगर उसे अस्पताल नहीं ले गए। खेत में ही उसे तड़पता छोड़ कर भाग खड़े हुए। गांव के लोग जुटे मगर बृजानंद के परिवार के डर से किसी ने पुलिस या एंबुलेंस को फोन नहीं किया। तब गांव की एक महिला ने एंबुलेंस को फोन किया और घायल महिला को लेकर अस्पताल तक गयी। घटना के समय पूनम के परिवार के लोग गांव से बाहर थे।


नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मठिया आलम में भूमि विवाद में ट्रैक्टर से महिला की कुचलकर हत्या की सूचना के बाद रोते-बिलखते परिजन।


पूनम देवी (फाइल फोटो)

## गांव में तनाव, छह थानों की लगी फोर्स

नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के मठिया आलम के अमवा टोला में ट्रैक्टर से कुचल कर महिला की हत्या के बाद गांव में तनाव बढ़ गया था। शान्ति व्यवस्था बनाने हेतु छह थानों की पुलिस सहित पुलिस लाइन से भी पुलिस बल बुलाकर गांव में तैनात किया गया था।

हत्या की सूचना मिलते ही नेबुआ नौरंगिया थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने गांव की स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया। उच्चाधिकारियों ने कुबेरनाथ, रामकोला, कप्तान गंज, खड्डा, हनुमानगंज सहित पुलिस लाइन से भी रिजर्व पुलिस बल गांव में भेज शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में सफलता प्राप्त की।

# पुलिस तक नहीं पहुंचा था विवाद

**अनदेखी**

- महज छह डिस्मिल जमीन के लिए दोनों पट्टीदारों में था विवाद
- प्रेमलाल और बृजानन्द ने साथ खरीदी थी 24 डिस्मिल जमीन

नेबुआ नौरंगिया, हिन्दुस्तान संवाद। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मठिया आलम में मात्र छह डिसमिल भूमि पर कब्जे के विवाद और में महिला की हत्या कर दी गयी। जमीन का विवाद पुलिस तक नहीं पहुंचा था। गांव की पंचायत ने फैसला किया था मगर बृजानंद व उसका परिवार से मान नहीं रहा था। पंचायत के फैसले के अनुसार जमीन पर प्रेमलाल का हक था। ग्रामीणों का कहना है कि बृजानंद व उसका परिवार दबंगई के मद में चूर था। वह लोग किसी हाल में प्रेमलाल की जमीन पर कब्जा चाहते थे।

मृतका के लड़कियों के मुताबिक प्रेमलाल और बृजानन्द ने कुछ वर्ष पूर्व एक साथ किसी से 24 डिसमिल जमीन बैनामा लिया था। जिसमें प्रेमलाल ने अपने हिस्से की 12 डिसमिल जमीन में से कुछ हिस्सा घर बनवाने हेतु घेरा था और बाकी हिस्सा जमीन के चारों दिशाओं में कुछ भूमि अन्य प्रयोजन के लिए छोड़ दिया था। उसी जमीन को बृजनन्द व उसका परिवार अपनी सीमा से बाहर आकर जोत लिया था। इसको लेकर इसके पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। जिसमें गांव में पंचायतन समझौता करा देने से मामला थाने तक नहीं पहुंचा।


महिला की हत्या के बाद गांव में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स तैनात की गई।

बच्चों का कहना है कि पंचायत में हर बार भूमि बराबर बराबर नाप कर बंटवारा करने का फैसला होता रहा लेकिन पट्टीदार बृजानंद हठ के चलते भूमि नहीं छोड़ रहा था। पंचायत का स्पष्ट फैसला था कि वह जमीन प्रेमलाल की है, उस पर से बृजानंद को कब्जा छोड़ना होगा। मगर वह नहीं मानता था। उसी जमीन पर जोतने के दौरान जब प्रेमलाल की पत्नी उन्हें रोकने गयी तो ट्रैक्टर से कुचल कर उसकी हत्या कर दी गयी। गांव के लोग भी इस घटना से काफी मर्माहत हैं। ग्रामीणों को कहना हैं कि अगर पंचायत के फैसले को मानकर भूमि बंटवारा कर लिया होता तो आज पूनम अपने बच्चों के साथ जिंदा रहती। मृतका की बड़ी बेटी आभा ने बताया कि बृजानन्द के नाम से दो ट्रेलर गन्ना का मूल्य 29000 रुपये बाकी था जिसको मांगने पर मारपीट उतारू हो जाते थे। पैसे के लिए कई बार प्रेमलाल को मारा पीटा भी गया था। घटना के बाद बदहवास प्रेमलाल अपने बेबसी और लाचारी को कोस रहा है। मृतका पूनम के पांच बच्चे हैं। सभी अविवाहित हैं।

# दंगा नियंत्रण उपकरणों का हुआ पूर्वाभ्यास

**जागरण संवाददाता, पडरौनाः** विपरित परिस्थितियों से निपटने तथा मजबूत कानून व्यवस्था के लिए बुधवार को पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण उपकरणों का पूर्वाभ्यास किया गया। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों को भीड़ को तितर-बितर करने के साथ ही अराजक स्थिति बनने पर हालात काबू करने के तरीके बताए।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर पुलिस लाइन में सुबह नौ बजे दंगा नियंत्रण का अभ्यास हुआ। दो घंटे तक चले पूर्वाभ्यास में पुलिसकर्मियों ने एंटी राइट गन, चिली हैंड ग्रेनेड एवं टीयर गैस फायर किया। इसके अलावा पुलिसकर्मियों को दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके बताए गए। पूर्वाभ्यास के दौरान भीड़ तितर-बितर करने के तरीके बताए गए। पुलिसकर्मियों ने दंगा नियंत्रण के लिए अलग-अलग विधि का प्रदर्शन किया। सीओ सदर ने कहा कि मजबूत कानून व्यवस्था कायम रखने के साथ-साथ विपरित परिस्थितियों से निपटना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दायित्वों को लेकर पुलिसकर्मी हर क्षण तत्पर रहें। जिससे कि अराजक स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल काबू पाया जा सके। आरआई रूपेश कुमार, एसपी के पीआरओ राघवेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



पुलिस लाइंस में दंगा नियंत्रण उपकरण का पूर्वाभ्यास कराते सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ( बीच में ) ● जागरण

## पैदल गश्त कर एएसपी ने कराया सुरक्षा का अहसास

**जासं, पडरौनाः** पैदल गश्त अभियान के तहत एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बुधवार को मातहतों संग नगर, हाटा व रामकोला में गश्त किया। दुकानदार व आमजन से मिल एएसपी ने कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा में हर पल तत्पर है। घटनाओं से बचने के लिए सभी सावधानी बरतें। संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अफवाहों पर ध्यान न दें। हाटा नगर में पुलिस बल भीड़-भाड़ वाले स्थान के अलावे प्रमुख मार्गों के रास्ते गुजरा, जहां संदिग्धों की जांच-पड़ताल की। आस-पास पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। गश्त के दौरान एएसपी ने सर्राफा दुकानदारों से भी बातचीत की। कहा कि सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। दुकानदार भी सावधानी बरतें, जिससे कि घटनाओं से बचा जा सके। कहा कि सीसीटीवी कैमरा दुकानों में जरुर लगवाएं। ताकि किसी तरह की घटना होने पर अपराधियों की पहचान में मदद मिल सके। एएसपी ने कहा कि अराजकतत्व जानबूझकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे। अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर है। इनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी और ये जेल भेज जाएंगे। कहा कि कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस नगर, कस्बों के भीड़-भाड़ वाले स्थान जैसे सर्राफा बाजार, शापिंग माल, बड़ी दुकानों, महिला कालेज के अलावा रेलवे तथा बस स्टेशनों पर पैदल गश्त कर लोगों में सुरक्षा भावना को और मजबूत कर रही है। कोतवाल आरके सिंह, दारोगा शिवम द्विवेदी, गौरव वर्मा आदि शामिल रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**जासं, जटहांबाजार :** इलाके में 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म की घटना हुई है। पुलिस बुधवार को आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। घटना मंगलवार रात की है।

बताया जा रहा है कि किशोरी रात 11 बजे के आसपास अकेले गांव के बाहर शौच के लिए गई थी। गांव का ही युवक जबरदस्ती बाग में खींच ले गया और दुष्कर्म किया।

किशोरी के शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंचे तब तक आरोपित फरार हो गया। घर पहुंची पीड़िता ने इसकी जानकारी दी।

सुबह थाने पहुंच पीड़िता ने नामजद तहरीर दी। पुलिस ने आरोपित युवक ध्रुप के विरुद्ध दुष्कर्म तथा पाक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर उसे उसके रिश्तेदारी से गिरफ्तार कर लिया। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है।

# पकड़ी गई बालू भरी बोरियों से लदी ट्राली

**खड्डा:** क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पड़रहवा गांव के सामने वीरभार ठोकर के समीप बुधवार को बालू भरी बोरियों से लदी ट्राली पुलिस ने पकड़ी। नारायणी के छितौनी बांध के ठोकर संख्या तीन, चार और वीरभार ठोकर के समीप धंधेबाज बालू का खनन कर रहे हैं। इससे बांध को क्षति पहुंच सकती है। बाढ़ खंड के एसडीओ मनोरंजन कुमार ने पिछले माह एसडीएम को पत्र लिखा था। उसके बाद कुछ दिनों तक खनन बंद रहा। इसी बीच किसान के खेत से बालू खनन की अनुमति मिली तो छितौनी बांध के ठोकरों के समीप व पनियहवा पुल से पूरब खनन शुरू हो गया। एसएचओ धनवीर सिंह का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी। (जासं)

# महिला की ट्रैक्टर से रौंदकर हत्या के मामले में पांच पर मुकदमा

**जासं, नेबुआ नौरंगिया:** क्षेत्र के मठिया आलम गांव में मंगलवार को भूमि विवाद के दौरान ट्रैक्टर से रौंदकर महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध का मुकदमा दर्ज किया है। नेबुआ नौरंगिया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मठिया आलम गांव के अमवा टोला में विवादित भूमि की जोताई के दौरान ट्रैक्टर व रोटावेटर की चपेट में आने से पूनम देवी की मृत्यु हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद मृतका के पति प्रेमलाल ने गांव के ही पांच लोगों पर बैनामा की भूमि जबरदस्ती जोतने और मना करने पर पत्नी को ट्रैक्टर से कुचलकर मार देने का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक अजय, बृजानंद, कमलेश, अमित, रमावती देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय परिसर से हटाई गई पुलिस चौकी



कटाई भरपुरवा प्राथमिक विद्यालय में खोली गई पुलिस चौकी ● जागरण

- वर्ष 2006 में दस्युओं ने दो लोगों की कर दी थी हत्या
- स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ने पर हटाने का लिया गया निर्णण

**जागरण संवाददाता, खिरकिया बाजार:** बेसिक शिक्षा विभाग की शिकायत के बाद एसपी धवल जायसवाल ने कटाई भरपुरवा प्राथमिक विद्यालय के एक कक्ष में बनाई गई पुलिस चौकी को तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया था। बुधवार को पुलिसकर्मियों ने सामान निकालकर चौकी को खाली कर दिया।

कटाई भरपुरवा गांव में वर्ष 2006 में जंगल दस्युओं ने रामनिवास चौरसिया और इंद्रासन चौरसिया की गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह घटना काफी दिनों तक चर्चा में रही। ग्रामीणों की मांग पर वर्ष 2007 में प्राथमिक विद्यालय के एक कमरे जटहां बाजार थाने की पुलिस चौकी स्थापित की गई थी। इधर बच्चों की संख्या में वृद्धि होने लगी को कमरे कम पड़ने लगे।

बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी ने एसपी से पुलिस चौकी को हटाने की मांग की। एसएचओ रामचंद्र राम ने बताया कि एसपी के निर्देश पर विद्यालय परिसर से चौकी हटा ली गई है। जगह की तलाश की जा रही है, तब तक थाना परिसर में ही व्यवस्था रहेगी।

# वीडियो बनाने से मना करने पर मनबढ़ों ने किया हमला

**जासं, पडरौना:** कसया के सोहसा मठिया निवासी वियफा देवी ने एसपी धवल जायसवाल को प्रार्थना-पत्र देकर वीडियो बनाने से मना करने पर हमला करने वाले मनबढ़ों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि घर में तिलक कार्यक्रम में शामिल महिलाओं-बच्चियों का मनबढ़ वीडियो बना रहे थे, रोकने पर लाठी-डंडे से हमला कर घायल कर दिए। सूचना के बाद भी कसया पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

शिकायती पत्र में महिला ने कहा है कि बीते 21 मई की रात को उनके बेटे का तिलक था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद घर व रिश्तेदारी में आईं लड़कियां, महिलाएं नृत्य कर रहीं थीं। गांव के ही आधा दर्जन से अधिक मनबढ़ वीडियो बनाने लगे। मना करने पर जातिसूचक शब्द बोलते हुए अपशब्द कहे। एसपी ने मामले में सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# करंट की चपेट में आने से लाइनमैन घायल

**जासं, हाटा:** सिरसिया नंबर दो के रहने वाले लाइनमैन नरसिंह निषाद मंगलवार की देर शाम नलकूप पर बिजली ठीक करते समय करंट की चपेट में आकर घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया है।

# बहू व उसके स्वजन पर लगाया बेटे के अपहरण का आरोप

**जासं, बोदरवार:** कप्तानगंज के असना गांव के युवक के गायब होने का मामला सामने आया है। परेशान पिता ने बहू व उसके घर वालों पर अपहरण का आरोप लगाया है। कप्तानगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जितेंद्र सिंह की शादी चार साल पूर्व हाटा के परसौनी मेहिअवां गांव की रहने वाली युवती से हुई थी। तीन माह से पति-पत्नी के बीच संबंध ठीक नहीं है।

इसे लेकर रिश्तेदारों की मौजूदगी में पंचायत हुई, जिसमें दोनों के अलग रहने पर सहमति बनी। आरोप है कि सोमवार को बहू कुछ लोगों को लेकर आई और जितेंद्र को अपने साथ कप्तानगंज तहसील ले गई। वहां उसने भूमि अपने नाम कराने की कोशिश की, जिस पर जितेंद्र ने इन्कार कर दिया।

आरोप है कि तब से जितेंद्र गायब है उसका पता नहीं चल रहा। पिता ने बेटे के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। एसएचओ अनिल कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच की जा रही है, जांच के आधार पर कार्रवाई होगी।

# अवैध बालू पकड़कर पुलिस ने की कार्रवाई

खड्डा। खड्डा पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के वीरभार ठोकर के समीप से खनन कर बोरियों में भरकर ट्रेलर पर लाया जा रहा बालू पकड़ा। प्रभारी निरीक्षक धनवीर सिंह का कहना है कि ट्रेलर पर बोरियों में भरा बालू बरामद किया गया है। वाहन को जब्त कर कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# महिला की हत्या में पांच पर मुकदमा दर्ज

**पकड़ियार बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मठिया आलम में मंगलवार को विवादित खेत की जोताई करते समय ट्रैक्टर और रोटावेटर की चपेट में आने से महिला की हुई मौत के मामले में पुलिस ने महिला के पति की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मठिया आलम के अमवा टोला में मंगलवार को एक विवादित भूमि की जुताई किए जाने को लेकर उत्पन्न विवाद में ट्रैक्टर और रोटावेटर की चपेट में आने से पूनम देवी की मौत हो गई थी।

पोस्टमार्टम कराने के बाद देर रात थाने पहुंचे महिला के पति प्रेमलाल ने गांव के पांच लोगों के खिलाफ अपना खेत जबरदस्ती जोतने और मना करने पर पत्नी के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा कर मार देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

पुलिस ने पति की तहरीर पर मंगलवार की रात में ही ट्रैक्टर चालक अजय सहित बृजानंद, कमलेश, अमित, रामावती देवी के खिलाफ हत्या सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। संवाद

# दुदही कस्बे में हटवाया गया अतिक्रमण

## एसडीएम के नेतृत्व में की गई कार्रवाई, प्रशासन के निर्देश के बाद दुकानदारों ने स्वयं हटाए दुकानों के छज्जे



दुदही बाजार में अतिक्रमण हटवाते एसडीएम व्यास नारायण उमराव, प्रशासक रत्निका श्रीवास्तव । संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

दुदही। स्थानीय नगर पंचायत दुदही में सड़क की पटरियों पर दोनों तरफ हुए अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को एसडीएम तमकुही के नेतृत्व में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया।

रेलवे की दुकानों के आगे लगे छज्जे को व्यापारियों ने स्वयं हटा लिया। प्रशासन के इस अभियान से अवैध अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

नगर के दुदही में हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए एसडीएम तमकुहीराज व्यास नारायण उमराव व प्रशासक रत्निका श्रीवास्तव ने नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ प्रचार वाहन, बुलडोजर के साथ रेलवे स्टेशन रोड, बैंक रोड के दोनों तरफ नालियों के ऊपर से अतिक्रमण को हटवाया। जबकि चांदनी चौक, गोला बाजार, गांधी चौक पर दोनों तरफ सड़क की पटरियों और सार्वजनिक स्थानों पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए अगले दिन की तिथि तय की गई। एसडीएम ने व्यापारियों से नगर के प्रमुख मार्गों पर दुकानों के आगे लगाए गए छज्जे को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। नाली की सफाई न होने की शिकायत पर एसडीएम ने तत्काल अधिशासी अधिकारी दुदही विनय कुमार मिश्र को बरसात के पूर्व नालियों की सफाई कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिशासी अधिकारी विनय मिश्रा, एसएचओ नरेन्द्र कुमार राय, एसएचओ सेवरही आशुतोष सिंह, कानूनगो ओमप्रकाश प्रसाद, लेखपाल जयंत गुप्ता, संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।



परसौनी खुर्द गांव में पोखरे की जमीन से अतिक्रमण हटवाया गया। संवाद

### तहसीलदार ने हटवाया तालाब से अवैध अतिक्रमण

सम्मउर बाजार। तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के गांव परसौनी खुर्द में मंगलवार की शाम को राजस्व व पुलिस टीम ने तालाब की जमीन पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया। इसके बाद तालाब की खुदाई शुरू करा दी गई। प्रधान प्रतिनिधि रियाज अहमद उर्फ रोजा ने एसडीएम से तालाब की जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत की। एसडीएम के निर्देश पर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व टीम व पुलिस के साथ परसौनी खुर्द गांव में पहुंच कर तालाब की जमीन को चिह्नित कर अतिक्रमण को हटवाया। तहसीलदार ने ग्राम प्रधान को तालाब पर काम कराने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार दीपक गुप्ता, कानूनगो राणा सिंह, हलका लेखपाल राकेश कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

## महिला की हत्या में पांच पर मुकदमा दर्ज

पकड़ियार बाजार। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मठिया आलम में मंगलवार को विवादित खेत की जोताई करते समय ट्रैक्टर और रोटावेटर की चपेट में आने से महिला की हुई मौत के मामले में पुलिस ने महिला के पति की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मठिया आलम के अमवा टोला में मंगलवार को एक विवादित भूमि की जुताई किए जाने को लेकर उत्पन्न विवाद में ट्रैक्टर और रोटावेटर की चपेट में आने से पूनम देवी की मौत हो गई थी।

पोस्टमार्टम कराने के बाद देर रात थाने पहुंचे महिला के पति प्रेमलाल ने गांव के पांच लोगों के खिलाफ अपना खेत जबरदस्ती जोतने और मना करने पर पत्नी के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा कर मार देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

पुलिस ने पति की तहरीर पर मंगलवार की रात में ही ट्रैक्टर चालक अजय सहित बृजानंद, कमलेश, अमित, रामावती देवी के खिलाफ हत्या सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। संवाद

# स्वर्ण व्यवसायी की हत्या के बाद मातम में डूबा नरायणपुर कोठी

## सर्राफ की हत्या के सदमे से नहीं उबर पा रहे लोग, पूछताछ के लिए पुलिस ने दो लोगों को उठाया

संवाद न्यूज एजेंसी

बनकटा बाजार। सराफा कारोबारी की गला रेत कर हुई हत्या की वजह से व्यापारी समाज सदमे से उबर नहीं पा रहा है। क्षेत्र में सनसनी फैला देने वाले इस हत्याकांड में पुलिस के हाथ फिलहाल खाली हैं, लेकिन पूछताछ के लिए पुलिस ने दो लोगों को उठाया है। बुधवार को भी नरायनपुर कोठी सहित क्षेत्र सभी व्यापारी और आम लोग मर्माहत दिखे।



नारायणपुर कोठी बाजार में घटना की चर्चा करते व्यापारी। संवाद

पटहेरवा थाना क्षेत्र के नारायणपुर कोठी में बीते सोमवार की रात सराफा कारोबारी जयराम वर्मा की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। बुधवार को चौराहे पर लोग तो मौजूद थे लेकिन सबके चेहरे पर मातम दिख रहा था। इस घटना के बाद से व्यापारियों में डर का माहौल हो गया है। सुबह से ही नारायणपुर कोठी चौराहे की अधिकतर दुकानें बंद थीं। व्यापारी अपने साथी की हत्या होने के कारण काफी दुखी दिखाई दे रहे थे। चौराहे पर मौजूद लोग इस हत्या को लेकर चर्चा कर रहे थे। व्यापार मंडल के अध्यक्ष रवि कुशवाहा ने बताया कि हमारे बाजार में आज तक इस तरह की कोई घटना नहीं हुई थी।

हम सभी व्यापारी इस घटना की घोर निंदा करते हैं। पुलिस से इस घटना के जल्द पर्दाफाश करने की मांग हो रही है।

*व्यापारियों को डरने की जरूरत नहीं है। पुलिस की छानबीन तेजी से चल रही है। बहुत ही जल्द इस घटना का पर्दाफाश हो जाएगा। घटना के जल्द खुलासे के लिए टीमें लगाई गई हैं। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।*
*–धवल जायसवाल, एसपी*

### सबूत खंगालने पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम

बनकटा बाजार। नारायणपुर कोठी में क्राइम ब्रांच की टीम सबूत खंगालने में लगी हुई है। पीड़ित पक्ष के परिजनों ने बताया कि बुधवार की सुबह हमारे देवरिया निवास स्थान पर क्राइम ब्रांच की टीम पहुंचकर पूछताछ की उसके बाद हमें घटनास्थल पर आने को कहा। क्राइम ब्रांच की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर कई पहलुओं पर सबूत इकट्ठा करने में लगी रही। निरीक्षण के दौरान सराफा व्यापारी की दुकान से सबूत के तौर पर कुछ डायरी किताब अपने साथ ले गए। क्राइम ब्रांच के ऑफिसर अमित शर्मा ने बताया कि जांच चल रही है। बहुत जल्द आरोपी पकड़े जाएंगे। पटहेरवा थाना के प्रभारी अखिलेश सिंह भी साथ में मौजूद रहे। थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि जांच चल रही है।

अवै...
पुलि...
खड्ड... को ... समी... भरक... पकड़... सिंह... बोरि... गया

# मंदबुद्धि महिला लापता

**तमकुहीरोड।** नगर पंचायत सेवरही के मालवीय नगर निवासी 35 वर्षीय महिला संध्या देवी पत्नी रामप्रसाद निषाद पिछले 10-12 दिनों से कहीं लापता हो गई हैं। महिला मंदबुद्धि बताई जा रही है। महिला के भाई कैलाश निषाद सहित अन्य परिजन उनकी खोज में लगातार लगे हुए हैं। लेकिन अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। पीड़ित परिवार ने इसकी लिखित शिकायत सेवरही थाने में की है। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2022

# 27500 ₹ शमन शुल्क वसूला

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्ह्ति स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 234 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही 26 वाहनों से 27500 ₹ शमन शुल्क वसूल किया गया। **शांतिभंग की आशंका में 40 गिरफ्तार** : जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग की आशंका में कुल 40 व्यक्तियों को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया साथ ही उन्हें चालान न्यायालय किया गया। **50 शीशी शराब बरामद** : पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए1 व्यक्तिय केकब्जे से 50 शीशी देशी/नेपाली शराब बरामद किया गया। साथ ही उसे 60 आबकारी एक्ट के तहत चालान न्यायालय किया गया।

# पुलिस कर्तव्य के प्रति रहे सजग : एसपी



एसएसबी व पुलिस के साथ बैठक करते पुलिस अधीक्षक।

**कोल्हुई बाजार(एसएनबी)**। थाना कोल्हुई पर बार्डर सुपरविजन स्कीम को लेकर पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने थाने व भारत नेपाल सीमा पर स्थित जोगियाबारी घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस व एसएसबी के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये। यही नहीं एसपी ने क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, व्यापारियों व चौकीदारों के साथ बैठक कर समस्याओं से रूबरू हुए। साथ ही निराकरण करने का आश्वासन भी दिया। बार्डर पर आने जाने वाले संदिग्ध लोगों का जांच करें। रात्रि के समय गश्त, संदिग्धों की जांच, वाहनों की जांच व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखनेकेलिए पूरी तरह से मुस्तैद रहे। उन्होंने क्षेत्र के विवादों को निपटाने, भूमि विवाद, तस्करी व अपराधों पर नियंत्रण रखने केलिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने थाने का निरीक्षण किया और कार्यालय के अभिलेखों, अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, बीट सूचना व अन्य अभिलेखों का अवलोकन कर निर्देश दिया। एसपी ने संभ्रांत व्यक्तियों, व्यापारियों व चौकीदारों के साथ बैठक की और समस्याओं से रूबरू हुए। साथ ही चौकीदारों की सम्मानित भी किया है। इस दौरान बैठक में खाद तस्करी, मेडिकल स्टोरों पर नशीली दवाओं की बिक्री, गाड़ियों का चालान, कोल्हुई के अवैध स्टैंड आदि समस्याओं को उठाया गया। एसपी ने उक्त समस्याओं का निस्तारण के लिए आश्वासन दिया। एसपी को बुके देकर स्वागत किया गया।

**एसपी ने बार्डर सुपरविजन के तहत कोल्हुई थाने व जोगियाबारी सीमा का किया निरीक्षण, दिया निर्देश**

इस दौरान सीओ फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्र, एसओ कोल्हुई अभिषेक सिंह, दुर्गेश वैश्य, साकिर सिकंदर अली संदीप यादव, अखण्ड सिंह, अरविंद राय, उपनिरीक्षक एएसबी बहादुर, मनोज सिंह, मधुर सिंह, बाबर अहमद अब्बासी, प्रिंस जायसवाल, गोलू राय, योगेन्द्र सिंह, शिवनारायण दास, दिनेश रौनियार, पप्पू खान, असफाक खान, श्रीराम जायसवाल, डब्लू सिंह, समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# मारपीट में महिला समेत चार घायल

**कोल्हुई बाजार (एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हरैया पंडित में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मारपीट में दोनों पक्षों के महिला समेत चा लोग घायल बताए जा रहे है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराते हुए घायलों को उपचार के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सभा हरैया पंडित में एक पक्ष मंगरु तथा दूसरा पक्ष जोगी आदि लोगों में जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी होने लगी और मामला मारपीट में बदल गया। इस मारपीट में दोनों पक्षों के महिला समेत चार लोग घायल हुए हैं। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामला शांत करा दिया है और घायलों को उपचार के लिए भेज दिया है। इस संबंध में एसओ कोल्हुई अभिषेक सिंह ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है। तहरीर मिली है और कार्रवाई की जा रही है।

# एसपी ने कोल्हुई थाने में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**कोल्हुई, हिन्दुस्तान संवाद।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने बार्डर सुपरविजन के तहत कोल्हुई थाने का निरीक्षण कर फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस बीच एसपी ने बीट पुलिसकर्मियों को समय से बीट सूचना अंकित कराने के लिए मातहतों को निर्देशित किया।

एसपी ने सबसे पहले अपराध रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर सहित अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने थाने के सभी उपनिरीक्षकों के क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त कर पुलिसिंग प्रणाली के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने थानाध्यक्ष को बार्डर क्षेत्र में लगातार गश्त, संदिग्धों की सघन तलाशी व सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाए रखने का सख्त निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने फरियादियों, संभ्रांत व्यक्तियों से बात कर उनकी समस्याओं को सुना व मातहतों को त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।

**भूमि विवादों का करें त्वरित निस्तारण**

एसपी डा. कौस्तुभ ने कोल्हुई थाने के निरीक्षण के दौरान एसओ व उपनिरीक्षकों के साथ बैठक कर भूमि संबंधित विवादों का त्वरित निस्तारण का निर्देश देते हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने व निराकरण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने एसएसबी के जवानों के साथ बैठक कर कहा कि जवान सीमा क्षेत्र पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

**चौकीदारों का किया सम्मान:** एसपी डॉ. कौस्तुभ से थाने पर मौजूद चौकीदारों ने अपनी समस्याओं से रूबरू कराया। जिस पर उन्होंने समस्याओं के निस्तारण का निर्देश देते हुए चौकीदारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कहा कि अपराध नियंत्रण में चौकीदारों की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। इस मौके पर सीओ कोमल मिश्रा, एसओ अभिषेक सिंह, एसआई दुर्गेश वैश्य, लवकुश सिंह सहित एसएसबी टीम मौजूद रही।

**राजमंदिर व डुंडा नदी का निरीक्षण किया:** एसपी ने बार्डर सुपरविजन स्कीम के तहत थाना कोल्हुई के चौकी जोगियाबारी क्षेत्र के राजमंदिर तथा डुंडा नदी क्षेत्र का किया। भ्रमण के दौरान बार्डर क्षेत्र से होने वाले अपराधों व तस्करी पर नियंत्रण के लिए थाना प्रभारी कोल्हुई व चौकी प्रभारी जोगियाबारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नेपाल के साथ अन्तर्राष्ट्रीय सीमा साझा करने तथा पूर्णतः खुली सीमा होने के कारण अपराधियों व तस्करों द्वारा लगातार गैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश की जाती रही है। लेकिन पुलिस प्रशासन के सतर्क व सख्त रवैये के कारण इस तरह की गतिविधियों पर नियंत्रण लगाया जाना संभव हो पाया है। लगातार गस्त करते रहें।

**निरीक्षण**

- अपराध रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों का लिया जायजा
- बार्डर क्षेत्र में गश्त, सघन तलाशी व सुरक्षा चाक चौबंद रखने के निर्देश



एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बुधवार को कोल्हुई थाने में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने थाना परिसर का जायजा भी लिया। • हिन्दुस्तान

## एक नजर में

### चार वारंटी गिरफ्तार

**महराजगंज:** कोतवाली पुलिस ने चार वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने बताया कि रघुनाथपुर निवासी शिव पूजन, राम्हरिंद, अमरावती तथा खेम पिपरा निवासी अंगद को गिरफ्तार किया गया है। (जासं.)

# सीमा क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर रहें चौकस

**जासं, आनंदनगर :** बुधवार को पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने बार्डर सुपरविजन स्कीम कार्यक्रम के तहत कोल्हुई थाने व सीमा क्षेत्र का निरीक्षण कर चौकसी बरतने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में रखे अभिलेखों, अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर व बीट सूचना रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त कर बीट पुलिसिंग प्रणाली के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। बीट पुलिस कर्मियों को समय से बीट सूचना अंकित कराने, मालखाने में रखे बलवा ड्रिल से संबंधित उपकरणों, एंटी राइट उपकरणों की सफाई कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे होने के कारण समस्त संबंधित प्रभारी



जोगियाबरी में निरीक्षण करते एसपी डा.कौस्तुभ● जागरण

- **पुलिस अधीक्षक ने कोल्हुई थाने का किया निरीक्षण**
- **अभिलेखों, अपराध व अन्य रजिस्टरों के बारे में ली जानकारी**

निरीक्षक, थानाध्यक्षों को बॉर्डर क्षेत्र में निरंतर गश्त करते रहें, वाहनों की जांच करें और एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाए रखें। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्ति मिलने पर उससे उसके बारे में पूरी तरह से पता किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कोल्हुई के नागरिकों के साथ वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना और निस्तारण करने का निर्देश दिया।

इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्र,थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह, लवकुश सिंह, अखंड प्रताप सिंह, दुर्गेश वैश्य, उपनिरीक्षक एसएसबी कपूरचंद, किशन सिंह भाटी मौजूद रहे।

**न्यूज डायरी**

## पांच बोरी खाद बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**महराजगंज।** बरगदवां थाना क्षेत्र की नेपाल सीमा के करीब पांच बोरी खाद के साथ दो लोग को पकड़ा गया। तीन बोरी यूरिया एवं दो बोरी डीएपी के दो आरोपी पकड़े गए। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक सुनील राय ने दी। उन्होंने बताया कि आरोपी नीरज कुमार थथेर निवासी राजाबारी जिला नवलपरासी नेपाल और नन्हें डफाली निवासी बैरहवा थाना परासी जिला नवल परासी को पकड़ा गया है। संवाद

## चार वारंटी का चालान किया

**महराजगंज।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को चार वारंटियों का चालान कर दिया। शिवपूजन, रामहरिन्द्र, अमरावती रघुनाथपुर एवं अंगद निवासी खेमपिपरा को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। यह जानकारी उप निरीक्षक कमलेश प्रताप सिंह ने दी। संवाद

## अवैध कब्जा हटवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**महराजगंज।** पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के कोट कम्हरिया गांव के लोगों ने गांव में जमीन पर हुए कब्जे को हटवाने की मांग को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सभी ने एक स्वर में कहा कि जमीन पर झोपड़ी डालकर कब्जा किया गया है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे हेमंत कुमार ने कहा कि अगर कब्जा नहीं हटा तो आंदोलन किया जाएगा। आरोप लगाया कि इस मामले की शिकायत कई बार की गई, लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। संवाद

# घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए मददगार बना वन स्टाप सेंटर

## 91 में से 60 मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हुए

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** घरेलू हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए वन स्टाप सेंटर वरदान साबित हो रहा है। बेहतर काउंसिलिंग एवं उचित मार्गदर्शन से पीड़ित महिलाओं की मुश्किलों को कम करने की कोशिश की जा रही है। पीड़ित महिला की शिकायत पर दोनों पक्षों को एक साथ बैठाकर उनको समुचित मार्गदर्शन देकर आपस में सुलह समझौते के लिए प्रेरित किया जाता है। पीड़ित महिलाओं के लिए वन स्टाफ समस्या सुलझाने में काफी मददगार साबित हो रहा है।

### लंबित मामलों में हो रही काउंसिलिंग

जानकारी के अनुसार 01 अप्रैल 2021 से 26 मई 2022 तक कुल 91 मामले आए। इसमें से दो मामले दुराचार, 83 मामले घरेलू हिंसा तथा 6 मामले कानूनी सहायता के रहे। इसमें से 60 मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर करा दिया गया। लंबित मामलों की काउंसलर प्रियंका सिंह काउंसिलिंग कर रही हैं।

**केस 1** गोरखपुर जनपद की निवासी एक महिला ने बताया कि उनकी शादी महराजगंज जनपद के एक गांव में हुई थी। करीब 12 साल पहले पति ने दूसरी शादी कर ली। किसी परिचित से जानकारी मिली कि वह वन स्टाप सेंटर पर जाएं, वहां से मदद मिल जाएगी। वन स्टाप सेंटर ने उन्हें पति से एक मश्त छह लाख रुपया दिलवा कर मामला हल करा दिया। वर्तमान में मायके में रह कर अपनी बेटी की शिक्षा दीक्षा व जीविकोपार्जन के लिए ब्यूटी पार्लर की दुकान खोलने की तैयारी में हैं।

**केस 2** महराजगंज की निवासी महिला ने बताया कि दो बच्चे हैं। लड़का दस साल का है, और लड़की सात साल की। जनवरी 2022 में पति ने दूसरी शादी कर ली। मामला वन स्टाप सेंटर पर लाईं तो उनके ससुर को बुलाकर काउंसिलिंग की गई। ससुर ने पोते के नाम जायदाद का वसीयत करने की बात कही। दोनों संतानों के भरण पोषण के लिए वह गोरखपुर में काम करती है। इसके एवज में उन्हें 5,000 रुपये प्रति माह मिलते हैं।

**केस 3** पनियरा क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि वह घरेलू हिंसा से परेशान थी। ससुराल वालों के उत्पीड़न से तंग आकर अपने मायके चली गई। ससुराल वालों ने 10 माह की बेटी को अपने पास रख लिया। समस्या से छुटकारा पाने के लिए महिला शक्ति केन्द्र महराजगंज पहुंची। पति की काउंसिलिंग हुई तो एक दिन में ही बेटी मिल गई।

*महिला उत्पीड़न जैसे घरेलु हिंसा, दहेज उत्पीड़न जैसे मामलों को काउंसिलिंग तथा सुलह समझौते के आधार पर समस्याओं को सुलझाया जाता है। इसके लिए पीड़िता को कानूनी, मेडिकल आदि सुविधाएं प्रदान की जाती है।*

– **डीसी त्रिपाठी,** जिला प्रोबेशन अधिकारी

# बीट पुलिसकर्मी क्षेत्र की हर हलचल पर रखें नजर : एसपी

## बार्डर सुपरविजन स्कीम के तहत कोल्हुई थाने का निरीक्षण किया

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** बीट पुलिस कर्मी समय से सूचनाओं को अपडेट करें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाने में आने वाले लोगों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनें। अभिलेखों का रखरखाव बेहतर ढंग से हो तथा क्षेत्र में प्रत्येक हलचल पर नजर रखें। ग्राम स्तर पर सूचनातंत्र को मजबूत करें।

उक्त बातें पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बुधवार को बार्डर सुपरविजन स्कीम के तहत कोल्हुई थाने के निरीक्षण के दौरान कही। इस बीच एसपी ने संभ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना। थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर व बीट सूचना रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। संबंधित थानों पर समस्त हल्का प्रभारी(उप निरीक्षक), बीपीओ से उनके क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रो के बारे में जानकारी प्राप्त की। बीट पुलिसिंग प्रणाली के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। मालखाने में रखे बलवा ड्रिल से संबंधित उपकरणों/एंटी राइट उपकरणों की सफाई करने का निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि सभी पुलिस कर्मी क्षेत्र में भ्रमणशील रहें। कहीं भी छोटी बड़ी घटना हो तो तुरंत मौके पर पहुंचे।



कोल्हुई थाने का निरीक्षण करते एसपी डॉ. कौस्तुभ। संवाद

### एसपी ने कहा- सभी पुलिस कर्मी क्षेत्र में भ्रमणशील रहें

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2022

# लूट की फर्जी सूचना पर हलकान हुई पुलिस

छावनी। विद्युत बिल बकायेदारों का कनेक्शन काटने को लेकर उपभोक्ता व विद्युत कर्मी के बीच मारपीट होने की घटना को किसी ने पुलिस काके फोन किया और बताया कि कुछ लोग रुपये की छिनैती कर लिए हैं।

# प्राणघातक हमले में पांच साल कारावास की सजा

बस्ती। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार की अदालत ने प्राण घातक हमले के मामलें कलवारी थाना क्षेत्र के कुसौरी निवासी जुबेर अहमद को पांच साल सश्रम कारावास व 3500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न अदा करने पर दो माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी कांत द्विवेदी ने अदालत को बताया कि कुसौरी निवासी फिरोज अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उसके पिता सईद अहमद 31 जुलाई 2003 शाम चार बजे अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान जुबेर अहमद वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश का लेकर उनके ऊपर हमला कर दिया। उनके हाथ से फावड़ा छीनकर उन्हें मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। बेहोशी की हालत में उन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। उनके हाथ व पैर में काफी चोट आई थी।

# भूमि विवाद में मारपीट आठ पर मुकदमा

बस्ती। कोतवाली क्षेत्र के भैंसहिया में भूमि विवाद को लेकर मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस को दी तहरीर में भैसहिया निवासी रूपा देवी ने बताया कि उनके दरवाजे पर वीरू, शेरू, राजाराम व ज्ञानचंद निवासी भैंसहिया आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर पीटा।

# अपराध से बचने को अपनाएं सतर्कता

**जागरूकता**

नगर बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत साइबर अपराध से आजादी के लिए राष्ट्रीय राज मार्ग 28 पर फुटहिया फ्लाईओवर के नीचे पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। इस मौक पर संगोष्ठी व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईजी बस्ती राजेश कुमार मोदक व पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया।

राम प्रसाद सिंह कन्या महाविद्यालय महरीपुर की छात्रा ज्योति शुक्ला, प्रिंसी श्रीवास्तव व तैयबा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। पंकज गोस्वामी ने मुख्य अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत किया। साइबर अपराधों से कैसे बचे के लिए संदेश व टिप्स दिया। मुख्य अतिथि राजेश कुमार मोदक ने कहा कि आजादी थीम इसलिए रखा गया क्योंकि साइबर अपराध से तभी बचा जा सकता है जब इसके बारे में जानकारी हो।



बुधवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत साइबर अपराधों से बचने के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। • हिन्दुस्तान

## नौ लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**बस्ती।** नगर पुलिस ने जगरनाथ सिंह निवासी भेलवल थाना नगर की तहरीर पर जसवन्त सिंह निवासी भेलवल थाना के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। कप्तानगंज पुलिस ने चौराहे पर पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने के आरोप में फूलचंद यादव निवासी रखिया की तहरीर पर विमलेश, विशाल, रवि व राहुल निवासी रखिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने राम अवधन निवासी देवनाथपुर थाना दुबौलिया की तहरीर पर मनोज, प्रमोद, विनोद व अरविन्द के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है।

## वाहन चेकिंग में 15 प्रतिबंधित पशु बरामद

**मुंडेरवा।** क्षेत्र के खझौला पुलिस चौकी के समीप मुजहना चौराहे के पास से ट्रक पर 15 पशु लादकर बस्ती से गोरखपुर की तरफ जा रही ट्रक को मुंडेरवा पुलिस ने पकड़ा है।

गाड़ी से चालक व दो अन्य को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए लोगों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। तलाशी के दौरान चालक सलीम के पास से तमंचा व एक जिंदा कारतूस, समीर निवासी मनकापुर, गोंडा के पास से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। एक अन्य गोंडा के वजीरगंज, दिलहारपुरा निवासी अली अहमद को गिरफ्तार किया गया।

# रंजिश में छह पर मारपीट का केस

बस्ती। शहर पुलिस ने मारपीट के मामले में छह के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के ही मड़वानगर में भी दंपति को मारने-पीटने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

पुलिस रानी देवी पत्नी पटेश्वरी ग्राम मड़वानगर की तहरीर पर रामजनक, कुलदीप के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। पुरानी बस्ती पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने व मारने-पीटने के मामले में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में सूरज निवासी देईपार थाना पुरानी बस्ती ने बताया कि शिवराम, रामप्रसाद, राजकुमार व हरिप्रसाद ने मारपीट की।

# दूसरे के अभिलेख पर नौकरी करने वाले शिक्षक पर मुकदमा

**बस्ती:** हर्रैया पुलिस ने दूसरे के प्रमाण पत्रों पर फर्जी तरीके से सहायक अध्यापक की नौकरी करने वाले एक व्यक्ति के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना, अभिलेखों में हेरफेर की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। खंड शिक्षाधिकारी विक्रमजोत अंजनी कुमार सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कूट रचित अभिलेख व दूसरे के दस्तावेज का उपयोग करके आरोपित शिव कुमार मिश्र निवासी मनैतापुर, थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय शेरवाडीह प्रथम में सहायक अध्यापक के रूप में तैनाती पा ली थी। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# जानलेवा हमले के आरोपित को पांच साल की सजा

**जागरण संवाददाता,बस्ती:** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार ने प्राण घातक हमले के मामले में कलवारी थाने के कुसौरी गांव निवासी जुबेर अहमद को पांच साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उसे 3500 रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड न जमा करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी कांत द्विवेदी ने घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि कुसौरी निवासी फिरोज अहमद ने पुलिस को दी तहरीर देकर बताया था कि उसके पिता सईद अहमद 31जुलाई 2003 शाम चार बजे अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान जुबेर अहमद वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर उन पर हमलावर हो गया।

सईद के हाथ से फावड़ा छीनकर उन्हें मार कर उसने बुरी तरह घायल कर दिया। बेहोशी की हालत में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनको कई गंभीर चोट आई थी। अदालत ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद जुबेर को दोषी ठहराया है।

# साइबर अपराध से बचने के लिए जानकारी जरूरी

## मोबाइल पर एटीएम व ओटीपी की जानकारी न दें, नुक्कड़ नाटक के जरिये बताया बचाव का तरीका





साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला में प्रतिभाग करते आइजी राजेश मोडक, एसपी आशीष श्रीवास्तव व कार्यशाला में जागरूकता नाट्य प्रस्तुत करते कलाकार • जागरण

**जासं, गोंडा:** आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत साइबर अपराध से आजादी कार्यक्रम के तहत बुधवार को फुटहिया चौराहे पर नुक्कड़ नाटक व कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को साइबर अपराध से बचने के तरीके बताए गए।

मुख्य अतिथि आइजी राजेश मोडक ने कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए खुद के पास पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए। मोबाइल पर लाटरी, एटीएम कार्ड एक्सपायर, ब्लाक होने की सूचना, योजनाओं को लेकर की जाने वाली फर्जी काल से सतर्क रहने की जरूरत है। कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए इंटरनेट मीडिया अकाउंट के यूजर आइडी और पासवर्ड किसी से शेयर न करें। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी फोटो पोस्ट करने में सावधानी बरतें। बैंक अकाउंट, क्रेडिट, डेबिट कार्ड नंबर, इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड मोबाइल में सेव न रखें। वहीं पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सुरक्षित और विश्वसनीय शापिंग वेबसाइट एप से ही शापिंग करें। अपने डेबिट, क्रेडिट कार्ड से संबंधित कोई भी जानकारी किसी के साथ शेयर न करें। कस्टमर केयर से संपर्क करने के लिए विश्वसनीय वेबसाइट पर जाकर ही कांटेक्ट नंबर सर्च करें, बैंक कस्टमर केयर अफसर बनकर ओटीपी, डेबिट कार्ड नंबर मांगने पर न दें। बैंक कस्टमर केयर कभी भी ओटीपी, सीवीवी कार्ड नंबर आदि नहीं मांगते हैं। साइबर अपराध होने पर इसकी सूचना तत्काल फोन नंबर 78398 72672 पर दें।

आइजी व एसपी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद रामसहाय सिंह कन्या महाविद्यालय महरीपुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। पंकज गोस्वामी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साइबर टीम द्वारा साइबर अपराध से बचाव के लिए एक पत्रक का भी वितरण किया गया।

क्षेत्राधिकारी करनैलगंज विनय चौहान, नगर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी, पुलिस चौकी फुटहिया के प्रभारी प्रदीप सिंह, साइबर अपराध शाखा के निरीक्षक विकास यादव, सब इंस्पेक्टर अजहर हुसैन, विद्यालय के प्रबंधक सत्य प्रकाश सिंह, भोले सिंह, राना प्रदीप सिंह, वेद प्रकाश सिंह, डा. विवेक सिंह आदि मौजूद रहे।

# थाने का टापटेन अपराधी गिरफ्तार

**छावनी :** छावनी पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे थाने के टाप टेन अपराधी हरीश चौरसिया निवासी धिरौली बाबू को बुधवार को उसके गांव से ही गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय रवाना किया गया।

# छह माह से फरार चल रहा वांछित गिरफ्तार

**बस्ती:** गौर पुलिस ने छह माह फरार चल रहे एक वांछित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक गौर व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में गौर थाने पर दर्ज दुष्कर्म, मारपीट आदि के मुकदमें वांछित चल रहे आरोपित अमित कुमार शर्मा को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक की ओर से आरोपित की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत चार पर मुकदमा

**भानपुर :** सोनहा पुलिस ने पति समेत सास, ससुर व देवर के खिलाफ मारपीट व दहेज के लिए प्रताड़ित करने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। सिद्धार्थनगर जनपद के इटवा थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी प्रमिला ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि दहेज के लिए उसके पति प्रदीप पाल, सास राजकुमारी, ससुर रामनरेश व उसके देवर संदीप पाल द्वारा उसे मारा-पीटा जाता है। आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।



रामजानकी तिराहा के निकट गड्ढे में गिरी अनियंत्रित पिंक सेवा बस ● जागरण

# पिंक सेवा वाली रोडवेज बस गड्ढे में गिरी, बाल-बाल बचे यात्री

- छावनी के रामजानकी तिराहे के पास हुआ हादसा
- गोरखपुर से 40 सवारियों को लेकर लखनऊ जा रही थी बस

**जासं, अमोढ़ा:** हाईवे पर छावनी के राम जानकी तिराहे के पास बुधवार को दोपहर बाद रोडवेज की पिंक सेवा वाली एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। हादसे में बस सवार सभी यात्री बाल-बाल बच गए। यात्रियों का कहना है कि चालक को झपकी आने से यह हादसा हुआ।

गोरखपुर से 40 सवारियों को लेकर लखनऊ जा रही राप्तीनगर डिपो की पिंक बस छावनी कस्बे के राम जानकी तिराहे पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस बैंक के चबूतरे को तोड़ते हुए गड्ढे में चली गई। बस में सवार गोरखपुर के सूर्यनारायण मिश्र ने बताया कि एक बार लगा कि बस पलट जाएगी। राप्तीनगर बस डिपो के परिचालक मेंहदावल संतकबीरनगर निवासी सुधीर ने बताया कि किसी भी यात्री को चोट नहीं आयी है। चालक ने बताया कि गुल्ली चिटकने से स्टेयरिंग फेल हो गई।

# कोर्ट के आदेश पर ट्रक चोरी का मुकदमा दर्ज

**बस्ती:** छावनी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अज्ञात के विरुद्ध ट्रक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पीड़ित पुरानी बस्ती थाने के करही गांव निवासी रमाकांत ने अपनी तहरीर में बताया है कि उनकी ट्रक 30 सितंबर 2021 को हाईवे पर छावनी थाने के बबुरहवा गांव के पास से गायब हो गई थी। पुलिस मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है।

# रहस्यमय ढंग से सेल्समैन गायब

**जासं, छावनी:** रहस्यमय ढंग से एक सेल्समैन के गायब होने का मामला सामने आया है। स्वजन की तहरीर पर पुलिस गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज की है।

छावनी थाने के बबुरीबाबू गांव निवासी राकेश सिंह अमोढ़ा में स्थित एक अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समैन है। वह मंगलवार की रात दुकान बंद करके घर के लिए निकले। रात 10 बजे तक जब घर नहीं पहुंचे तो परिवार वालों ने खोजबीन शुरू कर दी। सेल्समैन के बेटे उमेश्वर सिंह ने

**सेल्समैन के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया गुमशुदगी**
**मंगलवार की रात में दुकान बंद कर घर के लिए निकले थे राकेश सिंह**

घटना की जानकारी पुलिस को दी तो पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज की। बुधवार की सुबह रामजानकी मार्ग पर बरखंडीजोत गांव के पास पुलिस ने उसकी बाइक व हेलमेट बरामद किया। थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चोरी के मामले में अज्ञात पर मुकदमा

**बस्ती:** वाल्टरगंज के पड़िया चौराहे पर स्थित सहज जन सेवा केंद्र में पांच जून को ताला काटकर हुए चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। केंद्र संचालक जुनैद अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि चोरों ने केंद्र से एक लैपटाप व 10 हजार रुपया नकद उड़ा दिया।(जासं.)

# बाइक सवार दो युवकों के साथ मारपीट व छिनैती

**जासं, गोंडा:** नगर थाने के रमवापुर खुर्द गांव गावं के पास स्थित बगुली टेईपार पुलिया पर पहले से ही मौजूद कुछ लोगों ने बुधवार की सुबह बाइक सवार दो युवकों के साथ मारपीट की, उनके बाइक में तोड़फोड कर नकदी, आधार कार्ड, एटीएम आदि छीनकर फरार हो गए। पीड़ितों ने राहगीरों की मदद से डायल 112 पुलिस को सूचना दी। इसके बाद थाने पर तहरीर दी।

दुबौलिया थाने के भटहा गांव निवासी आशुतोष त्रिपाठी बस्ती में स्थित एक कोरियर एजेंसी के लिए काम करते हैं। सुबह लगभग आठ बजे वह कोरियर का सामान लेकर अपने साथ नगर थाने के पोखरा गांव निवासी कमलेश प्रजापति को साथ लेकर आगे बढे तो रमवापुर खुर्द के

## पीड़ितों ने राहगीरों की मदद से डायल 112 पुलिस को दी सूचना पुलिस ने दर्ज की तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा

निकट पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि पहले से ही मुंह पर गमछा बांधे हुए वहां बैठे कुछ लोगों ने उन्हें रोककर मारना पीटना शुरू कर दिया। दोनों का मोबाइल , पर्स में रखा 2230 रुपये, बैग में रखा एटीएम व आधार कार्ड व बैग छीन कर हमलावर फरार हो गए। आरोप है उन्होनें बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। नगर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि जीतनरायन निवासी भटहा के अलावा दो से तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# तीन पशु तस्कर गिरफ्तार

## मुंडेरवा पुलिस ने हाईवे पर 12 गोवंश लदे ट्रक को पकड़ा

**जागरण संवाददाता, पुरानी बस्ती:** मुंडेरवा पुलिस ने बुधवार को तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार कर एक ट्रक में लदे 12 गोवंश बरामद किया है। पशु तस्करों के पास दो अवैध तमंचा व दो कारतूस बरामद किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक मुंडेरवा राधेश्याम राय ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि एक ट्रक पर गोवंश लादकर पशु तस्कर गोरखपुर की तरफ जा रहे हैं। पुलिस ने उन्हें परसा हज्जाम के निकट कट के पास पकड़ लिया। ट्रक में तीन पशु तस्कर मौजूद मिले, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। सलीम निवासी ग्राम डिडियाखेड़ा थाना कान्दला जनपद शामली, समीर निवासी मनिकापुर थाना मनिकापुर जनपद गोंडा व अली अहमद निवासी ग्राम वीरहद्पुर थाना वजीरगंज जनपद गोंडा शामिल हैं। सलीम व समीर के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत अली अहमद के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ट्रक में 12 गोवंश लदे थे। चौकी प्रभारी खझौला रीतेश सिंह, एसआइ दिवाकर यादव, हेड कां. हरेंद्र यादव, कां. प्रमोद यादव, विशाल, प्रिन्स कुमार शामिल थे।



मुंडेरवा थाने में गिरफ्तार किए गए पशु तस्कर व पुलिस टीम • सौ. पुलिस विभाग

# थानाध्यक्ष ने दो दंपतियों के टूट रहे रिश्ते को बचाया

**बस्ती** : महिला थाने की थानाध्यक्ष के प्रयास से दो दंपतियों के टूट रहे रिश्ते बच गए। दोनों परिवारों को थाने से हंसी खुशी विदा किया गया। रुधौली थानाक्षेत्र के तंडौती निवासी एक दंपती के बीच मनमुटाव के चलते उनका रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंच गया था। महिला थाने की थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय ने सूझबूझ दिखाते हुए पति-पत्नी के बीच के मनमुटाव दूर कराकर उन्हें एक साथ रहने के लिए राजी किया। इसी तरह पुरानी बस्ती की एक महिला व गोंडा जिले के रहने वाले उसके पति के बीच मनमुटाव चल रहा था। (जासं.)

# महिलाओं को किया गया जागरूक

**जासं,कलवारी :** कलवारी थाना क्षेत्र के अगौना गांव में बुधवार को महिला सशक्तीकरण के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं व महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष कलवारी प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में महिला आरक्षी सुभागी व खुशबू पाण्डेय ने महिलाओं से कहा कि सरकार उनकी सुरक्षा के प्रति काफी गंभीर है।

कहा कि अगर किसी को कोई भी छेड़ता हो यह टिप्पणी करता हो तो उसकी जानकारी महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1089 सहित अन्य नंबरों पर जानकारी दें।

# जानलेवा हमले में पांच साल की सजा

**बस्ती।** अपर जिला व सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार की अदालत ने प्राणघातक हमले के मामले में कलवारी थाने के कुसौरी निवासी जुबेर अहमद को पांच साल सश्रम कारावास व 3500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड ने अदा करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने अदालत को बताया कि कलवारी थानाक्षेत्र के कुसौरी निवासी फिरोज अहमद ने तहरीर देकर बताया कि 31 जुलाई 2003 को शाम चार बजे पिता सईद अहमद खेत में काम कर रहे थे। गांव के जुबेर अहमद ने पुरानी रंजिश में उसके पिता के हाथ से फावड़ा छीन लिया और उसी फावड़े से मारने लगे। बेहोशी की हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने प्राणघातक हमला व अन्य धाराओं में जुबेर अहमद के खिलाफ कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया था। संवाद

# महिला अस्पताल की चिकित्सक सीडब्ल्यूसी में तलब

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पीड़ित बालिकाओं के मेडिकल जांच में लापरवाही एवं मनमानी करने पर महिला अस्पताल की चिकित्सक डॉ. अनीता वर्मा को( बाल कल्याण समिमि) सीडब्ल्यूसी ने न्याय पीठ के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित बालिकाओं को बाल कल्याण समिति की न्याय पीठ के समक्ष पुलिस की ओर से प्रस्तुत किया जाता है। परिस्थितियों को देखते हुए बाल कल्याण समिति इनकी मेडिकल कराने का आदेश देती है। संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार किसी भी बालिका का जबरिया मेडिकल नहीं किया जा सकता, इसलिए उनसे पूछा जाता है कि वह मेडिकल करवाना चाहती हैं या नहीं। चूंकि पीड़ित बालिका नाबालिग होती हैं, इसलिए उनकी सहमति या असहमति के साथ परिजनों की सहमति की जरूरी है।

### मेडिकल जांच में लापरवाही व मनमानी का आरोप, मांगा स्पष्टीकरण

एक मामले में मेडिकल जांच कराने गई महिला आरक्षी ने न्याय पीठ के समक्ष लिखित शिकायत की है कि पीड़िता के बाबा के रहते हुए डॉ. अनीता वर्मा ने यह कहकर मेडिकल करने से मना कर दिया कि उसकी मां आएंगी तभी मेडिकल किया जाएगा। बाबा के कहने पर मेडिकल करने से मना कर दिया। पीड़िता के माता-पिता उत्तर प्रदेश के बाहर हैं।

इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीडब्ल्यूसी के चेयर पर्सन प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, डॉ. संतोष श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी, गोवर्धन गुप्ता ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के माध्यम से पत्र भेजकर महिला चिकित्सक से स्पष्टीकरण मांगा है।

पत्र में लिखा है कि चिकित्सक वह नियमावली भी पीठ के समक्ष प्रस्तुत करें जिसमें बाबा, पिता, भाई, भाभी आदि को अभिभावक न माना गया हो। सीडब्ल्यूसी के चेयर पर्सन प्रेरक मिश्र ने कहा कि मामला गंभीर है। मेडिकल में लापरवाही बरतना न्यायालय के आदेश की अवहेलना के साथ ही बाल अधिनियम 2015 का उल्लंघन है।

# मारपीट के 13 मामलों में 50 लोगों पर मुकदमा

## जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में मारपीट की 13 घटनाओं में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर 50 आरोपियों के विरुद्घ मुकदमा दर्ज किया है। सभी मामलों की जांच की जा रही है।

कोतवाली थाने में रूपा देवी निवासी भैंसहिया ने गांव के वीरू, शेरू, राजाराम व ज्ञानचंद के खिलाफ मारपीट व अपशब्द कहने की तहरीर दी है। इसी मामले में दूसरे पक्ष के राजाराम निवासी ग्राम भैंसहिया ने अनिल, राम कुमार, मुकेश व सुनील के खिलाफ तहरीर दी है। इसी थाने के एक अन्य मारपीट के मामले में बड़ेवन मड़वा नगर निवासी रानी देवी ने राम जनक, कुलदीप निवासी मडवानगर के विरुद्घ तहरीर दी। उधर, पुरानी बस्ती थाने के देईपार निवासी सूरज ने गांव के शिव प्रसाद, राम प्रसाद, राज कुमार व हरि प्रसाद के खिलाफ मारपीट करने तहरीर दी है। हरैंया थाने के जयप्रकाश तिवारी ने गांव के राम सागर, नंदलाल, राम सूरत व रामसागर की पत्नी निशा के खिलाफ गाली गलौज ब मारपीट का मामला दर्ज कराया है। कलवारी थाने में सूरसती निवासी माझा कला थाना कलवारी ने गांव के राम बरन, भुवाल व संतोष के खिलाफ तहरीर दी। नगर थाने में भेलवल निवासी जगरनाथ सिंह ने गांव के जसवंत सिंह ने विरुद्घ मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। कप्तानगंज थाने में फूलचंद यादव निवासी रखिया थाना कप्तानगंज ने विमलेश, विशाल, रवि व राहुल के विरुद्घ तहरीर दी। दुबौलिया थाने में राम अवध निवासी देवनाथपुर ने मनोज, प्रमोद, विनोद व अरविंद निवासी देवनाथपुर थाना दुबौलिया के विरुद्घ एकजुट होकर मारपीट करने तहरीर दी। रुधौली थाने में औराडीहा गांव में बच्चों की बात को लेकर हुई मारपीट में राजेश चौधरी ने नकुल सिंह, सूर्यभान सिंह, गोपाल सिंह, कैलाश सिंह, बबलू सिंह, पप्पू सिंह, जुगेश सिंह, शुभम सिंह, रीता सिंह व कुछ अन्य महिलाएं निवासी औराडीहा के विरुद्घ तहरीर दी। लालगंज थाने के रौतापार में मारपीट के मामले में गुलशन कुमार निवासी सिद्धनाथ थाना लालगंज ने गांव के मुजीबुर्रहमान व इकरार के विरुद्घ तहरीर दी।

इसी थाने में चित्राखोर निवासी दीपू ने गांव के विकास उर्फ परवीन राय, सुशील उर्फ लाला, प्राची राय, चंदा राय के विरुद्घ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया। इसी थाने के कुदरहा में प्रमीला पत्नी दिलशंकर ने हरिदेव, संजय, दीपू व गणेश के विरुद्घ मारपीट की तहरीर दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश कर रही है।

# साइबर क्राइम से आजादी के लिए जानकारी रखना जरूरी : आईजी

## साइबर अपराध से आजादी के लिए नुक्कड़ नाटक व कार्यशाला का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत बुधवार को फुटहिया चौराहे पर साइबर अपराध से आजादी कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक व कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को साइबर अपराध से बचने के तरीके बताए गए। मुख्य अतिथि आईजी राजेश मोडक ने कहा कि साइबर क्राइम से आजादी के लिए जानकारी रखना जरूरी है।

आईजी राजेश मोदक व एसपी आशीष श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद तैयबा खातून सहित अन्य छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान पंकज गोस्वामी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके उपरांत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साइबर टीम ने साइबर अपराध से बचाव के लिए एक पत्रक का भी वितरण किया।

आईजी राजेश मोडक ने कहा कि मोबाइल फोन पर लाटरी, एटीएम कार्ड एक्सपायर, ब्लाक होने की सूचना, योजनाओं को लेकर की जाने वाली फर्जी कॉल से सतर्क रहने की जरूरत है। कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए इंटरनेट मीडिया अकाउंट के यूजर आईडी और पासवर्ड किसी से शेयर न करें।



साइबर अपराध से आजादी कार्यक्रम का उद्घाटन करते पुलिस अधीक्षक। संवाद

### आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत हुआ यह आयोजन

इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी पर्सनल इन्फार्मेशन व फोटो पोस्ट करने में सावधानी बरतें। बैंक अकाउंट, क्रेडिट, डेबिट कार्ड नंबर, इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड मोबाइल में सेव न रखें।

पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सुरक्षित और विश्वसनीय शापिंग वेबसाइट एप से ही शॉपिंग करें। डेबिट, क्रेडिट कार्ड से संबंधित कोई भी जानकारी किसी के साथ शेयर न करें।

कस्टमर केयर से संपर्क करने के लिए विश्वसनीय वेबसाइट पर जाकर ही कांटेक्ट नंबर सर्च करें, बैंक कस्टमर केयर अफसर बनकर बैंक से संबंधित कोई जानकारी जैसे ओटीपी, डेबिट कार्ड नंबर मांगने पर न दें। बैंक कस्टमर केयर कभी भी ओटीपी, सीवीवी कार्ड नंबर आदि नहीं मांगते हैं। साइबर अपराध होने पर इसकी सूचना तत्काल फोन नंबर 78398 72672 पर दें।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान, नगर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी, पुलिस चौकी फुटहिया के प्रभारी प्रदीप सिंह, साइबर अपराध शाखा के निरीक्षक विकास यादव, सब इंस्पेक्टर अजहर हुसैन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2022

# उप्र सरकार लिखी गाड़ी सीज

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** डुमरियागंज टाउन में यात्रा यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने को लेकर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को एक ऐसी बोलेरो गाड़ी मिली जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार का बोर्ड लगा था तथा गाड़ी पर बीईओ लिखा हुआ था और बोलेरो गाड़ी पर बाइक का नंबर प्लेट अंकित था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन की जांच करनी शुरू की तब तक वाहन चालक मौका देखकर फरार हो गया। पुलिस ने काले रंग के बोलेरो पर लगे नंबर प्लेट को चेक कराया तो वह नंबर बाइक का नंबर निकला। जिसके बाद पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेते हुए जांच में जुट गयी। डुमरियागंज थाना अध्यक्ष सूर्यभान सिंह का कहना था कि गाड़ी को थाने में लाकर कार्रवाई करते हुए गाड़ी को सीज कर दिया गया है मुकदमा करते हुए विवेचना शुरू कर दी गई है।

# पुलिस महकमे में तबादले, चार थानेदारों के कार्यक्षेत्र बदले

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** पुलिस महकमा में एक बार फिर भारी पैमाना पर बुधवार को तबादला किया गया है। एसपी की तबादला नीति का शिकार इस बार एक साथ चार थानाध्यक्ष हुए हैं। इसके अलावा कई एसआई हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल के कार्य क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है।

एसपी डॉ यशवीर सिंह की तबादला नीति जारी है। शुक्रवार कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष शिवनगर डिडई अभिमन्यु सिंह को इटवा थाना पर एसआई बना कर भेजा है। ढेबरुआ थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी को प्रभारी स्वाट टीम, चिल्हिया थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र राय को शिवनगर का थानाध्यक्ष, पीआरओ एसपी बलजीत कुमार राव को थानाध्यक्ष पथरा बाजार, शोहरतगढ़ के हरिओम कुशवाहा को थानाध्यक्ष ढेबरुआ व पथरा बाजार के थानाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्य को चल्हिया का थानाध्यक्ष बना कर भेजा है। एसपी ने अपना पीआरओ साइबर क्राइम इंवेस्टीगेशन प्रभारी मोतीलाल यादव को बनाया है। इन चार थानेदारों के अलावा एसपी ने 59 एसआई, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल के कार्य क्षेत्र में भी बदलाव किया है।

डुमरियागंज में एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में चला अभियान

# बुलडोजर से अतिक्रमण ढहाया, मचा हड़कंप

■ डुमरियागंज में अतिक्रमण को हटाने के लिए चला अभियान
■ सड़कों पर लगीं दुकानों के अलावा बैनर-पोस्टर भी हटवाए

## कार्रवाई

डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद सड़कों से अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी है। बुधवार को डुमरियागंज एसडीएम प्रदीप यादव व सीओ अजय श्रीवास्तव की अगुवाई में ब्लॉक गेट के आसपास बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जे को ध्वस्त करा दिया गया। प्रशासन व पुलिस के साथ बुलडोजर पहुंचा देख लोगों में हड़कंप मच गया था।

एसडीएम ने कहा कि सरकार की मंशानुसार हाई वे पर अतिक्रमण व अवैध पार्किंग किसी भी सूरत में नहीं होने दी जाएगी। ब्लॉक गेट के आसपास सड़क किनारे काबिज अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया है आगे भी अन्य स्थानों पर यह अभियान जारी रहेगा। बुलडोजर चलने के भय से अतिक्रमणकारी स्वयं से ही अतिक्रमण हटाते दिखाई दिए। साथ ही सड़क किनारे लगी होर्डिंग, गुमटी व स्टैंड को भी हटवाया गया। उन्होंने कहा कि दी गई समय सीमा में अगर अतिक्रमण हटाने में दुकानदारों द्वारा देरी की गई तो जुर्माना भी वसूला जाएगा। पुलिस क्षेत्राकिारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह अभियान महत्वपूर्ण है। इसमें किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्ति को कतई बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान बीडीओ अमित सिंह, तहसीलदार राजेश प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार आनंद कुमार ओझा, ईओ नगर पंचायत शिवकुमार कुमार, इंस्पेक्टर सूर्यभान सिंह आदि मौजूद रहे।



बुधवार को डुमरियागंज ब्लॉक गेट के पास बुलडोजर से हटाया गया अवैध कब्जा।



इटवा थाने में खड़ी मिट्टी के अवैध खनन में पकड़ी गई जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली

# अवैध खनन में लगी जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

इटवा,हिन्दुस्तान संवाद। मिट्टी के अवैध खनन को लेकर तहसील प्रशासन के तेवर तल्ख हो गए हैं। मंगलवार रात भदोखर गांव में छापेमारी कर तहसील प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मिट्टी के अवैध खनन में लगी जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है।

दोनों वाहनों के चालक रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। प्रशासनिक टीम ने दोनों वाहनों को थाने में ले जाकर सीज कर दिया है। एसडीएम अभिषेक पाठक ने बताया पिछले कई दिनों से मिट्टी के अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थी।

- इटवा थाने के भदोखर गांव में मंगलवार रात हो रही थी खनन
- भनक लगने पर प्रशासनिक टीम ने दी दबिश और की कार्रवाई

पकड़ने के लिए प्रयास भी हो रहे थे मंगलवार रात में सूचना पर सीओ रमेश चन्द्र पाण्डेय और एसएचं बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी के साथ भदोखर गांव के सीवान में छापेमारी की गई। एसडीएम ने बताया कि पकड़ में आने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# चोरी की बाइक के साथ दो युवक दबोचे

इटवा। इटवा पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को यह कामयाबी बुधवार सुबह क्षेत्र के पटना तिराहे से सोननगर कोपा समय माता मंदिर के पास से मिली है।

एसएचओ इटवा बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि पकडे.गए युवकों की पहचान अजय उर्फ जग्गू पुत्र राजेन्द्र गौतम, सुनील कश्यप उर्फ कल्लू पुत्र नन्दलाल निवासी महादेव बक्शी थाना इटवा के रूप में हुई। पुलिस काफी दिनों से इन युवकों की तलाश कर रही थी। युवकों को पकड़ने वाली टीम में एसआई कन्हैयालाल मौर्य, हेड कांस्टेबल संतोष यादव, कांस्टेबल अनुराग नायक, अभय यादव शामिल रहे।



शोहरतगढ़ कस्बे के खुनुवा बाईपास टैक्सी स्टैंड पर खड़े जर्जर वाहन।

# सड़क पर खड़े वाहन से हादसे का डर

**शोहरतगढ़।** क्षेत्र में सड़कों के किनारे खड़े जर्जर वाहनों के अलावा तमाम ऐसे वाहन जो सड़कों पर ही अव्यवस्थित ढंग से खड़े रहते हैं। इनसे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कस्बे के खुनुवा बाईपास स्थित टेंपो, टैक्सी स्टैंड के दोनों पटरियों पर आड़े तिरछे वाहन खड़े रहते हैं। कई ऐसे वाहन हैं जो जर्जर हाल में काफी दिनों से खड़े हैं। इससे राहगीरों को कठिनाई होती है।

# छह माह तक शिशु को कराएं स्तनपान

**लोटन।** बच्चों को जन्म से छह माह तक केवल स्तनपान कराएं। स्तनपान की दर में वृद्धि होने से शिशु मृत्यु दर में भी सुधार होगा। ये बातें लोटन सीएचसी के अधीक्षक डॉ. अमित चौधरी ने कहीं। उन्होंने कहा कि पोषण और स्वास्थ्य संबंधी संकेतकों में सुधार लाने को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कई गतिविधियां संचालित कर रहा है।

# मेडल ऑफ एक्सीलेंस से नवाजे गए डॉ. भास्कर

**इटवा।** इटवा के रहने वाले होम्योपैथिक के चिकित्सा डॉ भास्कर शर्मा को 4 जून को नई दिल्ली की संस्था यूनाइटेड नेशन इंटर गवर्नमेंटल अर्गेनाइजेशन ने मेडल ऑफ एक्सीलेंस 2022 व प्रेसीडेंशियल मेडल ऑफ एक्सीलेंस मिला। यह अवार्ड होम्योपैथी में शोध कार्यो के लिए मिला है।



डॉ. भास्कर शर्मा।

# जर्जर पोल बदलने की मांग

**उस्का बाजार।** कस्बा के आंबेडकर नगर वार्ड में बिजली आपूर्ति के लिए लगा पोल जर्जर हो गया है। जर्जर पोल से लोगों में खतरा बना हुआ है। जीतू वरुण, मनमोहन, कपिल देव, शिवशंकर आदि ने जर्जर पोल बदलने की मांग की है।

# डुमरियागंज के अधिवक्ताओं ने बनाई अफसरों से मिलने की रणनीति

डुमरियागंज। बार एसोसिएशन डुमरियागंज की बैठक बुधवार को अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें अधिवक्ता इंद्रमणि पाण्डेय के साथ हुई मारपीट के बाद पूरे प्रकरण में पुलिस की हीलाहवाली पर चर्चा करते हुए उच्चाधिकारियों से मिलने की रणनीति तैयार की गई।

अध्यक्ष ने कहा कि साथी अधिवक्ता के साथ बीते दिनों हुई मारपीट के मामले में पुलिस की लापरवाही को लेकर नौ जून को अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल डीएम व एसपी से मिलने जिला मुख्यालय जाएगा और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करेगा।

# चोरी की बाइक बरामद, दो आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर : पुलिस ने बुधवार को चोरी की एक मोटर साइकिल बरामद की है। दो आरोपित को गिरफ्तार किया गया, जिनके विरुद्ध नामजद तहरीर दी गई थी।

त्रिलोकपुर थानांतर्गत ग्राम डिवली निवासी चंद्र केशव ने इटवा थाने में तहरीर देते हुए बताया था कि वह महादेव बक्शी बरात में आए थे। तभी उनकी बाइक चोरी हो गई। बाइक ले जाते समय उन्होंने चोरों को देखा, इससे संबंधित नामजद तहरीर दी गई। पुलिस छानबीन में जुटी हुई थी।

प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में उप निरीक्षक कन्हैया लाल मौर्या, हेड कांस्टेबल संतोष यादव, अनुराग नायक व अभय यादव की टीम ने ग्राम पटना तिराहे से सोननगर कोपा समय माता मंदिर की तरफ से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। जिसके पास से चोरी की बाइक बरामद की गई।




चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार आरोपित ● जागरण

आरोपितों में अजय उर्फ जग्गू व सुनील कश्यप उर्फ कल्लू निवासी महादेव बक्शी थाने पर लाकर विधिक कार्यवाही की।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दो दिन पहले बाइक चोरी हुई थी, जिसकी प्राथमिकी दर्ज थी। आज दो आरोपित को गिरफ्तार किया गया, जिन्हें लिखा-पढ़ी के बाद न्यायालय के लिए रवाना किया गया।

# यातायात नियमों की जानकारी दी

लोटन। लोटन क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बुधवार को पुलिस ने चेकिंग अभियान चला कर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इंस्पेक्टर देवनंदन उपाध्याय ने सड़क पर आने जाने वाले वाहनों को चेक किया व यातायात नियमों की जानकारी दी।

टीम के सदस्यों ने ठोठरी तिराहा, घोघी नदी पुल सहित अन्य स्थानों पर वाहन चालकों का हेलमेट, सीट बेल्ट व गलत दिशा में वाहन चलाने की जांच की गई। वाहन चालकों को ओवरलोडिंग न करने व सही दिशा में वाहन चलाने, बिना हेलमेट व शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील की गई।

## एक नजर में

# पुलिस ने शांतिभंग में चार गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : कपिलवस्तु पुलिस ने शांति भंग की आशंका में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसओ एसपी सिंह ने बताया कि दिलीप कुमार, राजकुमार, सतीश कुमार पुत्र निवासी बनियाभारी व रामविलास निवासी मदतिया को गिरफ्तार किया गया है। (जासं.)

# दो थाना प्रभारी हटाए गए दो का कार्यक्षेत्र बदला

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: एसपी डा. यशवीर सिंह ने बुधवार को दो थाना प्रभारियों को हटा दिया है। दो के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। कुल 63 पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है। एसओ ढेबरूआ रहे जीवन त्रिपाठी को दोबारा एसओजी प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने एसओजी टीम का प्रभारी रहते हुए कई बड़े आपराधिक घटनाओं का पर्दाफाश किया था। एसओ चिल्हिया ज्ञानेंद्र राय को चिल्हिया थाने की कमान सौंपी गई है। एसओ डिड़ई रहे अभिमन्यु सिंह को हटाते हुए इटवा थाने में तैनाती दी गई है। वहीं एसओ के पीआरओ रहे बलजीत राव को एसओ पथरा व वहां एसओ रहे राजेश कुमार मौर्या को एसओ चिल्हिया बनाया गया है।



- **एसपी ने 12 निरीक्षक- उपनिरीक्षक समेत 63 को बदला**
- **ढेबरूआ एसओ जीवन त्रिपाठी को दोबारा एसओजी कमान**

एसपी डा. सिंह ने क्राइम ब्रांच में तैनात निरीक्षक ब्रह्मानंद गौड़ को साइबर क्राइम जांच टीम का प्रभारी बनाया है। इस टीम के प्रभारी रहे निरीक्षक मोतीलाल यादव को एसपी के पीआरओ रहेंगे। एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव को प्रभारी सर्विलांस सेल, उपनिरीक्षक जय प्रकाश त्रिपाठी त्रिलोकपुर से बांसी, अंजनी राय अपराध शाखा से सदर, अमित कुमार सर्विलांस सेल प्रभारी से सदर, उपनिरीक्षक चंदन सदर से बांसी,उपनिरीक्षक हरिओम कुशवाहा शोहरतगढ़ से ढेबरूआ,पवन कुमार जोगिया से बांसी, राजकुमार बांसी से गोल्हौरा, रणविजय सिंह बांसी से खेसरहा भेजा गया है। इसके अलावा मुख्य आरक्षी व आरक्षी को इधर से उधर किया गया है।

**बंदर के आतंक से ग्रामीण परेशान**

**बखिरा:** बखिरा नगर पंचायत के जसवल भरवलिया में बंदर के आतंक से लोग परेशान हैं। बंदर पिछले कुछ दिनों में 15 लोगों को काटकर घायल कर चुका है। स्थानीय लोग अधिकारियों से बंदर को पकड़वाने की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

ध्रुव कुमार, राधेश्याम, आशुतोष त्रिपाठी, भीम, गजबदन, रमेश तिवारी ने बताया कि आए दिन बंदर लोगों पर हमला कर रहे है। बंदर के आतंक से बच्चे व महिलाएं बाहर निकलने से परहेज कर रही हैं।

## एक नजर में

# शीशम की लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : 43वीं वाहिनी एसएसबी के जवानों ने बुधवार को सीमा चौकी अलीगढ़वा के पास से ट्रैक्टर- ट्राली पर लादकर ले जाया जा रहे शीशम की लकड़ी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के नाम मुकेश निवासी मधवापुर व बबलू निवासी बनकटवा थाना कपिलवस्तु है। गिरफ्तारी टीम में सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार, पंकज सिंह तोमर, विजय प्रकाश पांडेय, यार मोहम्मद शामिल रहे। (जासं.)

# नौ बोरी खाद के साथ एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : मोहाना पुलिस ने बुधवार को तस्करी की नौ बोरी खाद लेकर जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम महेंद्र कुमार निवासी बर्डपुर नंबर चार टोला माधोपुर थाना मोहाना है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अजयनाथ कन्नौजिया, विवेक कुमार गुप्ता, राजू चौहान शामिल रहे। (जासं.)

# तोड़ा गया पक्का निर्माण खाली हो गया फुटपाथ



डुमरियागंज-बस्ती मार्ग पर अतिक्रमण हटाता बुलडोजर ● जागरण

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर : डुमरियागंज नगर पंचायत को अतिक्रमण से निजात दिलाने व फुटपाथ हुए कब्जे को हटवाने के लिए प्रशासन ने कमर कसी है। ब्लाक गेट के सामने दोनों तरफ वर्षों से अवैध रूप से कब्जा किए दुकानों को हटवाया। अतिक्रमण हटाओ अभियान का आरंभ गेट के बगल किए गए पक्के निर्माण को तोड़ने से हुआ।

डुमरियागंज एक ऐसी नगर पंचायत है, जिसे बने एक दशक से अधिक का समय बीत चुका है। बावजूद यहां ब्लाक के चहारदीवारी के सामने अवैध रूप अतिक्रमण कर दुकानें चल रही थी।

यही नहीं जिला पंचायत मार्केट के दुकानदार भी अपना दायरा बढ़ाकर राज्य मार्ग को संकरा कर दिए थे। सरकार ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत नगर पंचायत ने दुकानदारों को नोटिस भी जारी कर हटाने की चेतावनी दी थी। बार-बार चेतावनी के बाद बुधवार सुबह जिम्मेदार बुलडोजर के साथ पहुंचे। देखते ही देखते ब्लाक गेट के सामने तथा राजकीय बीज गोदाम के सामने बने पक्के निर्माण को ध्वस्त करा दिया। सभी दुकानदारों को शाम चार बजे तक स्वयं हटाने का अल्टीमेटम देते हुए पूरा प्रशासनिक अमला बैठ गया। अधिकारियों का रूख भांप लोगों ने स्वयं ही अपनी अपनी दुकानों के सामान धूप में मजदूरों को लगा कर हटवाया। एसडीएम प्रदीप कुमार यादव, सीओ अजय कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार राजेश प्रताप सिंह, बीडीओ अमित कुमार सिंह, कोतवाल सूर्यभान सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## तहसील प्रशासन ने हटवाया अवैध कब्जा

जोगिया : बुधवार को ग्राम पंचायत नगरा के सिरसियां गांव में गौशाला के किनारे बंजर जमीन पर हुए अवैध कब्जा को नायब तहसीलदार माधुर्य यादव के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने हटवाया। इस जमीन पर अब बेजुबान पशुओं के लिए चारागाह बनाया जायेगा। जमीन पर सिरसियां गांव के निवासी धर्मराज ने कब्जा कर रखा था। ब्लाक प्रशासन की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने जोगिया पुलिस के सहयोग से अवैध कब्जा को हटवाया। अवैध कब्जा हटवाने के दौरान ग्राम पंचायत सचिव आशीष पांडेय, हल्का लेखपाल सुधीर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुदामा प्रसाद सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# बाइक का नंबर लगी बोलेरो से चलते रहे बीईओ

## पुलिस लाइन बस्ती के पते पर दर्ज है बाइक की नंबर प्लेट, बोलेरो का इंजन व चेचिस नंबर भी फर्जी निकला

**जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर :** चोरी की बोलेरो से खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) डुमरियागंज चलते थे। उनके वाहन पर लगा नंबर प्लेट, इंजन नंबर और चेचिस नंबर फर्जी पाया गया है। जो नंबर प्लेट वाहन पर मिला है वह बाइक का है और बस्ती पुलिस लाइन निवासी मधुसूदन मिश्रा के नाम पर दर्ज है। इसकी पुष्टि बस्ती आरटीओ की ओर से प्राप्त अभिलेखों से हुई है। यह बोलेरो मंगलवार देर शाम पुलिस के अनुसार तब हाथ लगी जब वह बैदौलागढ़ में वाहन की जांच में जुटी थी। ड्राइवर मौका देकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुटी है।

- डुमरियागंज में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज
- मंगलवार को जांच के दौरान पकड़ी गई थी बोलेरो

मंडल में चोरी के वाहनों को खपाने के कार्य में बाकायदा एक गिरोह सक्रिय है जो विभिन्न क्षेत्रों से चोरी के वाहन का नंबर प्लेट, चेचिस नंबर व इंजन नंबर बदलकर बेचने का कार्य करता है। एक वर्ष पूर्व कस्बे से एक स्कार्पियो बुक कराने बाइक से आए दो बदमाश उस वाहन को लूट ले गए जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका। जिस बाइक से वह आए तो उस बाइक पर पुलिस लिखा हुआ था। जांच में उक्त का नंबर व चेचिस तथा इंजन नंबर फर्जी पाया गया। अब एक बोलेरो पर बाइक का फर्जी नंबर मिलने के बाद इसकी पुष्टि हो गई है कि यह काम बड़े स्तर पर हो रहा है। जिस काले रंग की बोलेरो को पुलिस के मुताबिक ड्राइवर जांच के दौरान छोड़ कर भाग गया उस गाड़ी से डुमरियागंज के बीईओ कुंवर विक्रम पांडेय चलते थे। उसे वाहन जांच के दौरान नहीं, बल्कि शाम के समय पुलिस ने बीआरसी से ही उठाया।



डुमरियागंज पुलिस के कब्जे में बोलेरो ● जागरण

डुमरियागंज स्थानांतरण होने के बाद बीईओ ने इसे बस्ती के किसी व्यक्ति से खरीदा था। हालांकि स्थानीय पुलिस इन बातों से इन्कार करते हुए नई कहानी जांच के दौरान गाड़ी पकड़े जाने की गढ़ चुकी है, लेकिन अगर कस्बे के सीसी कैमरों की फुटेज देखें तो यह साफ हो जाएगा कि डुमरियागंज के बीईओ ही उस गाड़ी से चलते थे। उन्होंने इसी गाड़ी नंबर का टोल टैक्स भी दिया होगा। इस मामले में बीईओ के मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन नंबर बंद मिला। जब इस संदर्भ में बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह प्रकरण मेरे संज्ञान में नहीं था। संबंधित बीई ओ से स्पष्टीकरण लिया जाएगा।

> पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बोलेरो बाइक का नंबर प्लेट लगाकर चलाई जा रही है। गाड़ी जनपद के एक खंड शिक्षा अधिकारी की बताई जा रही थी। पुलिस ने जांच के लिए वाहन को कब्जे में लेकर नंबर चेक किया तो वह फर्जी मिला। इंजन नंबर और चेचिस नंबर लेकर एआरटीओ कार्यालय से जानकारी मांगी गई, लेकिन कोई सूचना नहीं मिली। गाड़ी संदिग्ध है। आईपीसी की धारा 420 व 406 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।
>
> **डा. यशवीर सिंह,** पुलिस अधीक्षक



डुमरियागंज ब्लॉक गेट के पास अतिक्रमण हटाती जेसीबी। संवाद

# प्रशासन ने बुलडोजर चला हटवाया कब्जा

## ब्लॉक गेट से बैदौला और मंदिर चौराहा तक चला अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

डुमरियागंज/ शाहपुर। नगर में तहसील प्रशासन की ओर से बुधवार को भी अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर सरकारी जमीन और सड़क की पटरियों को खाली कराया गया। ब्लॉक गेट के सामने अवैध निर्माण को भी बुलडोजर से ढहा दिया गया।

डुमरियागंज एसडीएम प्रदीप कुमार यादव और सीओ अजय श्रीवास्तव की अगुवाई में बुधवार सुबह 10.30 बजे राजस्वकर्मी, नगर पंचायत कर्मी व पुलिस फोर्स के लोग नगर स्थित ब्लॉक गेट पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया। इसके बाद बैदौला चौराहा पहुंचे और वहां पर भी अतिक्रमण हटवाया गया। इसके बाद मंदिर चौराहा स्थित स्वामी विवेकानंद प्रतिमा के सामने अतिक्रमण हटवाया गया। एसडीएम और सीओ ने दुकानदार और स्थानीय लोगों से सड़क और उसकी पटरियों पर किए गए अतिक्रमण को जल्द खाली कर देने के अनुरोध के साथ ही चेतावनी दी कि कल फिर अभियान के दौरान अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डुमरियागंज बीडीओ अमित सिंह, थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह, एसआई दद्दन राय, रमाकांत सरोज, राम महेश शर्मा मौजूद रहे।

### एसडीएम, सीओ, तहसीलदार अभियान के दौरान रहे मौजूद

Vikas Agrawal & Arvind Tripathi's
MOMENTUM
बेतियाहाता चौक

# अवैध खनन में पकड़ा गया बुलडोजर व ट्रैक्टर-ट्राली

जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर : अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में प्रशासन की टीम ने मंगलवार की रात एक जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। दोनों वाहन भटोखर गांव के पास मिट्टी खनन में लगे हुए थे। टीम को देख वाहन चालक फरार हो गए। बाद में पुलिस ने दोनों गाड़ियों को कब्जे में लेते हुए थाने पर ले आई।

एक सप्ताह तक अवैध खान के खिलाफ प्रशासन की ओर से अभियान चलाया जा रहा था। बीती रात उपजिलाधिकारी अभिषेक पाठक, पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र पाण्डेय व प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी मय हमराही जांच अभियान पर थे। रात करीब एक बजे इस गांव के पास से गुजरे तो देखा कि बुलडोजर से मिट्टी का खनन किया जा रहा था।

जैसे ही अधिकारियों की टीम वहां पहुंची, चालक समेत खनन में लगे लोग भाग खड़े हुए। जिसके बाद वाहनों को कब्जे में ले लिया गया। प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि ने बताया कि अवैध खनन में दो वाहन पकड़े गए हैं। खनन में लिप्त लोग भाग खड़े हुए। वाहन को थाने पर ले आया गया है। इसके नंबर से संबंधित का पता लगाया जा रहा है, जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# तीन घाटों का पट्टा, 20 स्थानों पर बालू खनन

## डीएम बोले- सोनौली-नानकार घाट पर खनन की जांच के लिए कमेटी गठित, अन्य स्थानों पर खनन की भी कराई जाएगी जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** खनन विभाग की तरफ से जिले में मात्र तीन घाटों पर बालू खनन का पट्टा किया गया है, जबकि विभिन्न नदियों के किनारे कई स्थानों पर बालू खनन हो रहा है। इससे जहां सरकार को राजस्व का घाटा हो रहा है, वहीं खनन के कारण नदियों के कटान का रुख गांवों की तरफ मुड़ रहा है। सोनौली-नानकार घाट पर अवैध खनन की जांच के लिए डीएम संजीव रंजन ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। कहा है कि अन्य स्थानों पर अवैध खनन की शिकायतों की भी जांच कराई जाएगी।

आठ वर्ष पूर्व जिले में राप्ती, बूढ़ी राप्ती, कूड़ा, घोघी व बानगंगा आदि नदियों के किनारे 25 से अधिक घाटों को बालू खनन के लिए चिह्नित करते हुए खनन पट्टा आवंटित किया गया था। वहीं वर्तमान में जिले में सिर्फ छह स्थानों पर ही बालू खनन कराने के लिए पट्टा आवंटित करने की शासन से सहमति मिली है। इनमें नौगढ़ तहसील क्षेत्र में कूड़ा नदी किनारे तीन स्थानों पर और शोहरतगढ़ तहसील में बानगंगा के किनारे दो स्थान एवं बूढ़ी राप्ती नदी किनारे एक स्थान शामिल है। वर्तमान में नौगढ़ तहसील में कूड़ा नदी किनारे च्यूरहिया घाट और गुजरौलिया बेलटीकर घाट पर बालू खनन का पट्टा आवंटित है। इसके अलावा शोहरतगढ़ क्षेत्र में बूढ़ी राप्ती नदी किनारे सोनौली नानकार घाट पर बालू खनन का पट्टा है। शेष शोहरतगढ़ में बानगंगा नदी किनारे के खड़कुइयां नानकार व कोमर और नौगढ़ तहसील में कूड़ा नदी किनारे रोहुडीला घाट पर बालू खनन का पट्टा नहीं हुआ है, जबकि राप्ती किनारे डुमरियागंज, बांसी क्षेत्र में, बूढ़ी राप्ती नदी किनारे मिश्रौलिया, जोगिया, उसका एवं बानगंगा किनारे शोहरतगढ़ क्षेत्र में कई स्थानों बालू का अवैध खनन हो रहा है, लेकिन प्रशासन एवं खनन विभाग के खामोशी के कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही है।



डुमरियागंज क्षेत्र में राप्ती नदी के तट पर रमवापुर उर्फ नेबुआ में जारी है अवैध खनन। संवाद

### खनन विभाग ने नौगढ़ के दो और शोहरतगढ़ के एक घाट का किया है पट्टा




ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदी अवैध बालू।

## मिट्टी की अवैध खनन में लगी जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

### एसडीएम और सीओ ने मौके पर पहुंचकर की कार्रवाई

### एसडीएम इटवा के कड़े रुख से अवैध खनन में लगे जेसीबी संचालकों में भय

**इटवा।** अवैध मिट्टी खनन की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार रात एसडीएम, सीओ व एसओ एक साथ निरीक्षण निकले। इस दौरान उन्होंने ग्राम भदोखर के पास खनन में लगी जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज की। एसडीएम इटवा के कड़े रुख से अवैध खनन में लगे जेसीबी संचालकों में भय की स्थिति है।

जानकारी के मुताबिक, मिट्टी खनन की मिल रही शिकायत पर एसडीएमए अभिषेक पाठक, सीओ रमेशचंद्र पांडेय व एसओ विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से मिट्टी की अवैध खनन की सूचना मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वे रात लगभग एक बजे ग्राम भदोखर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि जेसीबी लगाकर मिट्टी की अवैध खनन चल रही थी। संबंधित दस्तावेज मांगने पर जेसीबी चालक प्रस्तुत नहीं कर सके। ऐसे में जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज कर ली गई। इस संबंध में एसडीएम अभिषेक पाठक ने बताया कि अवैध खनन किसी भी दशा में नहीं होने दी जाएगी।

### अवैध खनन से गांव पर मंडराया खतरा

उसका क्षेत्र में छितरापार गांव के पास बूढ़ी राप्ती नदी किनारे हुए अवैध खनन से बांध एवं गांव पर खतरा मंडरा रहा है। गांव निवासी केकारूराम, श्रवण कुमार, मंगाराम आदि का कहना है कि जहां एक तरफ सिंचाई विभाग नदी कटान से बांध बचाने के लिए बचाव कार्य करा रहा है, वहीं गांव के पास ही अवैध खनन के कारण नदी कटान की दिशा बदलने से बांध और गांव पर खतरा मंडरा रहा है।



बूढ़ी राप्ती नदी के किनारे अवैध खनन से बने गड्ढे। संवाद

### अवैध खनन से करोड़ों का राजस्व घाटा

जिले में जिन तीन घाटों का पट्टा हुआ है इनमें प्रत्येक घाट पर एक करोड़ रुपये से अधिक वार्षिक राजस्व देय है। ऐसे में तीन अन्य घाटों संचालन नहीं होने से सरकार को तो हानि हो रही रही है, बिना पट्टा के हो रहे बालू खनन से भी करोड़ों रुपये की राजस्व हानि हो रही है। खनन निरीक्षक नरेश महतो बताते हैं कि जिले में उन्हें अवैध खनन की कोई शिकायत नहीं मिली है। हालांकि, इस मामले में पड़ताल की जाएगी।



बानगंगा नदी के तट पर भी अवैध तरीके से निकाली जा रही बालू। संवाद

# लावारिस मिली फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलने वाली बोलेरो

## डुमरियागंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर शुरू की जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**डुमरियागंज।** स्थानीय थाने की पुलिस ने बुधवार सुबह डुमरियागंज तहसील रोड स्थित हेलीपैड स्थल से एक बोलेरो बरामद की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बरामद की गई बोलेरा से बीईओ डुमरियागंज चलते थे।

डुमरियागंज सीओ को एक पखवारा पहले शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया गया था कि डुमरियागंज में तैनात बीईओ कुंवर विक्रम पांडेय जिस किराए के वाहन का प्रयोग करते हैं, उसकी नंबर प्लेट फर्जी है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच सीओ ने थाने के एसआई ददन राय को सौंपी। फर्जी नंबर प्लेट लगे वाहन की जांच पड़ताल में एसआई अभी जुटे हुए थे कि बुधवार की सुबह तहसील रोड के हेलीपैड स्थल के निकट पुलिस ने काले कलर की बोलोरो मिली। जिसके बाद पुलिस ने वाहन मालिक के बारे में जांच पड़ताल की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने अज्ञात वाहन मालिक के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। इस संबंध में डुमरियागंज थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह ने बताया कि कस्बे के तहसील रोड मार्ग के हेलीपैड स्थल से पुलिस ने एक अज्ञात वाहन बरामद किया गया है। जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई है। मामले की जांच की जा रही है। एआरटीओ के जरिए वाहन मालिक का नाम पता लगाया जा रहा है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा। वहीं, इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज कुंवर विक्रम पांडेय ने घटनाक्रम के बारे में अनभिज्ञता जाहिर करते हुए इसे पुलिस द्वारा जांच का विषय बताया। साथ ही जब उनसे फर्जी नंबर प्लेट वाले वाहन का प्रयोग करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हर कोई स्वतंत्र हैं। कोई कुछ भी वायरल कर सकता है। मामले की हकीकत का पता लगाना जांच टीम का काम है।

### बोलेरो पर लगी थी बाइक की नंबर प्लेट

**डुमरियागंज।** डुमरियागंज कस्बे में पुलिस को एक ऐसी बोलेरो मिली, जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार का बोर्ड लगा था। गाड़ी पर बीईओ लिखा हुआ था और बाइक की नंबर प्लेट लगी थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन की जांच शुरू की तब तक वाहन चालक मौका देखकर फरार हो गया। पुलिस ने नंबर प्लेट को आरटीओ कार्यालय से चेक कराया तो वह बाइक की निकली। जिसके बाद पुलिस गाड़ी को कब्जे में लेते हुए जांच में जुट गई। पुलिस द्वारा चेकिंग में पकड़ी गई इस गाड़ी को लेकर डुमरियागंज क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। इस संबंध में डुमरियागंज थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह से बात की गई तो उनका कहना था कि गाड़ी सीज कर ली गई है। विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए विवेचना शुरू कर दी गई है। संवाद

# 64 पुलिसकर्मियों का कार्यक्षेत्र बदला

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** कानून-व्यवस्था के मद्देनजर एसपी ने मंगलवार रात पुलिस महकमे में बड़ा उलटफेर किया। अपराध पर अंकुश के लिए एक बार फिर ढेबरुआ थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी को एसओजी की बागडोर सौंपी गई है। फेरबदल की इस कड़ी में थानाध्यक्ष सहित 64 पुलिसकर्मी इधर से उधर किए गए हैं।

पुलिस महकमे में हुए फेरबदल में एसओजी प्रभारी से कुछ ही माह पहले ढेबरुआ थानाध्यक्ष बनाए गए जीवन त्रिपाठी को फिर एसओजी की बागडोर सौंपी गई है, जबकि शोहरतगढ़ थाने में तैनात रहे हरिओम कुशवाहा को ढेबरुआ का थानाध्यक्ष बनाया गया है। चिल्हिया थानाध्यक्ष रहे ज्ञानेंद्र राय को प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिडई बनाया गया है, जबकि डिडई थानाध्यक्ष रहे अभिमन्यु सिंह को इटवा थाने में भेजा गया है। एसपी पीआरओ रहे

## अपराध पर लगाम के लिए एसओजी की कमान फिर जीवन त्रिपाठी को

बालजीत राव को पथरा थानाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि वहां तैनात रहे राजेश कुमार मौर्य को चिल्हिया थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव को सर्विलांस सेल की कमान दी गई है, जबकि सर्विलांस प्रभारी रहे अमित कुमार को सदर थाने में भेजा गया है। इसी प्रकार अपराध शाखा से अंजनी कुमार राय सदर थाने में भेजे गए हैं। क्राइम ब्रांच से ब्रह्म गौंड को जनपदीय साइबर क्राइम टीम में भेजा गया है।

मोती लाल यादव को पीआरओ की कमान दी गई है। सदर थाना से एसआई चंदन कुमार को बांसी कोतवाली में भेजा गया है। इस संबंध में एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि कानून व्यवस्था के मद्देनजर फेरबदल किया गया है।

# चोरी की बाइक बरामद, दो पकड़े गए

## चेकिंग के दौरान क्षेत्र के पटना तिराहा से दो संदिग्धों को पकड़ा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**इटवा।** इटवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान बुधवार को क्षेत्र के पटना तिराहा से दो संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में बाइक चोर निकले। बरामद बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया और केस दर्ज करके दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

एसओ इटवा विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार को क्षेत्र भ्रमण पर थे, अभी वह ग्राम पटना तिराहे से सोननगर स्थित

**दोनों की पहचान अजय उर्फ जग्गू व सुनील कश्यप उर्फ कल्लू के रूप में हुई**

**पूछताछ करने के बाद दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया**

कोपा समय माता मंदिर के पास पहुंचे थे कि दो युवक संदिग्ध अवस्था में बाइक के साथ कही जाने के फिराक में खड़े थे। उनसे पूछताछ की गई तो पता चला कि बाइक चोरी की है। जिसे उन्होंने इटवा कस्बे से चोरी की थी। पकड़े गए संदिग्धों ने अपनी पहचान अजय उर्फ जग्गू व सुनील कश्यप उर्फ कल्लू निवासी महादेव बक्शी थाना इटवा बताया।

पूछताछ करने के बाद दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

उनके बारे में अन्य जानकारी जुटाई जा रही है कि कहीं और तो चोरी की वारदात को अंजाम नहीं दिए हैं।

# प्रधानाचार्यों ने पढ़ा यातायात का पाठ, अब बच्चों को करेंगे जागरुक

## पुलिस लाइंस सभागार में यातायात जागरुकता विषय पर आयोजित हुई गोष्ठी

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस लाइंस सभागार में बुधवार को यातायात जागरुकता विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को यातायात का पाठ पढ़ाया गया। अब वे बच्चों को जागरूक करेंगे।

सीओ अखिलेश कुमार वर्मा ने कहा कि सड़क हादसे लगातार बढ़ रहे हैं और इसमें लोगों की जान जा रही है। हादसों में मरने वाले अधिकांश युवा शामिल हैं जो किसी न किसी शिक्षण संस्थान में पढ़ते हैं। कम उम्र के होते हुए भी वह वाहन चलाते हुए देखे जाते हैं। मामले को शासन ने भी संज्ञान लिया है।

कहा गया है कि स्कूली बच्चों को यातायात नियम की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रधानाचार्यों को यातायात नियम के बारे में जानकारी दी। प्रचार संबंधित पोस्टर दिए और कहा कि बच्चों को इसकी जानकारी नियमित विद्यालय में दी जाए। उन्होंने बताया जाए कि सड़क पर चलते समय हमें किन- किन यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

जब वह नियम के बारे में जान जाएंगे तो हादसों में कमी आने की संभावना प्रबल रहेगी। इसलिए सभी लोग जिम्मेदारी को समझें और जागरुक करें। इस दौरान जयकिसान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नबीउल्लाह सहित अन्य विद्यालय के प्रधानाचार्य, ट्रैफिक पुलिस के एसआई अमरेश यादव, अक्षयवर लाल मौजूद रहे।



पुलिस लाइंस सभागार में यातायात के बारे में प्रधानाचार्यों को जानकारी देते सीओ अखिलेश वर्मा। संवाद

### प्रधानाचार्यों को यातायात नियम से संबंधित पोस्टर दिए गए



पुलिस लाइंस सभागार में उपस्थित प्रधानाचार्य। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2022

# दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने और उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय-जेल रवाना किया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा धारा 363, 366, 376 भादवि व 5(एल)/6 पाक्सो एक्ट के मामले मे वांछित अभियुक्त मो. इसराइल पुत्र स्व. मो. रईस निवासी पठानटोला पूर्वी वार्ड-08 थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।उक्त अभियुक्त द्वारा दिनांक 18.03.2022 को वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित की गयी थी।

# अपहरण के आरोपी को पांच वर्ष कारावास व जुर्माना

संतकबीरनगर (एसएनबी)। अपहरण के आरोपी को पांच वर्ष का कारावास व ₹10 हजार 500 अर्थदंड से जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल ने दंडित करने की सजा सुनाई। साथ ही अर्थदंड न अदा करने पर एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस संबंध में जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि दुधारा थाना अंतर्गत बाघनगर निवासी अब्दुल मजीद ने थाना दुधारा में 11 मार्च 2007 को दी गई तहरीर में बताया कि उनके रिश्तेदार अशफाक पुत्र सफात निवासी पचदेउरा थाना दुधारा किराए के मकान में बाघनगर में रहता था। जब वह कहीं बाहर जाता था तो उसकी पत्नी खुशनुमा उनके घर पर रहा करती थी। वह मुंबई में अपना कारोबार करता था। बाघनगर में उनका लड़का और नाबालिग लड़कियां रहती थीं। दिनांक 10 मार्च 2007 को वह मुंबई से आने वाले थे। भोर में 4.30 बजे अशफाक तथा उसकी पत्नी उनकी दोनों लड़कियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गये तथा साथ में जेवरात भी ले गये। थाना दुधारा में तहरीर देने पर मुकदमा पंजीकृत हुआ। अभियोजन की तरफ़ से आठ साक्षियों की गवाही कराई गई तथा अभियोजन के साक्ष्य से अभियुक्त के विरुद्ध मामला साबित पाए जाने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मी कांत शुक्ला ने अभियुक्त अशफाक को सजा सुनाई।

# प्रभारी निरीक्षक महुली को दी गई विदाई

**नाथनगर (एसएनबी)।** प्रभारी निरीक्षक महुली केडी सिंह का स्थानान्तरण होने के



बाद बुधवार को महुली पुलिसकर्मियों एवं क्षेत्र के सम्भ्रान्त लोगों ने विदाई समारोह आयोजित कर श्री सिंह की भावभीनी विदाई की। पुलिसकर्मियों ने केडी सिंह को फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर भावपूर्ण तरीके से विदा किया। बताते चले कि मंगलवार की देर शाम प्रभारी निरीक्षक महुली केडी सिंह का स्थानान्तरण धनघटा थाने के लिए पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर के द्वारा कर दिया गया था और उनकी जगह एसपी कार्यालय में तैनात रविन्द्र कुमार सिंह की तैनाती महुली थाने में कर दी गई। नवागत प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह ने जहां अपना कार्यभार संभाल लिया है वहीं प्रभारी निरीक्षक केडी सिंह को विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान महुली पुलिसकर्मियों ने स्थानान्तरित निरीक्षक केडी सिंह को फूल-माला से लाद दिया। इस अवसर पर एसएसआई दयानाथ राम, उपनिरीक्षक आरपी शुक्ला, उदयभान मिश्र, लालबिहारी निषाद, मनोज पटेल, हेड का. बृजनरायन यादव, विनोद कुमार मिश्रा, कां.अजीत कुशवाहा, अशोक कुमार सिंह, संतोष सिंह, उमेश यादव, मो.आरिफ, चन्द्रदेव, शैलेन्द्र गुप्ता, बीरू, सुषमा खरवार, चित्रा त्रिपाठी, सबिता गुप्ता समेत तमाम ग्राम प्रधान व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, आठ घायल

**शनिचरा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के भरवल-पर्वता गांव में मंगलवार को शाम करीब 7.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों से 8 लोग घायल हो गए। धनघटा पुलिस ने दोनों पक्षों से प्राप्त तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर घायलों को सीएचसी हैंसर पहुंचाया जहां घायलों का पुलिस अभिरक्षा में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के भरवल-पर्वता गांव निवासी रामप्रीत पुत्र हीरा और रामभवन पुत्र प्यारे के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि मंगलवार को उसके घर पर पारिवारिक उत्सव मनाया जा रहा था। शाम करीब 7.30 बजे जब रामप्रीत का पूरा परिवार उत्सव में मशगूल था उसी समय उसके विपक्षी रामभवन पुत्र प्यारे, दीपू पुत्र रामभवन, राजकुमारी पत्नी रामभवन व दुर्गावती पुत्री रामभवन उसके घर में घुस गए और गाली-गलौझ करते हुए दरवाजा बन्द कर उसके परिवार के लोगों को मारने-पीटने लगे। इस घटना में नर्वदा पत्नी रामप्रीत, राममिलन पुत्र ललई, रामप्रीत के भाई की पत्नी प्रेमलता व खुशबू पुत्री रामप्रीत बुरी तरह घायल हो गए। धनघटा पुलिस ने रामप्रीत की तहरीर के आधार पर उक्त चारो आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 504, 506, 342, 452 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। दूसरी तरफ भरवल-पर्वता निवासी राजकुमारी पत्नी रामभवन ने धनघटा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर हनुमत पुत्र रामप्रीत, राममिलन पुत्र ललई, खुशबू पुत्री रामप्रीत व सविता पत्नी राममिलन मंगलवार की शाम को उसके परिवार के साथ मारपीट करने लगे। इस घटना में दीपक पुत्र रामदौर, दुर्गावती पुत्री रामभवन, लक्ष्मी पुत्री रामभवन, राजकुमारी पत्नी रामभवन घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमाद दर्ज कर लिया और दोनों पक्षों के घायलों को सीएचसी हैंसर पहुंचाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चोर पकड़ने में नाकाम रही पुलिस

**धर्मसिंहवा (एसएनबी)।** क्षेत्र के गौरी राई बढ़या मार्ग पर धर्मसिंहवा निवासी तनवीर अपना मकान बनवा रहे थे 31 जनवरी की रात में उनके इस मकान से मोटर पंप की चोरी हो गई थी चोर छत के रास्ते मकान में दाखिल हुए थे। पीड़ित तनवीर केस दर्ज कराने के लिए थाने पर तहरीर दिया जिस पर पुलिस ने जांच करने के चार दिन उपरांत चोरी का केस दर्ज किया था केस दर्ज करने के बाद विवेचना चौकी इंचार्ज बौरब्यास को सौंप दी गई बताते चलें कि चोरी की घटना चार माह से ऊपर हो चुकी है पर अब तक इस घटना में पुलिस की जांच में किसी प्रकार की प्रगति देखने को नहीं मिल रही है।

## चार वारण्टी गिरफ्तार

**मगहर (एसएनबी)।** कोतवाली खलीलाबाद के पुलिस चौकी मगहर की पुलिस ने दबिश देकर 4 नफर वारण्टियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उक्त चारों आरोपियों को न्यायालय-जेल रवाना किया। गिरफ्तारी के क्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने 04 वारण्टी अभियुक्तों रामसागर यादव पुत्र सोलहू यादव निवासी राउतपार, राधेश्याम पुत्र रामलौट निवासी भगठान, रामअचल पुत्र विजयपाल निवासी भेलुआ खोर एवं संजय पुत्र भागी निवासी गणसरपार थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। आरोपियों को मगहर पुलिस चौकी के प्रभारी/उ.नि. बलराम पाण्डेय ने हे.कां. मिथिलेश मिश्रा, हे.कां. रामविनय यादव, कां. सुमित राय ने गिरफ्तार किया है।

## वाहन की ठोकर से बाइक सवार घायल

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली हरिहरपुर मार्ग पर आज शाम लगभग 8 रू00 बजे तेज रफ्तार मारुति कार ने दो बाइकों को टक्कर मारते हुए क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमे दोनो बाइक पर सवार 4 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। महुली थाना क्षेत्र के झींगुरा पार गांव निवासी महेंद्र कुमार पुत्र सीताराम व शिवपूजन पुत्र राम मूरत एक बाइक पर तथा श्रवण कुमार यादव पुत्र नरसिंह व रमेश चंद्र यादव पुत्र राम उजागीर निवासी सिंघापुर थाना महुली जनपद संत कबीर नगर हरिहरपुर की तरफ जा रहे थे तभी महुली हरिहरपुर मार्ग पर स्थित पानी की टंकी के निकट हरिहरपुर की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही मारुति कार अनियंत्रित होकर दोनों बाइकों में टक्कर मार दी जिसमें दोनों बाइक पर सवार उक्त चारों व्यक्ति बुरी तरह घायल हो कर बेहोश हो गए। सभी को सीएचसी नाथनगर भिजवाया प्राथमिक उपचार के पश्चात सभी घायलों के गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

# सुरक्षा के बीच होगी जुमे की नमाज

संतकबीरनगर। कानपुर में हुए विवाद को लेकर प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट हो गया है। बुधवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जिले में धारा 144 लागू कर दिया।

इसके अलावा पूरे जनपद के अलग-अलग क्षेत्र के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती किया है। मजिस्ट्रेट नियमित निगरानी करेंगे। शुक्रवार को जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई जाएगी। प्रत्येक मस्जिद के बाहर और नमाज स्थल पर पुलिस कर्मियों के साथ ही मजिस्ट्रेट मुस्तैद रहेंगे। इसके अलावा शांति कमेटी की बैठक करते हुए सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की गई है।

# मारपीट में घायलों को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पीआरवी 3316 को थाना बेलहरकला के निबियावां से कालर ने दो पक्षों के बीच मारपीट, विवाद होने की सूचना दिया। सूचना के बाद तीन मिनट के अन्दर टीम घटना स्थल पर पहुंच गई। विवाद को शांत कराते हुए घायल मन्ने पुत्र रिद्धू निवासी निबियावां को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। विवाद की जानकारी बेलहर पुलिस को दिया।

## दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने बुधवार को दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के वांछित को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल रवाना कर दिया गया। कोतवालन विजय नारायण ने बताया कि मोहम्मद इसराइल निवासी पठानटोला पूर्वी वार्ड नंबर आठ को गिरफ्तार किया गया।

## 110 वाहनों का पुलिस ने किया चालान

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने वाहन और संदिग्ध व्यक्तियों के चेकिंग का अभियान चलाया। सभी थाना क्षेत्र में चले अभियान में 110 वाहनों का चालान करते हुए पुलिस ने 94,500 रुपए सम्मन शुल्क वसूल किया। इसके अलावा संदिग्धों और नियमों का पालन न करने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी।

## चार वारंटी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाल विजय नारायण ने बताया कि वारंटी रामसागर यादव पुत्र सोलहू यादव निवासी राउतपार ,राधेश्याम पुत्र रामलौट निवासी भगठान, रामअचल पुत्र विजयपाल निवासी भेलुआ खोर, संजय पुत्र भागी निवासी गणसरपार को गिरफ्तार किया गया है। सभी अभियुक्त वांछिठ थे।

## शांतिभंग में 17 गिरफ्तार

संतकबीरनगर। एसपी के निर्देश पर जनपद के सभी थाना क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। धनघटा पुलिस ने तीनं, मेंहदावल पुलिस ने चार, बखिरा पुलिस ने तीन, बेलहरकला पुलिस ने दो और धर्मसिंहवा पुलिस ने पांच अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान किया।

# दो पक्षों में मारपीट, पांच लोग घायल, मुकदमा

**जागरण संवाददाता, धनघटा, संतकबीर नगर :** भरवल पर्वता गांव में बुधवार को मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने आठ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।



प्रथम पक्ष के रामप्रीत ने तहरीर में लिखा है कि उनके परिवार में एक कार्यक्रम चल रहा था, उसी दौरान गांव के ही राम भवन, दीपक, राजकुमारी, दुर्गावती घर में घुसकर गाली देने लगे।

मना करने पर सभी ने उन्हें, बेटी खुशबू तथा सविता को पीटकर घायल की दिया। पुलिस ने रामभवन, दीपक, राजकुमारी, दुर्गावती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। दूसरे पक्ष की राजकुमारी की तहरीर पर रामप्रीत, खुशबू व सविता पर मुकदमा दर्ज करके धनघटा पुलिस ने जांच आरंभ कर दिया है। उप निरीक्षक अशोक दूबे ने कहा कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

# बेसहारा पशु को संदिग्ध व्यक्ति के कब्जे से पुलिस ने कराया मुक्त



बेसहारा पशु को संदिग्ध व्यक्ति के कब्जे से मुक्त करवाती धनघटा पुलिस • जागरण

**जागरण संवाददाता, धनघटा, संतकबीर नगर :** सड़क पर घूम रहे बे-सहारा पशु को कुछ लोग पकड़कर ले जा रहे थे। पुलिस कर्मियों की नजर पड़ी तो सभी ने न सिर्फ बे-सहारा पशु को मुक्त करवाया बल्कि आरोपितों को पूछताछ करने के लिए थाने पर बैठा लिया। धनघटा थाना परिसर के आसपास बेसहारा पशु काफी दिनों से घूमता था। बुधवार को उसे घेरकर दो लोग पकड़कर ले जाने लगे। उपनिरीक्षक व दिवस प्रभारी अशोक कुमार दूबे की निगाह उस पर पड़ गई। उन्होंने मौके पर पहुंचकर बे-सहारा पशु को मुक्त कराने के साथ ही दोनों को थाने पर बैठाकर पूछताछ शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि मामला स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धनघटा एसओ लाइन हाजिर तीन थानेदारों का क्षेत्र बदला

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने तीन थानेदारों के कार्यक्षेत्र को बदल दिया है। इसके साथ ही धनघटा के थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश के क्रम में निरीक्षक कृष्णदेव सिंह को थानाध्यक्ष महुली से थानाध्यक्ष धनघटा बनाया गया है। विनय कुमार पाठक को थानाध्यक्ष धनघटा से पुलिस लाइन भेज दिया गया है। एसपी ने अपने रीडर रविंद्र कुमार सिंह को महुली का थानेदार बनाया है। बखिरा के थानाध्यक्ष अनिल कुमार को धर्मसिंहवां की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अभी तक धर्मसिंहवां में तैनात रहे उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह को बखिरा जैसे महत्वपूर्ण थाने का प्रभार सौंपा गया है। पुलिस की इस फेरबदल की जनपद में चर्चा रही।



# गैंगस्टर के आरोपित को पांच वर्ष का कठोर कारावास

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : अपर जिला व सत्र न्यायाधीश काशिफ शेख ने गैंगस्टर के मामले में आरोपित को दोषी करार देते हुए पांच साल के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माना की सजा से दंडित किया है। मामला दुधारा थानाक्षेत्र का है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार पचदेऊरा गांव निवासी मो. अशफाक को कोर्ट द्वारा एक अन्य मामले में दोष सिद्ध किया जा चुका है। उसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के



तहत भी 10 मार्च 2007 को मुकामी पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। न्यायालय ने अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत आरोपित को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास व जुर्माना की सजा से दंडित किया है। जुर्माना न देने पर दोषी को एक साल के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपित सभासद गिरफ्तार

जागरण संवाददाता,संतकबीर नगर : नगर पालिका खलीलाबाद के एक सभासद द्वारा कुछ दिन पूर्व किशोरी के साथ छेड़खांनी व दुष्कर्म किया गया था। मामले में कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही थी। बुधवार को आरोपित को गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया गया।

कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि पठान टोली निवासी व नगर पालिका खलीलाबाद के सभासद मोहम्मद इसराइल द्वारा 18 मार्च को किशोरी के साथ छेड़खानी व दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही थी। गोला बाजार चौकी प्रभारी ह्दय नारायण दीक्षित ने आरोपित सभासद को गिरफ्तार कर लिया।

# हटाए गए एसओ धनघटा

**संतकबीरनगर।** एसपी सोनम कुमार ने धनघटा थाने के एसओ रहे इंस्पेक्टर विनय पाठक को हटा दिया। जबकि महुली थाने के एसओ रहे इंस्पेक्टर केडी सिंह को धनघटा थाने की कमान सौंपी है। इसी तरह एसपी के रीडर इंस्पेक्टर रवींद्र कुमार सिंह को महुली का एसओ नियुक्त किया है। बखिरा एसओ रहे इंस्पेक्टर अनिल कुमार को धर्मसिंहवा थाने पर तैनाती दी है। जबकि धर्मसिंहवा एसओ रहे सब इंस्पेक्टर अनिल सिंह को बखिरा थाने की कमान सौंपी है। यह जानकारी एसपी सोनम कुमार ने दी। ब्यूरो

# अपहरण के दोषी को पांच वर्ष की सजा

अमर उजाला ब्यूरो

**संतकबीरनगर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल ने अपहरण के दोषी को पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही 10,500 रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया। अर्थदंड न अदा करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि दुधारा क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित ने दुधारा पुलिस को 11 मार्च 2007 को प्रार्थना पत्र दिया। उसमें आरोप मढ़ा कि क्षेत्र के ही एक गांव के रहने वाले उसके रिश्तेदार किराए के मकान में बावनगर में रहते थे। जब वह कहीं बाहर जाता था, तो उसकी पत्नी रिश्तेदार के घर पर रहा करती थी। वह मुंबई में अपना कारोबार करते थे। घर पर उसका लड़का और नाबालिग लड़कियां रहती थीं। 10 मार्च 2007 को वह मुंबई से आने वाले थे कि बस्ती रेलवे स्टेशन पर गए। भोर में 4:30 बजे रिश्तेदार तथा उसकी पत्नी दोनों लड़कियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया तथा साथ में जेवरात भी ले गया। मामले में थाना दुधारा में प्रार्थना पत्र देने पर मुकदमा पंजीकृत हुआ।

अभियोजन साक्ष्य से अभियुक्त के विरुद्ध मामला साबित पाए जाने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ला ने दोषी को पांच साल की सजा और 10,500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# दुष्कर्म का आरोपी सभासद भेजा गया जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को दुष्कर्म के मामले में आरोपी सभासद को मेंहदावल बाईपास से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है।



पुलिस ने सभासद को पकड़ कर जेल भेजा।

चौकी इंचार्ज हरिनारायन दीक्षित ने बताया कि आरोपी सभासद का भतीजा 18 मार्च को 17 वर्षीय किशोरी को बहला फुसला कर मुंबई भगा ले गया था। इस मामले में पीड़ित परिजनों ने आरोपी सभासद के भतीजे के खिलाफ बहला फुसला कर भगा ले जाने, पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज कराया था। पुलिस का दबाव बढ़ा तो आरोपी सभासद का भतीजा मुंबई से लेकर किशोरी को खलीलाबाद आ गया। सूचना के आधार पर आठ मई को आरोपी सभासद का भतीजे के साथ किशोरी पुलिस को मिल गई। सभासद के भतीजे को जेल भेज दिया गया था। इधर किशोरी का बयान कोर्ट में दर्ज कराया गया।

## मेंहदावल बाईपास से गिरफ्तार किया गया

किशोरी ने बयान में बताया कि आरोपी युवक के सभासद चाचा ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया था। विवेचना से सभासद को आरोपी बनाया गया। पुलिस से बचने के लिए सभासद घर से कहीं चला गया था। बुधवार को सूचना के आधार पर मेंहदावल बाईपास से आरोपी सभासद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# 31 जुलाई तक जिले में धारा 144 लागू

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**संतकबीरनगर।** जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने जिले में शांतिपूर्ण माहौल कायम रखने के मद्देनजर आठ जून से 31 जुलाई तक धारा 144 लागू कर दिया है। इस दौरान धरना-प्रदर्शन, जुलूस निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश में कहा है कि प्रत्येक शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान किसी अप्रिय घटना की रोकथाम, 10 जुलाई को इदुलअजहा (बकरीद) का त्योहार, विभिन्न सम्भावित परीक्षाओं को सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन तथा कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभाव से जन सामान्य को सुरक्षित रखने आदि को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति जिला मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट या क्षेत्रीय कार्यकारी मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना न तो पांच या इससे अधिक व्यक्तियों का किसी प्रकार का कोई जुलूस निकलेगा न ही सार्वजनिक स्थान पर पांच या इससे अधिक व्यक्तियों का समूह बनाएगा। धरना प्रदर्शन घेराव या रैली नहीं करेगा। विवाह उत्सव व शव यात्रा संबंधित जुलूस तथा उत्तर प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के प्रबंधाधीन, प्रेक्षागृह के अंदर आयोजित सांस्कृतिक व एकेडमिक कार्यक्रम के संबंध में केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देश का अक्षरशः अनुपालन किया जाएगा।

# जुआ खेलते तीन युवक पकड़े गए

संतकबीरनगर। दुधारा पुलिस ने बुधवार को जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया। एसओ सर्वेश राय ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए जुआरियों की पहचान रिजवानुल्लाह, अब्दुल मुख्तार, जमीरुल्लाह निवासी उसरा शहीद थाना दुधारा के रूप में हुई। मौके से 1890 रुपये नकदी और ताश की गड्डी मिली।

पकड़े गए तीनों जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जुआरियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई बृजमोहन सिंह, कांस्टेबल धीरेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल संतोष यादव, कांस्टेबल देवी प्रसाद यादव, कांस्टेबल विवेक कुमार शामिल रहे। ब्यूरो

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2022

# एसपी ने मातहतों के साथ की बैठक

रगड़गंज। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने थाना तरबगंज में सर्कल के सभी थाना क्षेत्र के ( अर्दली रूम ) थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों के साथ बैठक किया। बैठक के बाद थाने में रखे हथियारों का भी निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने थाना तरबगंज में नवाबगंज, वजीरगंज, उमरी बेगमगंज, तरबगंज थाने के प्रभारियों समेत चौकी प्रभारी मंगुरा बाजार ,रगड़गंज, भानपुर, दोमवाघाट, नियवा सहित क्षेत्र के अन्य चौकी प्रभारियों के साथ बैठक किया। बैठक में अपराध की स्थिति, लंबित विवेचना के बारे में जानकारी लिया। इस दौरान कई दरोगा मौजूद रहे।

# दोनों पक्षों के समर्थक डटे रहे, पुलिस भी रही सतर्क

धानेपुर, संवाददाता। मुजेहना ब्लॉक प्रमुख चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था की थी। वहीं दोनों खेमों में बड़ी संख्या में समर्थक भी अंतिम परिणाम जानने तक डटे रहे। धानेपुर दतौली मार्ग पर भाजपा समर्थित का पांडाल सजा था। वहीं निर्दलीय प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी श्यामबाबू का पांडाल माधवगंज के पास लगा था। मतदान केंद्र से लेकर सड़क तक प्रशासन का कड़ा पहरा रहा। वहां पांडालों में समर्थकों की भारी भीड़ रही। बीच बीच में समर्थक नारेबाजी करते रहे। जिन्हें संभालने में पुलिस के पसीने छूट रहे थे। जैसे-जैसे समय बीतता रहा कड़ा मुकाबला होने के कारण दोनों खेमे में बेचैनी बढ़ती गई। अफवाहों का बाजार भी गर्म रहा। परिणाम की भनक लगते ही भाजपाई ने सुरक्षा घेरा व पुलिस बैरियर को धता बता अंदर पहुंच गए।

### अम्बेडकर चौराहे के पास तहसीलदार व पालिका के ईओ की मौजूदगी में दोनों तरफ लगाए निशान

# अतिक्रमण हटाने को पैमाइश, दी मोहलत

**अभियान**

गोण्डा, संवाददाता। मंडेनाला के निकट बुधवार को अभियान चलाकर प्रशासन की ओर से पैमाइश कराई गई। सदर तहसीलदार राजीव मोहन सक्सेना व नगर पालिका के ईओ संजय मिश्रा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि मंडेनाला के निकट 45 प्रतिष्ठानों को अतिक्रमण के दायरे में होने की सूचना है। पहले चरण की पैमाइश के दौरान 13 प्रतिष्ठानों व दुकानों आदि को चिह्नित कर लाल निशान लगा दिए गए हैं।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने बताया कि सभी अतिक्रमण कारियों को दो दिनों की मोहलत दी गई है। लाल निशान तक वे खुद अतिक्रमण हटाकर खाली कर दें, अन्यथा प्रशासन की ओर से हटाए जाने पर उनसे जुर्माना भी वसूला जाएगा। प्रशासन की ओर से सुबह तहसील के राजस्व कर्मियों व पालिका की टीमें, पुलिस बल के साथ पहुंचने पर खलबली मच गई। बड़ी संख्या में प्रतिष्ठानों के दूकानदार व मालिक सड़क पर आ गए। मौके पर हो रही पैमाइश के दौरान सहयोग भी किए। वहीं लाल निशान लगते कई अपने टीन-टपरा हटाना भी शुरु कर दिए।



बुधवार को अतिक्रमण हटवाने के लिए पैमाइश करते कर्मचारी।



पैमाइश के बाद लाल निशान लगाते राजस्व विभाग के कर्मी। • हिन्दुस्तान

## कहीं 20 मीटर तो कहीं 22 मीटर तक पैमाइश

मंडेनाला के एक छोर दक्षिण की तरफ पैमाइश दोपहर तक पूरी कर ली गई। राजस्व टीमों ने बताया कि नक्शे के मुताबिक कहीं पर 20 मीटर तो कहीं 22 मीटर तक चिह्नित किया गया है। अम्बेडकर चौराहे से डीएम बंगले की ओर बढ़ने पर 22 मीटर शुरु होकर यह 20 मीटर तक सिमट गया। बताया जा रहा है कि मंडेनाला पुल से सटकर गाटा संख्या 257 एक पट्टी के रुप में नजूल भूमि है। पालिका की ओर से इसकी पैमाइश कराई जा रही है। दूसरे तरफ उत्तरी छोर पर भी कुछ प्रतिष्ठानों की पैमाइश कराई गई है।

# दो किलो गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

छपिया। दो किलो गांजे के साथ पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर संदीप सिंह ने बताया कि बुधवार को मांडा टयरवा मार्ग भ्रमण के दौरान अजय चौहान उर्फ सिंटू पुत्र सत्य नारायण निवासी ग्राम पैकोलिया थाना पैकोलिया जिला बस्ती और उमा शंकर वर्मा उर्फ पप्पू पुत्र राम फल वर्मा निवासी वार्ड नंबर सात सुभाष नगर थाना गौर बस्ती को पकड़ा गया है।

# तेरह साल बाद लापता बेटे को पाकर परिजन निहाल

- रायबरेली से आए परिजन युवक को साथ ले गए
- पुलिस ने युवक के बारे में की थी छानबीन

इटियाथोक, संवाददाता। पुलिस ने 13 साल से लापता लड़के का पता लगाकर बुधवार को उसके परिजनों को सौंप दिया। बचपन में गायब हुए बेटे को देखते हुए परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे।

रायबरेली जिले के सलोन क्षेत्र के अवना सदरा गांव का धीरज कुमार पटेल पुत्र जगदेव पटेल इटियाथोक के एक होटल पर काम कर रहा था। बुधवार को इटियाथोक की डायल-112 की टीम ने उसे खोज निकाला है। धीरज ने बताया कि वह रायबरेली जनपद का है। वह अपने मां-बाप से बचपन में ही बिछड़ गया था। परिजनों ने गुमशुदगी की दर्ज कराई थी। जब धीरज गायब हुआ था तब उसकी उम्र 12 साल थी। काफी खोजबीन के करने पर भी परिजनों को उसका पता नहीं चला। थकहार कर परिजन मायूस हो गए थे। धीरज के पिता जगदेव पटेल ने बताया कि दो दिन पूर्व सलोन पुलिस ने उन्हें बेटे के मिलने की सूचना दी थी लेकिन उन्हें यकीन नहीं हुआ। बाद में इटियाथोक थाने में तैनात डायल 112 के आरक्षी शुभम सिंह और राम सुरेश तिवारी ने उन्हें फोन करके बेटे के मिलने की सूचना दी। इस पर घरवालों के खुशी का ठिकाना न रहा। बुधवार को परिजन उसे साथ ले गए।

# आईटीआई से तांबा-तार चुराने में दो आरोपी पकड़े

- मंगलवार देर रात फैक्ट्री में की गई चोरी की वारदात
- कापर वायर बोरे में भरते समय आहट पाकर सतर्क हुए सुरक्षा गार्ड

मनकापुर, संवाददाता। आईटीआई की फैक्ट्री के अंदर हुई कापर वायर की चोरी हुई जिसमें उपमहाप्रबंधक की तहरीर पर आधा दर्जन चोरों के खिलाफ चोरी व मालबरामदगी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस के मुताबिक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक प्रयागराज के औद्योगिक क्षेत्र नैनी के चोर फैक्टरी के अंदर दीवाल फांद कर सीएमबी प्लांट के अंदर इंसुलेटेड कापरवायर चोरी करने के लिये आये थे। कापर वायर की चोरी करके बोरी में भर रहे थे तभी आहट पाकर फैक्ट्री की सुरक्षा में लगे भूतपूर्व सैनिक/सिक्योरिटी गार्ड अजय कुमार सिंह सहित अन्य सुरक्षा कर्मियों ने घेराबंदी करके दो आरोपियों को मंगलवार देर रात पकड़ लिया। जबकि अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के नाम शहनवाज पुत्र आविद अली, निवासी-नैनी प्रयागराज व राधेश्याम पुत्र मिठाईलाल केवट निवासी-लेवाईन कला औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज बताया। इनके पास से चोरी में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई है।

# दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

गोण्डा, संवाददाता। कटराबाजार थाना पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने थाना क्षेत्र की एक महिला के साथ दुष्कर्म किया था। इस संबंध में पीड़िता ने कटराबाजार थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

जिले भर में पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा के निर्देशन में महिला अपराध के मामलों में वांछितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कटराबाजार पुलिस ने बुधवार को आरोपी शिवकुमार पुत्र नंद किशोर को धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि आरोपी नंद किशोर क्षेत्र के ग्राम शुक्लनपुरवा मौजा परसोहना का रहने वाला है। उसे गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक साहेब कुमार और उनकी टीम को कामयाबी मिली है।

# चोरी सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार

खरगूपुर। थानाक्षेत्र के दो मोबाइल टावर से चोरी सामान के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। विशुनापुर और देवरिया कला गांव में लगे टावर से कुछ सामान चोरी हुए गए थे। इसकी रिपोर्ट निशा सेवा सुरक्षा प्राइवेट कंपनी के पंकज सिंह ने दर्ज कराई थी।

थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि खरगूपुर विशुनापुर मोड़ पर ग्राम रुपईडीह निवासी रमेश कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से एक बैटरी, दो माड्यूल और दस मीटर केबिल मिला है। बरामद सामान की कीमत करीब 66 हजार रुपए है। आरोपी के पास कटर, चाकू और अन्य वस्तुएं भी मिली हैं। पुलिस ने बताया कि टावर में सामान के चोरी हो जाने से आसपास नेटवर्क की भी दिक्कतें हो रही थीं।

# जालसाजी का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने जालसाजी के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जालसाजी करने के आरोपी अनिल कुमार पाण्डेय ने वादिनी राजदुलारी पत्नी बैजनाथ निवासी रूदगढ़ नौसी थाना धानेपुर को अपनी जमीन फर्जी तरीके से बैनामा करवा दिया था। जिसके संबंध में पीड़िता ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज करवाया था। इसके बाद से आरोपी फरार था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने निर्देश दिया था। इसके बाद वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा ने टीम के साथ बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# कापर वायर चोरी करते कर्मियों ने दो को पकड़ा

**संवादसूत्र,मनकापुर(गोंडा)** : आइटीआइ लिमिटेड में कापर वायर चोरी किए जाने के मामले में दो चोरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। सुरक्षा गार्ड अजय कुमार सिंहने कहा कि दो चोरों को मंगलवार की रात घेरकर पकड़ लिया गया।

पकड़े गए आरोपित ने अपना नाम शहनवाज निवासी नैनी जिला प्रयागराज व राधेश्याम निवासी लेवाईन कला जिला प्रयागराज बताया। इनके पास से चोरी का कापर वायर, कटर मशीन व रस्सी बरामद हुई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि दोनों को जेल भेजा गया है। उधर खरगूपुर संवादसूत्र के अनुसार बिशुनापुर व देवरिया कला से बैटरी माड्यूल व केबल की चोरी होने के मामले में जिला सुरक्षा अधिकारी पंकज सिंह ने थाने में मुकदमा कराया था। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने कहा कि रुपईडीह ग्राम निवासी रमेश कुमार मिश्र को गिरफ्तार किया गया। एक बैटरी, दो माड्यूल व दस मीटर से अधिक केबल बरामद हुआ है।

# अतिक्रमण पर लगाया लाल निशान, 48 घंटे की मोहलत

**संसू, गोंडा:** बुधवार से अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू हो गई। बुलडोजर लेकर पहुंची नगर पालिका परिषद की टीम ने अतिक्रमण चिन्हित करते हुए लाल निशान लगाया। कार्रवाई की जद में आए 19 को अतिक्रमण खाली करने के लिए 48 घंटे की मोहलत दी गई है। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद प्रशासन स्वयं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा।

सिविल लाइंस स्थित मंडेनाला के समीप अतिक्रमण की शिकायत आए दिन अफसरों के पास पहुंच रही थी। इसको लेकर पहले पालिका ने 47 को नोटिस जारी किया था। इसके बाद लोगों से आपत्ति ली गई। बाद में पाया गया कि 13 के कब्जे अवैध है। इसे हटाने के लिए नोटिस जारी की गई थी। बुधवार की सुबह नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्र व तहसीलदार राजीव मोहन सक्सेना की टीम बुलडोजर लेकर यहां पर पहुंची। टीम ने अतिक्रमण चिह्नित करते हुए लाल निशान लगाना शुरू कर दिया। इसमें छह और बढ़ गए हैं। पालिका ने अतिक्रमण को हटाने के लिए 19 भवनों पर लाल निशान लगाया है। संबंधित भवन स्वामियों को 48 घंटे के भीतर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया है। ऐसा न होने पर पालिका खुद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा।

**लगा रहा जाम:** गोंडा-लखनऊ मुख्य मार्ग पर मंडेनाला के पास अतिक्रमण चिंहाकन की कार्रवाई के दौरान जाम लगा रहा। उधर प्रशासन ने पटरी दुकानदारों के ठहराव के लिए वेंडिंग जोन तय किया था। प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में हुई बैठक में नान वेंडिंग जोन का स्थल बनाया गया था।

## टीम देख खुद ही हटाने लगे अतिक्रमण

सुबह टीम के पहुंचते ही मंडेनाला के पास पटरी पर दुकान लगाए लोग अपने अतिक्रमण खुद ही हटाने लगे। हालांकि अतिक्रमण को लेकर लोगों में नाराजगी भी दिखी। कुछ का कहना था कि उनका फ्री होल्ड है, इसके बाद भी अतिक्रमण के नाम पर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है।

# न्याय की आस में छह माह से थानों का चक्कर काट रहे 322 पीड़ित

धनंजय तिवारी ● गोंडा

मुकदमा लिखाने के बाद पीड़ितों में आस जगती है कि अब जल्द ही आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई होगी लेकिन, यहां पीड़ितों को समय से न्याय नहीं मिल पा रहा है। यही कारण है कि न्याय की आस में छह माह से 322 पीड़ित थानों का चक्कर काट रहे हैं। मुकदमा कराने के बाद पीड़ित विवेचना की स्थिति जानने व दोषियों को सजा दिलाने की आस में भटकने को विवश हैं।

देवीपाटन मंडल के चारों जिलों में 2756 मुकदमों की विवेचना लंबित है। इनमें 322 ऐसे मुकदमे हैं जो छह माह पहले लिखे गए थे लेकिन, आज तक इनकी विवेचना पूरी नहीं हो सकी। तीन माह से अधिक अवधि से लंबित विवेचना की संख्या 700 से अधिक है। नियम है कि 90 दिन में विवेचना पूरी कर ली जाए लेकिन, यहां ऐसा नहीं हो पा रहा है। बहराइच से डीआईजी के यहां फरियाद लेकर पहुंचे संतराम का कहते हैं कि जमीन संबंधी विवाद में हुए मारपीट के मामले छह माह पहले मुकदमा लिखाया गया था।

आज तक विवेचना लंबित है। दूसरे जगह से विवेचना कराने की



उपेन्द्र अग्रवाल, पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा ● जागरण

मांग के लिए आए हैं। डीआईजी मंडल के चारों जिलों के ऐसे लापरवाह विवेचकों की कार्यशाला लगाने वाले हैं। इतना ही मुकदमे की विवेचना में सहयोग न करने वालों व अभिलेख न उपलब्ध वालों के घर व दफ्तर पर लीगल नोटिस भेजने की कार्रवाई भी होगी।

**समय से विवेचना पूरा करने के निर्देश:** पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र उपेंद्र अग्रवाल ने कहा कि समय से मुकदमों की विवेचना पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। छह माह से अधिक अवधि से लंबित मुकदमों का ब्योरा तैयार कराया जा रहा है। विवेचना लंबित रहने का कारण जानने के साथ ही विवेचक की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

# मुकदमा तर्ज

**संसू, वजीरगंज :** मझगवां गांव निवासिनी सुन्दरपता की गांव के ही दबंगों ने पिटाई कर दी। इसमें वह घायल हो गई। जबकि कोंडर निवासी बब्बू सिंह ने तीन लोगों पर मारपीट किए जाने का मुकदमा कराया है। थानाध्यक्ष चन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा किया गया है।

# लापता महिला मिली

**संसू, गोंडा:** देहात कोतवाली के भरहापारा की रहने वाली महिला बीते चार को गायब हो गई थी। इस संबंध में महिला के पति ने कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक देहात कोतवाली कमलाकांत त्रिपाठी ने कहा कि महिला को सकुशल बरामद कर स्वजन को सुपुर्द कर दिया गया है। इस पर घर वालों ने खुशी जाहिर की।

# फकीर के साथ अभद्रता का वीडियो वायरल, मुकदमा

**संसू, गोंडा :** फकीर के वेश में घूम रहे तीन लोगों से अभद्रता किए जाने का मामला इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ। इस पर पुलिस ने जांच कर खरगूपुर में मुकदमा कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। फकीर के वेश में तीन लोग खरगूपुर के डींगुर गांव पहुंचे। इनसे गांव वालों ने नाम पता जानने का प्रयास किया। इस पर तीनों लोगों ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। इसी बीच एक व्यक्ति फकीर की वेश में गांव में घूम रहे लोगों से अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया।

# आईटीआई में कॉपर तार चुराते दो दबोचे

संवाद न्यूज एजेंसी

**मनकापुर (गोंडा)।** मंगलवार की रात इंसुलेटेड कॉपर वायर चोरी करने के लिए गैर जनपद के छह चोर बाउंड्रीवाल फांद कर आईटीआई के सीएमवी प्लांट में घुस गए। इसकी आहट लगते ही सिक्योरिटी गार्डों ने घेराबंदी करके दो चोरों को मौके से पकड़ लिया। अंधेरे में चार चोर भाग निकले। उप महाप्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

आईटीआई संचार विहार मनकापुर के उपमहाप्रबंधक संजीव अरोड़ा ने कोतवाली में लिखाई रिपोर्ट में कहा है कि आईटीआई में मंगलवार की रात में रफैक्ट्री की बाउंड्रीवाल फांद कर छह चोर सीएमवी प्लांट टीन शेड के अंदर घुसे और वहां पर रखे लाखों रुपये का

## चहारदीवारी फांदकर चोरी करने घुसे थे छह आरोपी

इंसुलेटेड कॉपर वायर को कटर से काट कर बोरी में भर रहे थे। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर अजय कुमार सिंह, कैलिस्टर साहनी, अरविंद सिंह ने देखा।

तत्काल सहायक सुरक्षा अधिकारी मानसिंह, नीरज श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे तो चोर भागने लगे। सुरक्षा गार्डों ने घेराबंदी करके चोरों में से दो को कॉपर वायर के साथ दबोच लिया।

पकड़े गए आरोपियों ने नाम शाहनवाज निवासी अरैल मोड़ दक्षिणी लोकलपुर थाना नैनी प्रयागराज, राधेश्याम केवट निवासी लेवाइन कला थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज बताया।

# नजूल की जमीन पर बनाए गये मकानों पर लगाया लाल निशान

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान में नगर पालिका नजूल का दांव चल रहा है। आंबेडकर चौराहे पर 47 लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। कई लोग हैं, जिन्होंने सड़क से 55 फुट दूरी पर मकान बना रखा है, और कुछ भाग फ्री होल्ड नहीं है। सड़क की भूमि पर अतिक्रमण न होने पर नजूल की भूमि पर कब्जे को भी हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। नक्शे की स्वीकृति में सड़क से 55 फिट बाद निर्माण की स्वीकृति स्वयं नगरपालिका ने दी रखी है। इससे लोग सहमे हैं, जबकि कई वर्षों से नजूल के फ्री होल्ड की नीति ही नहीं आई, लोग फ्री होल्ड नहीं करा सके हैं। शासन से नीति का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अतिक्रमण अभियान शुरू हुआ और नजूल निर्माण भी निशाना बनाए जा रहे हैं।

शहर में दीवानी चौराहे से क्रांति उपवन के बीच अतिक्रमण के दायरे में कई भवन व कांपलेक्स हैं। 24 मई को पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के साथ ही 47 आलीशान भवनों को अतिक्रमण के दायरे में शामिल करने की सूची प्रशासन ने जारी किया। नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में टीम गठित कर अवैध कब्जों को हटाने के निर्देश दिया है। शहर में खासी हलचल है। नपाप की तरफ से अतिक्रमण में शामिल एक तरफ के 13 लोगों की सूची दी गई, जिनके कब्जे की नाप जोख शुरू हुई।

इसमें ज्यादातर मामले नजूल से संबंधित निकल कर आए है, कई लोग हैं जिन्होंने नजूल की भूमि पर मकान बना रखा है और फ्री होल्ड नहीं कराया है। कुछ ने फ्री होल्ड कराया है तो आंशिक भाग किसी दूसरे गाटे का है फ्री होल्ड नहीं है। ऐसे में ही अतिक्रमण के जद में आए बृजेश सिंह का कांपलेक्स भी है। उनका कहना है कि उन्होंने फ्रीहोल्ड करा रखा है और नक्शा भी बना है। जब नक्शा पास हुआ और फ्री होल्ड हुआ तब किसी दूसरी जमीन की जानकारी विभाग ने नहीं दी।



**आंबेडकर चौराहे से दीवानी कचहरी तक चिह्नित किए गये 47 कब्जेदार**

**कार्रवाई से नाराजगी**

मंडेनाला के पास निशान लगाते नगर पालिका कर्मी। -संवाद

## जेसीबी के साथ पहुंचे मजिस्ट्रेट व अफसर, दी चेतावनी

बुधवार को जेसीबी के साथ तहसीलदार सदर व ईओ नगर पालिका पहुंचे। उनके साथ नगर पालिका के कर्मचारियों की टीम भी रही। टीम ने नापजोख कर गलत तरीके से कब्जे वाले स्थान का चिन्हांकन किया। लोगों को चेतावनी दिया कि दो दिन में कब्जा खुद से हटा लें, विभाग की ओर से हटाने पर खर्च भी जमा करना होगा। इससे पूरे क्षेत्र में बेचैनी हो गई। लोगों ने अपने तर्कों से बात रखने का प्रयास किया, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि तय समय में खुद से कब्जे हटा लें तो बेहतर होगा।

## नजूल पर बना है मकान तो हटाने की जगह प्रशासन करे निस्तारण

स्थानीय लोगों की मांग है कि अतिक्रमण हो तो बेशक ढहा दिया जाए, लेकिन नजूल का मामला है तो उसका निस्तारण भी अधिकारियों को करना चाहिए। जब फ्री होल्ड की नीति ही नहीं आई है तो वह लोग क्या करें, ऐसे में मकान ढहा देने से समस्या ही बढ़ेगी। किसी की रोजी रोटी छिन कर किसी को क्या मिलेगा।

> “ बिना फ्री होल्ड वाली जमीन पर निर्माण गलत है, सबकों उनके अवैध कब्जे चिन्हित करके बता दिया गया है। समय भी दिया गया है। तय समय में अवैध कब्जा खाली होना है। लोग अपनी बात मजिस्ट्रेट से कह सकते हैं। - **संजय मिश्र,** ईओ, नपाप

# मोबाइल टॉवर से सामान चुराने का आरोपी गिरफ्तार

खरगूपुर (गोंडा)। क्षेत्र के दो मोबाइल टॉवर से चोरी हुए सामानों को पुलिस ने बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। विशुनापुर और देवरिया कला गांव में लगे टॉवर से सामानों की चोरी हो गई थी। कंपनी के जिला सुरक्षा अधिकारी पंकज सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि विशुनापुर मोड़ पर ग्राम रुपईडीह निवासी रमेश कुमार मिश्रा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक बैटरी, दो माड्यूल तथा दस मीटर केबल बरामद किया है। जिसकी कीमत लगभग 66 हजार रुपये है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2022

# गैंगस्टर में दोषी को दो साल की सजा

बलरामपुर। उतरौला कोतवाली के बढ़ी पिपरा निवासी गैंगस्टर ऐक्ट के आरोपी निगाह पुत्र रहमतुल्ला को न्यायालय ने दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपए का जुर्माना भी अदा करना होगा। उधर, बिशुनीपुर निवासी लालमन को अवैध असलहा रखने के मामले में सीजीएम न्यायालय ने पांच माह 11 दिन की सजा सुनाई है। 500 रुपए का जुर्माना भी देना होगा।

# पुलिस अधीक्षक ने शिकायतें सुनीं

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने अपने कार्यालय में प्रार्थना पत्र लेकर आए लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया। उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों को मामलों के निस्तारण का निर्देश दिया। कहा की सभी समस्याओं का निस्तारण 72 घंटे के अंदर होना चाहिए।

# मोबाइल फोन बरामद कर मालिक को सौंपा

बलरामपुर। श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दारी चौरा निवासी चंदन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया कि उनका मोबाइल फोन मंगलवार को कहीं गिर गया है। पुलिस की सर्विलांस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल फोन को बरामद कर बुधवार को उन्हें सौंप दिया।

# महिलाओं को उनके अधिकार बताए

बलरामपुर। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं को उनकी सुरक्षा के उपाय बताएं। साथ ही अधिकारों की जानकारी भी दी गई। एंटी रोमियो टीम ने सिनेमा हाल, बस स्टॉप व शॉपिंग मॉल के निकट भ्रमण कर महिलाओं से वार्ता की। महिला पुलिस ने उन्हें सुरक्षा का एहसास दिलाया। साथ ही इमरजेंसी नंबरों की जानकारी भी दी गई।

हिन्दुस्तान

# सादुल्लाह नगर कस्बे में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

रेहराबाजार, संवाददाता। सादुल्लाह नगर कस्बे में सड़क किनारे अतिक्रमण के चलते आए दिन जाम लग जाता था। जिससे आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

बुधवार सुबह सादुल्लाह नगर में सड़क पटारियों से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया गया। बुल्डोजर आता देख अधिकतर दुकानदार स्वयं ही अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिए। जिन दुकानदारों ने सड़क पटरियों को खाली नहीं किया उनपर प्रशासन ने बुल्डोजर चलवाकर अतिक्रमण मुक्त कराया। यही नहीं कई दुकानदार सड़क पटरियों पर अवैध तरीके से पक्की फर्श, चबूतरा आदि बना लिए थे, जिसे प्रशासन ने जेसीबी से तोड़वा दिया। घर व दुकान के सामने टिन शेड व सरकारी जमीन पर उठाई गई दीवार को भी ढहा दिया गया। अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी भी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो सम्बन्धित पर जुर्माना लगाया जाएगा। इस मौके पर तहसीलदार राम अश्रय, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी भानु प्रताप सिंह, जेई रबि प्रताप कुशवाहा, अमित कुमार पटेल, कानूनगो मोहम्मद नईम, प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज, लेखपाल सुनील कुमार, विनय श्रीवास्तव, जगदंभा व पुलिस बल तथा राजस्व के कई कर्मचारी मौजूद रहे।



सादुल्लाह नगर कस्बे में अतिक्रमण हटाते अधिकारी

## नाले पर दबंगों का अवैध कब्जा, होगी कार्रवाई

बलरामपुर। नगर में स्थित मुख्य नाले पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। कुछ लोगों ने नाले के ऊपर पक्का निर्माण करा लिया है। एडीएम राम अभिलाष ने नगर पालिका के ईओ को अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। एडीएम ने बताया कि सब्जी मंडी पंडा टोला वार्ड में स्थित नाले पर माज अहमद ने नाले के ऊपर पक्का निर्माण कर लिया है। बताया कि अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया है अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देकर हटवाया जाए। कहा गया है कि नाले पर जहां जक्शन बिन्दु है, वहां बांस की जाली लगवाई जाए, जिससे पन्नी आदि नालों में बहने से रुक जाए। जो भी व्यक्ति अपने घर का कूड़ा नाली में गिराते हैं, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाए।

## सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई: डीएम

बलरामपुर। जिले में अमन चैन व सौहार्द बनाए रखने के लिए डीएम की अध्यक्षता में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न स्थानों से आए धर्म गुरू व संभ्रांत लोगों ने आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाए रखने को सुझाव दिए। सोशल मीडिया व अन्य प्लेटफार्म पर माहौल बिगाड़ने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। डीएम श्रुति ने कहा कि जिले का इतिहास गंगा जमुनी एवं आपसी सौहार्द का रहा है। सभी आपस में भाई चारा बनाए रखें।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



सादुल्लाहनगर कस्बा में बुलडोजर से हटाया जा रहा अतिक्रमण ● जागरण

**संवादसूत्र, सादुल्लाहनगर (बलरामपुर) :** बाजार में सड़क किनारे से अतिक्रमण हटवाने के लिए अभियान चलाया गया। बुलडोजर की गर्जना देख कुछ अतिक्रमणकारियों ने खुद ही अपना टिनशेड हटा लिया।

राजस्व व लोक निर्माण विभाग की टीम ने पहले से चिह्नित अतिक्रमण वाले स्थानों पर जेसीबी चलाकर अवैध निर्माण ढहा दिया। इसके बाद टिनशेड व ढाबली ढहा दी गईं। पुलिसबल व पीएसी की मौजूदगी में अतिक्रमणकारियों के मंसूबों को ध्वस्त कर बुलडोजर आगे बढ़ा तो तमाम लोगों ने खुद ही अपना अवैध निर्माण तोड़ने में जुट गए। अभियान की अगुवाई कर रहे उतरौला तहसीलदार रामाश्रय ने बताया कि कस्बा बाजार में सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण हटवाया गया है। दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई है। पुनः अतिक्रमण मिला तो संबंधित से जुर्माना वसूला जाएगा। अधिशासी अभियंता भानु प्रताप सिंह, जेई रवि प्रताप कुशवाहा, जेई अमित कुमार पटेल, कानूनगो मो नईम मौजूद रहे।

# बाहर से आने वालों पर पुलिस की पैनी नजर, कायम रहेगी गंगा-जमुनी तहजीब

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : अमन चैन व आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी श्रुति ने सभी लोगों से अपील की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों व आम लोगों से सुझाव भी लिए। सभी ने एक स्वर में कहा कि जिले की गंगा-जमुनी तहजीब हरहाल में कायम रहेगी।

बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया जैसे वाट्सएप, फेसबुक समेत अन्य साइडों पर किसी भी तरह की धार्मिक टिप्पणियों से बचें। ऐसी कोई भी गतिविधि न करें जिससे आपसी सौहार्द और माहौल खराब हो। उन्होंने कहा कि जिले में बाहर से आने वालों पर पुलिस अच्छे से नजर रख रही है। बैठक में मौजूद पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि सभी लोग अफवाहों से बचें, आपस में कोई भी धार्मिक टीका- टिप्पणी न करें। कोई भी व्यक्ति इंटरनेट मीडिया पर विवादित टिप्पणी करता है, तो तत्काल संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराएं। किसी भी दशा में कानून को हाथ में न लें। वहीं बैठक में अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव मौजूद रहीं। जिलाधिकारी ने सौहार्द्र बनाए रखने के लिए आमलोगों से सुझाव भी लेने को कहा।

# तमंचा व कारतूस बरामदगी में आरोपित को सजा

**संसू, बलरामपुर** : मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रत्नेश दीप कमल आनंद ने तमंचा व कारतूस बरामदगी में आरोपित के स्वीकृति पर जेल में बिताई गई अवधि को सजा सुनाते हुए 500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

पुलिस ने 21 दिसंबर 2021 को ग्राम विशुनीपुर निवासी लालमन के पास से एक देसी तमंचा व एक कारतूस बरामद किया था। प्रभावी पैरवी के आधार पर आरोपित ने जुर्म स्वीकार करते हुए पांच माह 11 दिन जेल में बिताई गई अवधि को सजा में तब्दील करने का आग्रह अदालत से किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि अर्थदंड न जमा करने पर पांच दिन का कारावास होगा।

---

# साइबर सेल टीम ने वापस कराए 34 हजार रुपये

**संसू, बलरामपुर** : साइबर सेल टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आनलाइन ठगी कर खाते से निकाले गए रुपये खाताधारक को वापस कराए हैं। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि पीड़ित वीरेंद्र कुमार चौरसिया के खाते से 34000 रुपये ठगों ने आनलाइन निकाल लिए थे। पीड़ित ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन से धोखाधड़ी कर उसके खाते से पैसा निकाल लिया है।

# गिरोहबंद अधिनियम में आरोपित को दो साल कारावास

**संसू, बलरामपुर :** अपर सत्र न्यायधीश द्रुतगामी प्रथम जहेंद्र पाल सिंह ने गिरोहबंद अधिनियम में आरोपित को दो साल कारावास की सजा सुनाते हुए आचरण से दंडित किया है। कोतवाली उतरौला की पुलिस ने 31 दिसंबर 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई कि थाना क्षेत्र के ग्राम बथिनी पिपरा याकूब, निवासी निगाह का आपराधिक संगठन है, जो समाज में अपराध कर भय व आतंक पैदा करते हैं। अभियोजन की ओर से कहा गया कि प्रस्तुत अभियोजन साथियों ने घटना का पूर्ण समर्थन किया है। बचाव पक्ष से कहा गया कि आवेदक के विरुद्ध कोई अपराध नहीं बनता है। पुलिस ने फर्जी अपराध दिखाकर गलत मुकदमा लिखाया है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद आरोपित को दो वर्ष की सजा सुनाते हुए 5000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर

## सादुल्लाह नगर बाजार में सड़क की पटरियों से हटवाया गया अतिक्रमण

संवाद न्यूज एजेंसी

**गैंड़स बुजुर्ग (बलरामपुर)।** शासन की मंशा के अनुरूप नगर व कस्बों में जिला प्रशासन की तरफ से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को सादुल्लानगर कस्बे में अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत करते हुए अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया गया। सड़क व पटरियों से अतिक्रमण हटवाने के बाद बाजार में जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी।

शहर व कस्बों में जाम की समस्या को देखते हुए सरकार ने अतिक्रमण हटवाने का फरमान जारी किया था। जिला अधिकारी के निर्देश पर जिला मुख्यालय सहित सभी नगर व कस्बों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को तहसीलदार उतरौला रामाश्रय के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग के एई व जेई सहित भारी संख्या में पुलिस बल द्वारा सादुल्लाहनगर बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। सड़क के दोनों ओर स्थाई व अस्थाई रूप से किए अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर खूब चला। दुकानों के आगे बने चबूतरे तथा टिनशेड आदि भी प्रशासन की ओर से हटवाया गया। तहसीलदार ने लोगों को पुनः अतिक्रमण करने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। कस्बे में अतिक्रमण हटाने का कार्य जैसे ही शुरू हुआ स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। लोग घर व दुकान के आगे लगे टिनशेड आदि को बचाने के लिए अधिकारियों के आगे पीछे घूमते दिखे।

सादुल्लाहनगर की सड़के सकरी होने तथा अतिक्रमण के चलते राहगीरों को बाजार आने-जाने में काफी असुविधा झेलनी पड़ती थी। अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। स्थानीय लोगों का मानना है कि अब अतिक्रमण हटने के बाद जाम की समस्या से निजात मिलेगी।




-बलरामपुर के सादुल्लाहनगर बाजार में हटवाया जा रहा अवैध अतिक्रमण। संवाद

# अवैध बालू खनन में पकड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली

बलरामपुर। हरैया सतघरवा थाने की पुलिस ने अवैध बालू खनन में लिप्त तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ी है। अंधेरे का फायदा उठाकर चालक फरार हो गए। पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्राली को सीजकर मामले की छानबीन की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि रमवापुर प्राथममिक विद्यालय के पीछे अवैध बालू खनन करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी गई। अवैध बालू खनन माफिया अंधेरे का फायदा उठा कर मौके से भाग गये। बरामद ट्रैक्टर-ट्राली को थाना लाकर सीज कर दिया गया है। इस मामले की जांच की जा रही है। (संवाद)



# जागरूकता से ही महिला हिंसा में आएगी कमी

बलरामपुर। जागरूकता से ही महिलाओं पर हो रहे हिंसा में कमी आएगी। प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति काफी गंभीर है। महिलाएं किसी भी तरह की समस्याएं होने पर बेझिझक हेल्पलाइन नंबर पर सहयोग ले सकती हैं। सहायता के लिए पुलिस हमेशा तत्पर रहती है।

## मिशन शक्ति के तहत एंटीरोमियों टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

एसपी राजेश कुमार सक्सेना व एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियों की टीम गांव-गांव भ्रमण कर महिलाओं को जागरूक कर रही हैं। हेल्प लाइन नंबर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 के अलावा थानों के सीयूजी नंबर आदि की जानकारी दी जा रही है। ट्रैफिक नियमों, संकेतों, हेलमेट सीट बेल्ट व अन्य सुरक्षा उपकरणों की जानकारी भी महिलाओं को दी जा रही है। (संवाद)

# दहेज हत्या के दोषी पति को 10 वर्ष की कैद

संवाद न्यूज एजेंसी



**बलरामपुर।** दहेज हत्या के दोषी पति को एफटीसी प्रथम न्यायाधीश ने 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को 6 हजार अर्थदंड भी अदा करने का आदेश दिया है।

बुधवार को जानकारी देते हुए अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी रणधीर सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर के ग्राम विशुनीपुर निवासी गिरधारी लाल यादव ने अपनी बेटी मालती की शादी मनीराम निवासी बालपुर के वर्ष 2007 में की थी। पति मनीराम व ससुराल वाले राम कुमार, हरीराम, संतोष, सरोज, राम दुलारी दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। मालती को एक लड़का भी पैदा हुआ। ससुरालवालों ने मालती व उसके लड़के को मिट्टी का तेल डालकर जला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा लिखकर विवेचना शुरू की।

प्रथम दृष्टया दहेज हत्या का दोषी मानते हुए विवेचक ने मनीराम, राम कुमार, हरीराम, संतोष, सरोज व राम दुलारी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सत्र परीक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने 13 गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद एफटीसी प्रथम जहेंद्र पाल सिंह ने पति मनीराम को मालती व उसके लड़के की हत्या का दोषी मानते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 6 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

अर्थदंड अदा न करने पर आरोपी को 45 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। न्यायाधीश ने साक्ष्यों के अभाव में राम कुमार, हरीराम, संतोष, सरोज व राम दुलारी को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

# गैंगस्टर एक्ट दोषी को दो वर्ष की कैद

बलरामपुर। विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ने गिरोहबंद समाजविरोधी क्रियाकलाप में लिप्त रहने वाले एक व्यक्ति को दोषी मानते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास व पांच हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई।

बुधवार को शासकीय अधिवक्ता हेमंत कुमार शुक्ला ने बताया कि कोतवाली उतरौला में पुलिस द्वारा 30 दिसंबर 2020 को गिरोह बनाकर अपराध करने का मुकदमा निगाह व अफसर उर्फ भूर्रे के खिलाफ गोवंश की तस्करी के आरोप में लिखाया था। पुलिस ने विवेचना के बाद दोनों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सत्र परीक्षण के दौरान थाना उतरौला के ग्राम बभनी पिपरा याकूब निवासी निगाह ने अपना जुर्म न्यायालय में स्वीकार कर लिया। जुर्म प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट जहेंद्र पाल सिंह ने निगाह को दो वर्ष के सश्रम कारावास व पांच हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। संवाद

# दुराचार के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**बलरामपुर।** विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने नाबालिग लड़की से दुराचार करने के दोषी व्यक्ति को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने आरोपी को 20 हजार अर्थदंड भी अदा करने का आदेश दिया है। यह जानकारी देते हुए विशेष अभियोजन अधिकारी पवन कुमार वर्मा ने बताया कि थाना ललिया में एक व्यक्ति ने प्रार्थना पत्र दिया था कि उसकी लड़की को 15 दिसंबर 2016 को रमेश बहला फुसलाकर भगा ले गया, तथा दुराचार किया। पुलिस ने विवेचना के बाद रमेश के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो अभिनतम उपाध्याय ने रमेश को नाबालिग लड़की से दुराचार करने का दोषी मानते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 20 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। संवाद

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2022

# अवैध बालू से लदी दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

## कार्रवाई

बहराइच, संवाददाता। मटेरा थाने की पुलिस ने भोगाजोत में दबिश देकर अवैध खनन की बालू से लोड दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी। वाहन सवार काफी लोग फरार हो गए। जबकि दोनो चालक गिरफ्तार कर लिए गए। गिरफ्तार आरोपियों ने फरार लोगों के नाम कबूले है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

मटेरा एसएचओ आरडी मौर्य को बुधवार भोर में भनक लगी कि भोगाजोत की ओर से अवैध खनन की बालू लादकर निकलने की फिराक में है। उन्होंने तत्काल अफसरों को जानकारी दी। एसएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व सीओ नानपारा डॉ.जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में एसएचओ ने दरोगा संतोष कुमार सिंह, मुख्य सिपाही धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सिपाही शमसाद को गिरफ्तारी को भेजा। पुलिस की दबिश पड़ते ही तमाम लोग फरार हो गए। दोनों वाहनों के चालक भोगाजोत निवासी पप्पू यादव, भैय्यापुरवा मुरलीताल निवासी दुखहरन को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पुलिस ने दोनों के विरुद्ध चोरी से खनन आदि की धाराओं में केस दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## संयुक्त चेकिंग टीम ने 33 वाहनों का किया चालान

बहराइच, संवाददाता। बुधवार सुबह से यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने वाहन चेकिंग अभियान की शुरुआत की। अपर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंज्जय सिंह के मार्गदर्शन व सीओ यातायात विनय कुमार द्विवेदी के पर्यवेक्षण में पीटीओ महेश वर्मा व यातायात प्रभारी की टीम ने चिलवरिया चीनी मिल के सामने व आसाम चौहरा के पास हाईवे सड़क पर खड़े वाहनों का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त शहर क्षेत्र के विभिन्न चौराहों - तिराहों पर वाहन अभियान में मंगलवार को 33 वाहनों से 74 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान किया गया। प्रचार वाहन के माध्यम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# गैंगरेप मामले में अग्रिम जमानत याचिका खारिज

बहराइच, संवाददाता। न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्याधीश, ईसी एक्ट के जज वरुण मोहित निगम ने गैंगरेप, छेड़छाड़, मारपीट, जानलेवा हमले के मामले में अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। यह प्रकरण 25 मार्च को हुआ था।

एडीजीसी क्रिमिनल सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि फखरपुर थाने के एक गांव के एक घर पर अकेली महिला थी। 25 मार्च की रात में 11 बजे दो युवकों ने घर में घुसकर युवती को चाकू दिखाकर मारपीट व छेड़छाड़ की थी। इसी तहरीर के आधार पर घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ की धाराओं में फखरपुर थाने के कन्दौली कुठार निवासी राम फेर उर्फ राम फेरे पुत्र राम स्नेही सहित दो के विरुद्ध केस दर्ज किया गया था। विवेचना में घातक चोट व चाकू दिखाकर धमकाकर गैंगरेप की धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई थी। आरोपी राम फेर उर्फ रामफेरे ने अधिवक्ता के जरिए अग्रिम जमानत याचिका दायर कराई गई थी। मंगलवार को बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष से एडीजीसी क्रिमिनल सुनील कुमार जायसवाल के तर्कों को सुना। जज ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दिया है।

# अवैध बालू से लदी दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

**कार्रवाई**

**बहराइच, संवाददाता।** मटेरा थाने की पुलिस ने भोगाजोत में दबिश देकर अवैध खनन की बालू से लोड दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी। वाहन सवार काफी लोग फरार हो गए। जबकि दोनो चालक गिरफ्तार कर लिए गए । गिरफ्तार आरोपियों ने फरार लोगों के नाम कबूले है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

मटेरा एसएचओ आरडी मौर्य को बुधवार भोर में भनक लगी कि भोगाजोत की ओर से अवैध खनन की बालू लादकर निकलने की फिराक में है। उन्होंने तत्काल अफसरों को जानकारी दी। एसएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व सीओ नानपारा डॉ.जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में एसएचओ ने दरोगा संतोष कुमार सिंह, मुख्य सिपाही धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सिपाही शमसाद को गिरफ्तारी को भेजा। पुलिस की दबिश पड़ते ही तमाम लोग फरार हो गए। दोनों वाहनों के चालक भोगाजोत निवासी पप्पू यादव, भैय्यापुरवा मुरलीताल निवासी दुखहरन को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पुलिस ने दोनों के विरुद्ध चोरी से खनन आदि की धाराओं में केस दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## संयुक्त चेकिंग टीम ने 33 वाहनों का किया चालान

**बहराइच, संवाददाता।** बुधवार सुबह से यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने वाहन चेकिंग अभियान की शुरुआत की। अपर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंज्जय सिंह के मार्गदर्शन व सीओ यातायात विनय कुमार द्विवेदी के पर्यवेक्षण में पीटीओ महेश वर्मा व यातायात प्रभारी की टीम ने चिलवरिया चीनी मिल के सामने व आसाम चौहरा के पास हाईवे सड़क पर खड़े वाहनों का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त शहर क्षेत्र के विभिन्न चौराहों - तिराहों पर वाहन अभियान में मंगलवार को 33 वाहनों से 74 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान किया गया। प्रचार वाहन के माध्यम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# सीएमओ के चपरासी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

बहराइच, संवाददाता। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात चपरासी रंजीत सिंह पर नगर कोतवाली में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। रंजीत पर एक महिला सहित दो लोगों से जिला अस्पताल में कम्प्यूटर आपरेटर व वार्ड आया की सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख की ठगी का आरोप है।

पीड़ितों ने नगर कोतवाली में तहरीर दी। एसएसपी के हस्तक्षेप के बाद नगर कोतवाली में अमानत में खयानत व धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

दरगाह थाने के सालारगंज निकट समय माता मंदिर निवासी शिव कुमार पुत्र भूरे लाल का जिला अस्पताल में दवा लेने के सिलसिले में आना- जाना होता था। सीएमओ कार्यालय में तैनात चपरासी रंजीत सिंह पुत्र त्रिवेणी सिंह जो सुल्तानपुर जिले का निवासी बताया जा रहा है। उससे शिवकुमार का सम्पर्क हो गया। रंजीत ने शिवकुमार के

> सीएमओ कार्यालय के कर्मी रंजीत सिंह पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। तहकीकात शुरू हो चुकी है।
>
> **विनय कुमार द्विवेदी , सीओ सिटी**

बेरोजगार बेटे संदीप को जिला अस्पताल में कम्प्यूटर आपरेटर की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। यह भी बताया कि इसमें 2.50 लाख रुपये खर्च करना पड़ेगा। शिव कुमार ने इसके लिए परिवार वालों से बातचीत की। रंजीत ने कहा कि संदीप के अलावा और कोई बेरोजगार हो तो उसे भी ढाई लाख रुपये की रकम दिए जाने पर नौकरी मिल सकती है।

शिव कुमार ने अपने बेटे संदीप को कम्प्यूटर आपरेटर व मोहल्ले की ही राबिया बेगम पत्नी अनीस को वार्ड आया की नौकरी के वास्ते तीन गवाहों की मौजूदगी में ढाई- ढाई लाख यानी पांच लाख रुपये दिए थे।

# दो चोरों को रंगे हाथ दबोचा, दो साथी फरार

## कठौतिया में घर में घुसकर उड़ा रहे थे माल, पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**गायघाट (बहराइच)।** कठौतिया गांव में घर में घुसकर चोरी कर रहे दो चोरों को गृह स्वामी व ग्रामीणों ने रंगे हाथ दबोच लिया। दो अन्य चोर मौके से फरार हो गये। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों चोर को थाने ले गई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया।

मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के कठौतिया गांव निवासी जनार्दन ने बताया कि बुधवार सुबह लगभग साढ़े तीन बजे घर में खटपट की आवाज सुनाई दी। उठकर देखा तो चार चोर बक्शे का ताला तोड़कर नगदी व जेवरात भर रहे थे। शोर मचाया तो दो चोर बाइक से भाग गये। बाकी दो को ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से जेवरात व नगदी बरामद हुई। पीड़ित ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए चोरों ने अपनी पहचान लखीमपुर खीरी जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र के सिंगावर निवासी छोटे व धौरहरा थानाक्षेत्र के परवा निवासी कवाम के रूप में बताई। मुर्तिहा कोतवाल शशिकुमार राणा ने बताया कि दोनों आरोपियों को थाने लाया गया। तलाशी के दौरान नगदी, बक्शा, जेवरात समेत अन्य सामान बरामद हुआ। कोतवाल ने बताया कि पकड़े गए चोरों के खिलाफ ईशानगर थाने में चोरी, हत्या व डकैती समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।



मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के कठौतिया में चोरी करते समय पकड़े गए चोर। -संवाद

### नगदी व जेवरात लेकर फरार

**खैरीघाट।** थाना क्षेत्र के शेखनपुरवा गांव निवासी मोहम्मद यासीन के घर में चोर घुस गये और तीन लाख नगद, चांदी के आभूषण व बर्तन समेत अन्य सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गये। पीड़ित के अनुसार लगभग 10 लाख की चोरी हुई है। खैरीघाट थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। संवाद

# SHRAVASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-06-2022

# पुलिस पर फायरिंग में दो पकड़े गए

श्रावस्ती। सोनवा थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा मंगलवार को टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर निकले थे। गश्त के दौरान गोपाला सराय तिराहे पर पहुंच कर संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करने लगे।

इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रेशम फार्म गौसपुर स्थित मजार के पास दो संदिग्ध व्यक्ति बैठे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों व्यक्तियों को पकड़ने के लिए घेराबन्दी कर दी। पुलिस की आहट पाते ही दोनों संदिग्ध भागने लगे। इस पर पुलिस ने उन्हें दौड़ा लिया तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर झोंक दिया जिसमें पुलिस जवान हताहत होने से बच गए। पुलिस ने अन्त में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

# 96 वाहनों का किया गया चालान

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में मंगलवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सभी चेक पोस्टों पर वाहन चेकिंग की गई।

# तीन कुंतल नेपाली डली व छह लाख बरामद

**कामयाबी**

- वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने जायलों कार की ली तलाशी
- तलाशी में कार से सात बोरी नेपाली डली व छह लाख रुपये बरामद हुए

**कटरा, संवाददाता।** बुधवार को श्रावस्ती पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक जायलो कार से सात बोरी डली व छह लाख रुपये बरामद किए। पुलिस वाहन चालक समेत दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

नवीन माडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती के प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय टीम के थाने के सामने हाईवे पर बैरियर लगाकर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान बलरामपुर की तरफ से यूपी 32 केवी 7217 नम्बर की एक जाइलो कार आती दिखाई दी। बैरियर के नजदीक पहुंचते ही पुलिस को देख कर चालक वाहन मोड़ कर भागने की कोशिश करने लगा। इस पर पुलिस को शक हुआ और पुलिस टीम की ओर से घेराबन्दी कर वाहन को रोक लिया गया। इसके बाद वाहन की तलाशी ली गई तो कार में सात जूट की बोरियों में साढ़े तीन कुंतल नेपाली डली व प्लास्टिक के थैले में छह लाख 12 हजार 320 रुपये बरामद हुआ। बरामद माल को पुलिस ने जब्त कर लिया और चालक व उसके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान चालक की पहचान मोहम्मद सारिक पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी बाईपास मोहल्ला नानपारा थाना नानपारा जिला बहराइच व जमाल अहमद पुत्र सब्बू मिस्त्री निवासी मोहल्ला किला नानपारा थाना नानपारा जनपद बहराइच के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार सात बोरियों से बरामद साढ़े तीन कुंतल नेपाली डली की कीमत एक लाख रुपये आंकी गई है।

## शांतिभंग में 21 पाबंद

**श्रावस्ती:** एसपी अरविंद कुमार के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अभियान जारी है। दो दिन में विभिन्न थानों की पुलिस की ओर से 21 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। सभी को शांतिभंग की आशंका में पाबंद किया गया है। (वि.)

## 96 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती** : यातायात पुलिस की ओर से विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों को जांच की गई। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम में 96 वाहनों का ई-चालान कर 1,37,000 रुपये का शमन वसूला गया। (वि.)

## 20 लीटर शराब बरामद

**श्रावस्ती** : इकौना पुलिस ने पश्चिमी केवटनपुरवा निवासी पुजारी को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब व उपकरण बरामद हुए। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।(वि.)

## चाकू संग आरोपित गिरफ्तार

**श्रावस्ती** : श्रावस्ती पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बैदौरा निवासी बड़े लाल को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (वि.)

# संपूर्ण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है शांति व्यवस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिले में अपराध नियंत्रण के लिए बैठक का आयोजन हुआ। डीएम और एसपी ने मातहतों से अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने को कहा। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था संपूर्ण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है।

बैठक में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कहा कि विभिन्न विभागों के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित किया जाए। अशांति उत्पन्न करने वाले संभावित व्यक्तियों की सूची उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा तैयार कर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

वहीं एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि सभी थानाध्यक्ष नियमित गश्त, रोको टोको अभियान, असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों पर कड़ी निगाह रखते हुए जेल से छूटे अपराधियों, संभावित अवैध खनन और अवैध शराब पर भी पैनी निगाह रखे। बैठक में एसडीएम भिनगा प्रवेंद्र कुमार, इकौना आरपी चौधरी, जमुनहा सौरभ शुक्ला, आशुतोष, संयुक्त निदेशक अभियोजन योगेंद्र नाथ दीक्षित, सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे व इकौना एमपी शर्मा समेत तमाम थानाध्यक्ष व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**डीएम व एसपी ने कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मातहतों संग की बैठक**

## स्वस्थ रहने के लिए योग जरूरी

**श्रावस्ती।** जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम, भिनगा व अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज में बुधवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। डीएम ने लोगों से 21 जून तक चलने वाले इस शिविर में शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है। नियमित योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है जिससे कई बीमारियों से हमारा बचाव होता है। वर्तमान में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए भी प्रतिदिन योग व व्यायाम करने से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती हैं। स्पोर्ट्स स्टेडियम, भिनगा में जिला क्रीड़ाधिकारी शिवकुमार यादव व अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज में राममनोहर वर्मा के नेतृत्व में योग कराया गया। योग वेलनेस सेंटर, सेमरा अकबरपुर में भी सुबह छह बजे से योग शिविर लगा। संवाद

# चोरी व लूट की घटनाओं पर लगाएं अंकुश : एसपी

**जासं, श्रावस्ती :** पुलिस कार्यालय सभागार में अपराध गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने की। उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों व आइजीआरएस प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारित कराएं। नेपाल सीमा की सुरक्षा के लिए एसएसबी व पुलिस समन्वय बनाकर नजर रखें।

एसपी ने कहा कि शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुंडा व गैंगेस्टर की कार्रवाई करें। चोरी, लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाएं। अवैध कच्ची शराब निर्माण, भंडारण, परिवहन व बिक्री पर रोक लगाएं। बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतें। प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ब्रीफ करें। सांप्रदायिक भावना भड़काने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। छोटी-छोटी घटनाओं का संज्ञान लें। इंटरनेट मीडिया पर निगरानी रखें। डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर नियमित बैठक कर सहयोग लें। वांछित, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करें।



भिनगा स्थित पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित अपराध गोष्ठी में मौजूद एसपी अरविंद कुमार मौर्य (दाएं) ● जागरण